आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| लखनऊ | 21°C | 10°C |

इनसाइड न्यूज

राष्ट्र प्रेरणा स्थल में राष्ट्र नायकों की भव्य कांस्य प्रतिमाओं का निर्माण...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



सोमवार 22 दिसंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 72 www.janexpresslive.com/epaper

'चौधरी चरण सिंह से प्रेरणा लेकर दिया... 12

# बांग्लादेशी घुसपैठिए कांग्रेस ने ही बसाए: मोदी

## उन्हें बचा भी रही, इसलिए एसआईआर का विरोध, डिब्रूगढ़ में यूरिया प्लांट का उद्घाटन किया

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। डिब्रूगढ़**

असम दौरे के दूसरे दिन पीएम नरेंद्र मोदी ने डिब्रूगढ़ में अमोनिया-यूरिया प्लांट का उद्घाटन किया, जिसकी सालाना उत्पादन क्षमता 12.7 लाख टन होगी। यह यूनिट 2030 तक चालू हो जाएगी। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पहले किसानों को खाद के लिए लाठियां खानी पड़ती थीं। जो काम कांग्रेस को उस समय करना था, उसने नहीं किया। इसलिए मुझे एक्स्ट्रा मेहनत करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को कांग्रेस ने ही बसाया है और कांग्रेस ही उन्हें बचा रही है। एसआईआर का विरोध कर रही है। तुष्टिकरण और वोट बैंक के इस कहर से हमें असम को बचाकर रखना है। मैं आपको गारंटी देता हूं कि असम की पहचान और सम्मान की रक्षा के लिए भाजपा फौलाद बनकर खड़ी है। इससे पहले पीएम ने गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी में क्रूज पर 25 बच्चों के साथ करीब 45 मिनट परीक्षा पे चर्चा भी की। मोदी ने नामरूप में ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉर्प लिमिटेड के मौजूदा परिसर में नए फर्टिलाइजर यूनिट की आधारशिला रखी।




### नई यूरिया यूनिट के बारे में जानें...

- इस परियोजना से किसानों को फायदा होगा, यूरिया आयात घटेगा, रोजगार बढ़ेगा और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।
- मार्च में कैबिनेट ने नामरूप में असम वैली फर्टिलाइज़र एंड केमिकल कंपनी लिमिटेड यूनिट को मंजूरी दी, जिसका लक्ष्य पूर्वोत्तर में यूरिया उत्पादन बढ़ाना है।
- बजट में 12.7 लाख टन क्षमता वाले नए यूरिया प्लांट की घोषणा हुई; BVFCL पूर्वी भारत का एकमात्र सरकारी यूरिया प्लांट है।
- BVFCL 2002 में बना, यह पूरी तरह केंद्र सरकार के अधीन एक सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी है।

### शहीदों को श्रद्धांजलि दी

पीएम मोदी परीक्षा पे चर्चा के बाद शहीद स्मारक पहुंचे। जहां 1985 में अवैध प्रवासियों के खिलाफ असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री ने आंदोलन के पहले शहीद खरगेश्वर तालुकदार की प्रतिमा पर माला चढ़ाई। छह साल तक चले आंदोलन के 860 शहीदों की याद में यहां एक दीया हमेशा जलता रहता है। 170 करोड़ रुपए की लागत से बने इस स्मारक में पानी के कुंड, ऑडिटोरियम, प्रेयर रूम, साइकिल ट्रैक और साउंड एंड लाइट शो जैसी सुविधाएं हैं, जो असम आंदोलन और राज्य के इतिहास के विभिन्न पहलुओं को उजागर करेगा।

### पीएम की स्पीच की 7 बड़ी बातें...

- हमारा लक्ष्य असम को उतना ही शक्तिशाली बनाना है जितना वह सदियों पहले अहोम राजवंश के समय था।
- हमारे किसानों को खाद की सप्लाई मिलती रहे। डिब्रूगढ़ का यह फर्टिलाइजर प्लांट किसानों की जरूरत को पूरा करेगा। इसमें 11 हजार करोड़ रुपए इंवेस्ट किए जाएंगे।
- जब देश के कई हिस्सों में खाद की आपूर्ति चुनौती बनी और पुरानी टेक्नोलॉजी खत्म होती गई। तो ऐसे समय में तब की कांग्रेस सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया।
- एक समय किसानों के क्या हालात थे। यूरिया के लिए किसानों को लाइनों में घंटों-घंटों तक लगना पड़ता था। यूरिया की दुकानों पर पुलिस लगानी पड़ती थी। पुलिस किसानों पर लाठी बरसाती थी। कांग्रेस ने जिन हालातों को बिगाड़ा था, हमारी सरकार उन्हें सुधारने के लिए ऐड़ी-चोटी की ताकत लगा रही है। और इन्होंने इतना बुरा किया, इतना बुरा किया कि 11 साल से मेहनत करने के बाद भी मुझे अभी बहुत कुछ करना बाकी है।
- खेती में बढ़ती तकलीफों का कांग्रेस ने हल ही नहीं निकाला। वह अपनी मस्ती में ही रही। आज हमारी सरकार उन परेशानियों को खत्म करने का काम कर रही है।
- हम यूरिया 3 हजार रुपए में लाते हैं, लेकिन अपने किसान भाईयों को 300 रुपए में देते हैं। यह सारा बोझ हम किसानों पर नहीं पड़ने देते। यह सारा बोझ सरकार उठाती है, जिससे यह बोझ किसानों पर न आए।
- इसलिए आपको भी मेरी मदद करनी होगी। हम धरती को नहीं बचाएंगे तो इस पर कितनी भी यूरिया डालें। धरती मां हमें नहीं बचाएंगी।

### किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस पर हमला

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियों ने दशकों तक किसानों की स्थिति को बदतर बनाया, जबकि उनकी सरकार किसानों को सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। पीएम ने कहा कि खाद कारखाने जैसे प्रोजेक्ट न केवल किसानों को सस्ती खाद उपलब्ध कराएंगे, बल्कि क्षेत्र में रोजगार और औद्योगिक विकास को भी बढ़ावा देंगे। कांग्रेस शासन के दौरान असम ही नहीं, बल्कि देशभर में कई यूरिया फैक्ट्रियां बंद कर दी गई थीं। इसके चलते किसानों को खाद के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता था और हालात संभालने के लिए कई बार पुलिस तक तैनात करनी पड़ती थी। पीएम मोदी ने कहा कि उस समय किसानों को इतनी परेशानी झेलनी पड़ी कि कहीं-कहीं लाठीचार्ज तक की नौबत आ जाती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने किसानों की जरूरतों को नजरअंदाज किया।

### 'भाजपा सरकार किसानों के साथ खड़ी'

पीएम मोदी ने कहा आज बीज से बाजार तक भाजपा सरकार किसानों के साथ खड़ी है। खेत के काम के लिए सीधे खाते में पैसे पहुंचाए जा रहे हैं। ताकि किसान को उधार के लिए भटकना न पड़े। अब तक पीएम किसान सम्मान निधि के तहत लगभग 4 लाख करोड़ रुपए किसानों के खाते में भेजे गए हैं। इसी साल किसानों की मदद के लिए 35 हजार करोड़ रुपए की दो नई योजनाएं शुरू की गई हैं। पीएम धन धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन इससे खेती को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने आगे कहा 'सबका साथ, सबका विकास... हमारा ये विजन, देश के गरीब वर्ग के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव लेकर आया है। पिछले 11 वर्षों में हमारे प्रयासों से 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। देश में एक नया मध्यम वर्ग तैयार हुआ है।

### अवैध घुसपैठियों को कांग्रेस ने बसाया: पीएम

पीएम मोदी ने कहा अवैध घुसपैठियों को कांग्रेस ने ही बसाया और कांग्रेस ही उन्हें बचा रही है। इसलिए कांग्रेस पार्टी वोटर लिस्ट के शुद्धिकरण का विरोध कर रही है। मैं आपको गारंटी देता हूं कि असम की पहचान और असम की सम्मान की रक्षा के लिए भाजपा फौलाद बनकर पके साथ खड़ी है। तुष्टिकरण और वोटबैंक की इस कांग्रेसी जहर से हमें असम को बचाकर रखना है।

### असम विकास के नए युग में प्रवेश कर रहा है: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने इस आधुनिक उर्वरक संयंत्र के लिए देशभर के किसानों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में उद्योग और कनेक्टिविटी साथ-साथ आगे बढ़ रहे हैं, जिससे असम के सपनों को पंख मिल रहे हैं और युवाओं में नए अवसरों की उम्मीद जगी है। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में किसानों की भूमिका सबसे अहम है। इसी सोच के साथ सरकार किसानों के हितों को प्राथमिकता देकर लगातार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि करीब 11 हजार करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह संयंत्र हर साल 12 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का उत्पादन करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस फैक्ट्री के शुरू होने से उर्वरकों की आपूर्ति और आसान होगी और लॉजिस्टिक लागत भी काफी कम होगी, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।

## योगी आदित्यनाथ ने लघु व सीमांत किसानों को दिया बड़ा तोहफा

# अब सिर्फ छह फीसदी ब्याज पर मिलेगा लोन

### मुख्यमंत्री ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया युवा सहकार सम्मेलन एवं यूपी को-ऑपरेटिव एक्सपो-2025 का शुभारंभ




**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जूपिटर हॉल में युवा सहकार सम्मेलन एवं यूपी को-ऑपरेटिव एक्सपो-2025 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लघु व सीमांत किसानों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अंदर यूपी सहकारी ग्राम विकास बैंक का रेट ऑफ इंटरेस्ट लगभग साढ़े 11 फीसदी है। किसानों को इसका काफी ब्याज देना होता है। सरकार इसे कम करने की दिशा में बढ़ रही है। लघु व सीमांत किसान को यह लोन अब महज 6 फीसदी पर मिले। प्रदेश में मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के अंतर्गत छह प्रतिशत पर लोन एलडीबी के माध्यम से उपलब्ध कराएंगे। शेष योगदान राज्य सरकार की ओर से किया जाएगा।

### सहकारिता आंदोलन के भविष्य का शिल्पी है युवा

सीएम योगी ने कहा कि हमारा युवा सहकारिता आंदोलन के भविष्य का शिल्पी है। युवा सहकार सम्मेलन प्रदेश की समृद्धि में मील का पत्थर साबित होगा। पीएम ने भारत सरकार के माध्यम से 'सहकार से समृद्धि' व 'सहकार से आत्मनिर्भरता' का विजन दिया है कि 2047 में विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में सहकारिता आंदोलन को उतनी ही मजबूती से आगे बढ़ाना पड़ेगा। सीएम ने युवाओं से अपील की कि सहकारिता के शिल्पकार बनने की दिशा में प्रशिक्षण लें।

### अब तक 70 करोड़ रुपये से 980 एम पैक्स के सुदृढ़ीकरण का कार्य हुआ है

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में भंडारण, ऊर्जा व इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी को-ऑपरेटिव क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन देखने को मिला है। भारत सरकार की योजनाओं के माध्यम से कोठवा पांडेय एम पैक्स ने 1500 मीट्रिक टन क्षमता का सबसे बड़ा गोदाम बनाया है। 2025-26 में 24 नए पैक्स के द्वारा भी ऐसे स्टोरेज बनाने की कार्रवाई बढ़ रही है। 502 एम पैक्स में सोलर रूफटॉप पैनल स्थापित करने का कार्य पूर्ण किया गया है। जितने भी जर्जर व पुराने वेयरहाउस थे, उनकी मरम्मत के लिए प्रत्येक एम पैक्स को 10 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी गई। अब तक 70 करोड़ रुपये से 980 एम पैक्स के सुदृढ़ीकरण का कार्य हुआ है। 2025-26 में 30 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान इसमें किया गया है। उन्नयन के लिए 800 से अधिक नवगठित एमपैक्स को सरकार द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। एक लाख रुपये की मार्जिन मनी के साथ आधारभूत संरचना आदि कार्य को भी तेजी से बढ़ाया गया।

### सीएम योगी ने यूपी में हुए कार्यों को गिनाया

सीएम योगी ने कहा कि सहकारिता वर्ष 2025 पर यूपी में पहली बार बड़े पैमाने पर कार्य हुए। 26 जनवरी को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष का शुभारंभ किया गया। रन फॉर कॉरपोरेशन में हजारों लोगों ने सहभागिता की। 21 मार्च 2025 को यूपी स्टेट को-ऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा एजीएम का आयोजन किया गया, इसमें स्टेक होल्डर्स को 76 करोड़ रुपये का ऑनलाइन लाभांश वितरित किया गया। छह जुलाई 2025 को केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के चौथे स्थापना दिवस पर 266 ड्रोन दीदियों को भी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। 12 सितंबर से 30 नवंबर तक एम पैक्स सदस्यता का महाभियान प्रारंभ हुआ। इसमें 24 लाख नए सदस्यों के माध्यम से 43 करोड़ का शेयर कैपिटल भी प्राप्त हुआ। प्रदेश में पहली बार सितंबर 2023 में एमपैक्स सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। 30 लाख नए सदस्य बने और 70 करोड़ का शेयर कैपिटल प्राप्त हुआ था। आज जिला सहकारी बैंकों में दो लाख से अधिक बैंक अकाउंट और 550 करोड़ का डिपॉजिट है।

### किसानों की समृद्धि मे योगदान दे रहे को-ऑपरेटिव बैंक

सीएम योगी ने 2017 से पहले डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक की दुर्दशा का जिक्र करते हुए बताया कि 16 बैंक डिफॉल्टर घोषित हो गए थे। रिजर्व बैंक ने उनके लाइसेंस जब्त कर लिए थे, लेकिन अब यूपी के को-ऑपरेटिव बैंक डिफॉल्टर और बीमार नहीं हैं, बल्कि स्वयं स्वस्थ हैं और को-ऑपरेटिव से जुड़े सदस्यों के साथ ही किसान की समृद्धि में भी योगदान दे रहे हैं। शासन की अनेक योजनाओं को बढ़ाने का कार्य भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार ने एम पैक्स को 10 लाख रुपये तक ब्याज मुक्त ऋण की सीमा दी है। इसे बढ़ाकर 15 लाख रुपये करने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे, लेकिन उससे पहले मैनपॉवर की कमी पूरा करेंगे। सीएम ने बताया कि 6760 एमपैक्स को उर्वरक व्यवसाय के लिए 10 लाख रुपये ब्याज मुक्त ऋण स्वीकृत किया गया है। इससे निरंतर उर्वरक आपूर्ति सुनिश्चित हुई है। हम लोगों ने प्रयास किया है कि प्रदेश में जितना भी फर्टिलाइजर, पेस्टिसाइड, केमिकल का वितरण होता है, उसका आधा को-ऑपरेटिव से जुड़े एम पैक्स, साधन सहकारी समितियों के माध्यम से वितरित हो, लेकिन इसके लिए मैनपॉवर को पूरा करना पड़ेगा। प्रत्येक में यह व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे तो किसान जुड़ेगा और सदस्य संख्या बढ़ेगी। एम पैक्स द्वारा 6400 करोड़ का व्यवसाय किया गया और 191 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया गया। 161 एम पैक्स ने जनऔषधि केंद्र के रूप में जेनरिक दवा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है।

### पीएम मोदी की प्रेरणा से सहकारिता के सुदृढ़ीकरण की दिशा में बढ़ाए गए अनेक कदम

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार ने पहली बार सहकारिता का नया मंत्रालय गठित किया। पहले यह कृषि मंत्रालय के अधीन छोटा आयाम हुआ करता था। पहले सहकारिता मंत्री के रूप में अमित शाह जी सहकारिता आंदोलन को नई ऊंचाई प्रदान कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है। पीएम मोदी की प्रेरणा से हम लोगों ने सहकारिता के सुदृढ़ीकरण की दिशा में अनेक कदम उठाए हैं। सहकारिता आपसी विश्वास, सामाजिक समता और आत्मनिर्भरता की गारंटी भी है। दुनिया की एक चौथाई सहकारी समितियां भारत में हैं। इनमें 8.44 लाख से अधिक समितियां, 30 करोड़ से अधिक सदस्य पूरे अभियान में सामूहिक शक्ति के रूप में योगदान देने के लिए तत्पर हैं।

# अरावली बचेगी तो ही दिल्ली-एनसीआर बचेगा: अखिलेश यादव

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दिल्लीवासियों को अरावली पहाड़ियों को बचाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अरावली को बचाना कोई विकल्प नहीं बल्कि संकल्प होना चाहिए। एक्स पर लिखे गए एक लंबे संदेश में उन्होंने कहा कि बची रहे जो 'अरावली' तो दिल्ली रहे हरीभरी! उन्होंने कहा कि अरावली को बचाना कोई विकल्प नहीं है बल्कि ये तो संकल्प होना चाहिए। मत भूलिए कि अरावली बचेगी तो ही एनसीआर बचेगा। अरावली को बचाना अपरिहार्य है क्योंकि यह दिल्ली और एनसीआर के लिए एक प्राकृतिक सुरक्षा कवच है या कहें क़ुदरती ढाल है। अरावली ही दिल्ली के ओझल हो चुके तारों को फिर से दिखा सकती है, पर्यावरण को बचा सकती है। अरावली पर्वतमाला ही दिल्ली के वायु प्रदूषण को कम करती है और बारिश-पानी में अहम भूमिका निभाती है। अरावली से ही एनसीआर की जैव विविधता बची हुई है। जो वेटलैंड गायब होते चले जा रहे हैं, उन्हें यही बचा सकती है। गुम हो रहे परिंदों को वापस बुला सकती है। अरावली से ही एनसीआर का तापमान नियंत्रित होता है। इसके अलावा अरावली से एक भावात्मक लगाव भी है जो दिल्ली की सांस्कृतिक-ऐतिहासिक धरोहर का हिस्सा है।अरावली को बचाना, दिल्ली के भविष्य को बचाना है, नहीं तो एक-एक साँस लेने के लिए संघर्ष कर रहे दिल्लीवासी स्मॉग जैसे जानलेवा हालात से कभी बाहर नहीं आ पाएंगे। आज एनसीआर के बुजुर्ग, बीमार और बच्चों पर प्रदूषण का सबसे ख़राब और ख़तरनाक असर पड़ रहा है। यहाँ के विश्व प्रसिद्ध हॉस्पिटल और मेडिकल सर्विस सेक्टर तक बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जो लोग बीमारी ठीक करने दिल्ली आते थे, वो अब और बीमार होने नहीं आ रहे हैं। यही हाल रहा तो उत्तर भारत के सबसे बड़े बाज़ार और आर्थिक केंद्र के रूप में भी दिल्ली अपनी अहमियत खो देगी। विदेशी तो छोड़िए, देश के पर्यटक भी यहाँ नहीं आएंगे। न ही दिल्ली में कोई बड़ा इवेंट आयोजित होगा। न ही कोई राजनीतिक, शैक्षिक, अकादमिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक सम्मेलन आयोजित होगा।



### ये संदेश सोशल मीडिया पर हो रहा काफी वायरल

अरावली को बचाना मतलब ख़ुद को बचाना है। अगर अरावली का विनाश नहीं रोका गया तो भाजपा की अवैध खनन को वैध बनाने की साजिश और ज़मीन की बेइंतहा भूख देश की राजधानी को दुनिया की 'प्रदूषण राजधानी' बना देगी और लोग दिल्ली छोड़ने को बाध्य हो जाएंगे। इसीलिए आइए हम सब मिलकर अरावली बचाएं और भाजपा की गंदी राजनीति को जनता और जनमत की ताक़त से हराएं! उनका ये संदेश सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

## धामी ने सात दिवसीय महाकौथिग में लिया हिस्सा, बोले

# प्रवासी उत्तराखंडी राज्य के वास्तविक ब्रांड एंबेसेडर

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य से बाहर रहते हुए भी प्रवासी उत्तराखंडी अपनी लोक संस्कृति, विरासत और परंपराओं को जीवंत बनाए रखे हुए हैं, जो अत्यंत गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि पर्वतीय सांस्कृतिक संस्था से जुड़े प्रवासी उत्तराखंडवासी वास्तव में राज्य के ब्रांड एंबेसडर हैं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर स्थित नोएडा स्टेडियम में पर्वतीय सांस्कृतिक संस्था द्वारा आयोजित सात दिवसीय महाकौथिग में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि महाकौथिग केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि उत्तराखंड की आत्मा को सजीव रूप में प्रस्तुत करने वाला मंच है, जो हमारी संस्कृति और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन लोक कला, पारंपरिक वेशभूषा, हस्तशिल्प, जैविक उत्पादों और पहाड़ी उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बद्री गाय के शुद्ध घी, मिलेट्स, जैविक एवं पारंपरिक उत्पादों को इस मंच के माध्यम से



बेहतर बाजार और सम्मान प्राप्त हो रहा है। राज्य की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों की आय वृद्धि के क्षेत्र में उत्तराखंड ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जबकि मत्स्य विकास में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार मिला है। उन्होंने कहा कि नीति आयोग की एसडीजी इंडेक्स रिपोर्ट में सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में उत्तराखंड प्रथम स्थान पर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए अनेक परियोजनाओं पर तेजी से कार्य हो रहा है। इनमें दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे, भारतमाला, पर्वतमाला, अमृत योजना, आल वेदर रोड, उड़ान योजना और ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल परियोजना प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि महाकौथिग जैसे आयोजन सांस्कृतिक संरक्षण के साथ ही प्रवासी उत्तराखंडवासियों को एकता के सूत्र में बांधते हैं। कार्यक्रम में नोएडा सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डा महेश शर्मा, पर्वतीय सांस्कृतिक संस्था की संस्थापक कल्पना चौहान, चेयरमैन आदित्य घिल्डियाल, अध्यक्ष हरीश असवाल व मुख्य संयोजक राजेंद्र चौहान सहित बड़ी संख्या में प्रवासी उपस्थित थे।

### धामी ने सात दिवसीय महाकौथिग में भाग लिया

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नोएडा में आयोजित सात दिवसीय महाकौथिग में भाग लिया। उन्होंने कहा कि प्रवासी उत्तराखंडी अपनी संस्कृति को जीवित रखे हुए हैं और राज्य के ब्रांड एंबेसडर हैं। महाकौथिग उत्तराखंड की संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का मंच है। यह आयोजन पहाड़ी उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने में मदद कर रहा है। उत्तराखंड ने किसानों की आय वृद्धि में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

## यूपी में पंचायत चुनाव: मंगलवार को जारी होगी पुनरीक्षण सूची

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

पंचायत चुनाव की मतदाता पुनरीक्षण सूची 23 दिसंबर को प्रकाशित की जाएगी। मतदाता 30 दिसंबर तक इस पर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकेंगे। प्रत्येक आपत्ति को निस्तारित करने के बाद छह फरवरी को अंतिम सूची जारी की जाएगी। इसके बाद सूची में कोई फेरबदल नहीं किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने बीते सप्ताह मतदाता सूची के पुनरीक्षण के आंकड़े जारी किए थे। पुनरीक्षण के दौरान 1.81 करोड़ नए मतदाता जोड़े गए हैं। 1.41 करोड़ मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। इस तरह पिछले चुनाव की तुलना में इस बार 40.19 लाख मतदाता बढ़े हैं। जिन मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं उनमें मृत, विस्थापित व डुप्लीकेट मतदाता हैं। आयोग के मुताबिक नई सूची मंगलवार को ऑनलाइन जारी कर दी जाएगी। अफसरों ने बताया कि अगर किसी मतदाता को लगता है कि वह योग्य है फिर भी नाम कट गया है या फिर किसी को कुछ अपडेट करवाना है तो उनको आपत्ति दर्ज करवानी होगी। इसके लिए उन्हें 30 दिसंबर तक समय दिया जाएगा। इसके लिए वह संबंधित बीएलओ या फिर अन्य प्रशासनिक व चुनाव संबंधी अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।


## बिना बैंड बाजा बारात और युवक युवती ने मॉल में भीड़ के सामने किया विवाह

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

आजकल के युवाओं में क्रेज और सोशल मीडिया में वायरल होने के लिए क्या क्या नहीं जतन कर रहे हैं। इसी क्रम में गाजियाबाद के मॉल में भरी भीड़ के सामने प्रेमी ने अपने प्रेमिका को पहले विवाह का प्रस्ताव दिया और फिर वही मांग में सिंदूर भरकर विवाह कर लिया। मॉल प्रबंधन की सुरक्षा व्यवस्था और अभिभावक के रूप उपस्थिति वयोवृद्ध चुप चाप यह नाटक देखते रहे। इश्क यकीनन खूबसूरत होता है लेकिन उससे भी ज्यादा हसीन होता है। किसी आशिक का अपनी माशूका से प्रेम का इजहार करना । ये लम्हा ऐसा होता है जिसे हर इंसान अपनी जिंदगी में हमेशा के लिए सजो कर रखना चाहता है। गाजियाबाद के एक मॉल में युवक द्वारा किया गया यह कार्य पूरे सोशल मीडिया में छा गया है।

### मॉल प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर खड़ा हुआ सवाल

युवक युवतियों में बढ़ते प्रेम विवाह के क्रेज और सोशल मीडिया की बढ़ती ताकत के कारण युवाओं में हर चीज़ को सोशल मीडिया से जोड़ दिया है। जिसके फायदे के साथ नुकसान भी हो रहा है । सामाजिक और पारिवारिक परिस्थिति से अंजान



बने कुछ लोग भले आज वायरल वीडियो को आनंद के रूप में लेकर शेयर कर रहे हैं लेकिन युवती के परिजन और युवक के माता पिता के बारे में शायद किसी को भान होगा । मॉल प्रबंधन की सुरक्षा व्यवस्था की ध्वस्तता का उदाहरण है ऐसे कृत्य जो वायरल घटना के बाद पर चुप्पी साधे खड़ा है। स्थानीय पुलिस की भूमिका पर भी सवालिया निशान खड़े होते हैं क्या ऐसे कृत्य कोई पैमाना नहीं बन रहे जब कोई भी ऐसे कृत्य करके नई परिपाटी शुरू करे । सोशल मीडिया के जमाने में ऐसे घटनाओं पर सख्त कार्यवाही करने की आवश्यकता है। जिससे सामाजिक सद्भाव के साथ साथ शासन की पुलिस सुरक्षा का भी एहसास बना रहे । माता पिता घर में और बच्चे भरे बाज़ार विवाह कर रहे। ऐसे कृत्यों पर भी अब सवाल प्रशासन के साथ साथ सुरक्षा एजेंसियों को देना पड़ेगा ।

# आयोजित हुआ दो दिवसीय ग्रामीण खेल लीग 'विधायक खेल स्पर्धा'

जन एक्सप्रेस । बांदा



युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग जनपद के तत्वाधान में विवेकानंद इंटर कालेज, नरैनी में आयोजित दो दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा विधानसभा नरैनी का रविवार को सफल समापन हुआ। प्रतियोगिता में नरैनी विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों एवं ग्राम पंचायतों के सैकड़ों खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।
समापन कार्यक्रम में प्रमोद कुमार सिंह खंड विकास अधिकारी नरैनी, अनिल कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत नरैनी, जितेंद्र कुमार प्रजापति, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नरैनी, सर्वेश कुमार प्रधानाचार्य विवेकानंद इंटर कालेज आदि उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता और प्रतिभागी खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाणपत्रों द्वारा सम्मानित करते हुए कहा कि ग्रामीण खेल लीग युवा प्रतिभाओं को निखारने का एक महत्वपूर्ण मंच सिद्ध हो रही है। सब जूनियर पुरुष वर्ग में डिस्कस में तथागत विद्यालय के राजीव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।100 मीटर दौड़ में ग्राम पंचायत तुर्रा के अमित कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर बालिका वर्ग में बैडमिंटन में विवेकानंद इंटर कॉलेज की लक्ष्मी प्रथम स्थान पर रही। 800 मीटर दौड़ में लोधीनपुरवा की अनीता प्रथम स्थान पर रही। जूनियर पुरुष वर्ग में 100 मीटर दौड़ में मयंक सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डिस्कस में तथागत विद्यालय के विष्णु प्रताप सिंह प्रथम स्थान पर रहे।जूनियर महिला वर्ग में 100 मीटर दौड़ में आरती यादव प्रथम स्थान पर रही। 200 मीटर दौड़ में अजली प्रथम स्थान पर रही। सिनियर वर्ग में बरहा माफी के अनुज सिंह ने 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शाटपुट में अतर्रा के हर्ष बाजपेई ने शाटपुट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल एवं टीम स्पर्धा में तीनों वर्गों सब जूनियर, जूनियर एवं सिनियर वर्ग की पुरुष एवं महिला विजेता खिलाड़ियों को एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कब्बड्डी, कुश्ती आदि विधाओं में पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में निर्णायक दल/ शारीरिक शिक्षक रामकुमार सिंह यादव, रमेश कुमार, श्रीनिवास गर्ग, धनेश्वर प्रसाद, उमाशंकर राजपूत, राजेंद्र कुमार सिंह, उदयवीर सिंह, दिलीप सिंह, मनोज कुमार सिंह, रविन्द्र बाबू, सुरेन्द्र कुमार आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जितेंद्र कुमार प्रजापति क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विकास खण्ड नरैनी ने बताया कि विधायक खेल स्पर्धा नरैनी में प्रथम स्थान पर आए विजयी खिलाड़ी अब विधायक खेल स्पर्धा में प्रतिभाग करेंगे।

# पांच दर्जन अखिल विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता प्रांतीय अधिवेशन के लिए हुए रवाना

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



उरई के राजकीय मेडिकल कॉलिज में 22 से 24 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कानपुर प्रांत के 65वें प्रांतीय अधिवेशन में सहभागिता के लिए जनपद से 60 अभाविप कार्यकर्ताओं को राष्ट्र के प्रति प्रेरित करते हुए मिठाई खिलाकर एवं शुभकामनाएं प्रेषित कर रवाना किया गया।
प्रांतीय अधिवेशन के लिए रवाना किए गए अभाविप कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम का आयोजन कर राष्ट्र निर्माण, छात्रहित, शिक्षा एवं संगठनात्मक दायित्वों के प्रति प्रेरित किया। इस दौरान पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ छात्र जीवन को समाज और राष्ट्र सेवा से जोड़ने का कार्य करती है। बताया कि प्रांतीय अधिवेशन जैसे आयोजन कार्यकर्ताओं को वैचारिक स्पष्टता एवं नेतृत्व क्षमता प्रदान करते हैं। पूर्व जिला प्रमुख डॉ. सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में संगठन से जुड़कर कार्य करना अनुशासन, समर्पण एवं सेवा भाव को विकसित करता है। अभाविप के कार्यकर्ता निरंतर राष्ट्र निर्माण की दिशा में कार्य कर रहे हैं। पूर्व विभाग संयोजक अभाविप श्रीकांत पांडेय ने कहा कि प्रांतीय अधिवेशन कार्यकर्ताओं के लिए अनुभव साझा करने, संगठनात्मक समझ बढ़ाने एवं आगामी कार्ययोजनाओं को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण मंच है। ऐसे आयोजनों से संगठन और अधिक मजबूत होता है। कार्यकर्ताओं ने उत्साह व अनुशासन के साथ प्रांतीय अधिवेशन में सहभागिता कर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व प्रचारक संतोष मिश्रा, पूर्व जिला महामंत्री भाजयुमो मोहित मिश्रा, विवेक केसरवानी, अमित मिश्रा (विहिप), नगर अध्यक्ष डॉ. संध्या पांडेय, जिला संगठन मंत्री संकल्प कुशवाहा, जिला संयोजक तेज प्रकाश चतुर्वेदी, प्रांत कार्यसमिति सदस्य कमल राष्ट्रवादी, प्रांत एस.एफ.एस. सह संयोजक रोहित पांडेय, जिला अधिवेशन प्रमुख प्रशांत त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# मनरेगा से बापू का नाम हटाने से उजागर हुई भाजपा की मानसिकता: विजयमणि

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने के विरोध में जिला कौंग्रेस समिति के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने रविवार को पार्टी जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल के नेतृत्व में जिला मुख्यालय में जुलूस निकाला तथा विरोध प्रदर्शन किया।
कौंग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि यह कानून कौंग्रेस पार्टी ने गरीब मजदूर के लिए लागू किया था ताकि सभी को रोजगार मिल सके। जिस प्रकार भाजपा द्वारा इस अधिनियम से महात्मा गांधी का नाम हटाया गया है, उसके विरोध में कौंग्रेस के कार्यकर्ता सदन से सड़क तक संघर्ष करेंगे। पूर्व प्रत्याशी रंजना बराती लाल पांडेय ने कहा कि देश में भाजपा सरकार के तानाशाही रवैये के विरुद्ध कांग्रेस पार्टी लगातार हमेशा संघर्ष करती रहेगी। जिला महासचिव विजयमणि त्रिपाठी ने कहा जिस इस कानून से महात्मा गांधी के नाम को हटाने के प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा क्योंकि महात्मा गांधी ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।
वरिष्ठ कांग्रेसी गज्जू प्रसाद फौजी ने कहा कि यह भाजपा सरकार आम लोगों के अधिकार छीन रही है, इस लड़ाई को कांग्रेस जन गांव-गांव तक ले जाने का काम करेंगे। राम कृपाल वर्मा ने कहा कि केंद्र की वर्तमान सरकार गरीबों, मजदूरों एवं बेरोजगारों का हक छीनना चाहती है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, शिव गुलाम वर्मा, जिला महासचिव कामता प्रसाद द्विवेदी, सत्येंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, रावेंद्र सिंह, जग जाहिर पटेल, मनधीर सिंह, भोला नामदेव, ओम प्रकाश गुप्ता, रामनरेश सिंह, गरीबदास वर्मा, अगनू वर्मा, देवनारायण साहू, बाबूलाल वर्मा, काशी प्रसाद, हरिश्चंद्र वर्मा सिपाही लाल वर्मा, बोडी लाल वर्मा, कल्याण सिंह पटेल, राम नरेश सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

# नौकरी के नाम पर युवक को ठगने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को शिवरामपुर चैकी पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। शिवरामपुर चैकी प्रभारी सनी चतुर्वेदी ने बताया कि कर्वी कोतवाली क्षेत्र के चकला गुरुबाबा निवासी प्रभाकर प्रसाद पुत्र विनय कुमार ने बीती छह नवंबर को सूचना दी कि शिवरामपुर निवासी राजकुमार उर्फ दीपक पटेल ने उसे वन्दे भारत एक्सप्रेस में सुपरवाइजर के पद पर लखनऊ में नौकरी लगवाने की बात कही।
बताया कि नौकरी के नाम पर 58,750 रुपये सिक्योरिटी के रूप में जमा करना पड़ेगा, जिसके बदल में लैपटॉप, जूते, ड्रेस व सिम कार्ड मिलेगा। जिसके विश्वास में आकर वह बीती 26 अक्टूबर 2025 की रात राजकुमार उर्फ दीपक पटेल के साथ चित्रकूट एक्सप्रेस से लखनऊ चला गया। यहां वह उसे नौकरी दिलाने का झांसा देकर बीती 27 अक्टूबर 2025 को डीआरएम लखनऊ लिवा गया। डीआरएम विभाग के अध्यक्ष न होने की बात बोलकर वापस लिवा आया और मेडिकल कराने की बात कहकर उसे रेलवे मण्डल चिकित्सालय लखनऊ लिवा गया। यहां भी मैडम के न आने की बात कहते हुए राजकुमार ने उससे 28,000 रुपये फोन-पे के माध्यम से ले लिए। इसके बाद उसे दयाल होटल लखनऊ ले गया। यहां राजकुमार उर्फ दीपक पटेल ने उसे कोल्ड्रिंक पिलाया, जिसे पीकर वह बेहोश हो गया। होश आने पर देखा कि उसके बैग में रखे 50,000 रुपये, मोबाइल फोन व घड़ी को राजकुमार निकालकर ले गया। जिसकी सूचना उसने होटल के मैनेजर के मोबाइल से अपने भाई आलोक को दी। इसके बाद वह वापस कर्वी आने पर इस सम्बन्ध में कोतवाली कर्वी में मामला पंजीकृत कराया। थाने में अभियोग पंजीकृत कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगाया गया, जिसके क्रम में रविवार को शिवरामपुर तिराहा से आरोपी राजकुमार उर्फ दीपक पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया।

# रोटी बैंक टीम ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल व कपड़े

जन एक्सप्रेस । बांदा

प्रत्येक रविवार की तरह इस रविवार को भी जनपद रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख़ सादी जमा और जनपद रोटी बैंक सोसाइटी के सहसंरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज के संरक्षण में जनपद रोटी बैंक सोसाइटी के अध्यक्ष रिज़वान अली की अध्यक्षता में जनपद रोटी बैंक सोसाइटी के संगठन मंत्री सुनील सक्सेना के नेतृत्व में,पूर्व ग्राम प्रधान ग्राम हरदौली मोहम्मद शादाब की उपस्थिति में, समाजसेवी ग्राम हरदौली सैफुल्लाह 200 कम्बल के विशेष सहयोग से जनपद व शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों के द्वारा दान में दिए गए कम्बल,कपड़े,जूते चप्पल आदि का वितरण ग्राम हरदौली ब्लॉक बबेरू तहसील बबेरू व जनपद के जरूरतमंद ग्रामीणों को किया गया तथा साथ ही ग्रामीणों को सर्पदंश, स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जनपद रोटी बैंक सोसाइटी की टीम की महिला महामंत्री रिया खान और उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम के द्वारा जागरूक किया गया। समाजसेवी सैफ़ उल्लाह ने सभी का आभार व्यक्त किया।उक्त कम्बल, कपड़े आदि पाकर ग्रामवासियों में अपार खुशी दिखाई दी सभी लोगों को दुआओं और आशीर्वाद से नवाजा उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डा. अजय कुमार ए0सी0एम0ओ0 विशिष्ट अतिथि डा. मक़सूद नेत्र विशेषज्ञ, डा0 अनस दन्त रोग विशेषज्ञ, जनपद रोटी बैंक से कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम,उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम,

## पादमूल शक्ति विकासक क्रिया से मजबूत होते है पैर, पंजे और एड़ियां- योगाचार्य

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के कुबेर गंज कर्वी निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने पैरों, पंजों और एड़ियों के दर्द से मुक्ति पाने के लिए पाद मूलशक्ति विकासक योग क्रिया का अभ्यास कराया। बताया कि इसके अभ्यास से पैरों के दर्द मिटने के साथ ही पंजे और एड़ियां मजबूत, लचक, सुंदर, सुडौल और पुष्ट बनती है। बताया कि इस योग क्रिया से नियमित अभ्यास से चलना, दौड़ना, कूदना व बैठना आसान होता है। साथ ही थकान व पैरों की मोच से भी बच सकेंगे। यह योग क्रिया खिलाड़ियों के लिए बहुत ही उपयोगी है। बताया कि यदि अधिक वजन के कारण पैरों में होने वाले दर्द से राहत के लिए वजन घटाने वाले योगासन, प्राणायाम एवं संतुलित आहार-विहार अपनाना लाभकारी सिद्ध होगा। बताया कि इस योग को दो भागों में करते हैं। पहले भाग में इसे करने के लिए साम्यावस्था में सीधे खड़े होते हैं तथा श्वास लेते हुए एड़ियां को उठाकर पंजों पर खड़े होते हैं। इसके बाद श्वास छोड़ते हुए एड़ियां जमीन पर रखते है। इस क्रिया को लगातार 10 से 15 बार धीरे-धीरे करें। इसके दूसरे भाग में साम्यावस्था में ही सामान्य श्वास के साथ 10 से 15 बार ऊपर नीचे कूदते हैं। इसके बाद शिथिल ताड़ासन में पंजों में हुए सकारात्मक परिवर्तनों का अनुभव करते हुए आंख बंद करके विश्राम करते हैं। सावधानी के तौर पर पंजों में चोट या मोच की दशा में इसे नहीं करना चाहिए।

## अवैध शराब के साथ गिरफ्तार

**चित्रकूट।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पहाड़ी के उपनिरीक्षक सुभाषराम व आरक्षी कुमार निर्मल द्वारा आरोपी निवासी ग्राम अरवारा थाना रैपुरा को 18 क्वार्टर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना भरतकूप में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# मुख्य चिकित्साधिकारी ने मानिकपुर अस्पताल का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानिकपुर का औचक निरीक्षण किया। यहां सीएमओ ने जननी सुरक्षा वार्ड सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण कर चिकित्सीय व सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।
निरीक्षण के दौरान अधीक्षक सभी पैरामेडिकल स्टाफ सहित चिकित्सालय में उपस्थित पाये गये। पाया कि चिकित्सको द्वारा कुल 152 मरीजों को ओपीडी के माध्यम से चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया। जननी सुरक्षा वार्ड के निरीक्षण के दौरान 15 महिलाएं भर्ती पाई गई। केन्द्र में साफ-सफाई एवं पीने के पानी आदि की व्यवस्था नहीं पाए जाने पर चिकित्सालय अधीक्षक को सचेत करे हुए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। कहा कि सर्दी के दृष्टिगत मरीजों के वार्डों में हीटर, कम्बल आदि की व्यवस्था कराएं। साथ ही उनके परिजनों को भी चिकित्सायल परिसर में रूकने के लिए व्यवस्था कराने के निर्देश दिए ताकि सर्दी के कारण किसी भी मरीज एवं उसके साथ आयें हुए तीमारदारों को परेशानी न हो। उन्होंने वार्ड में लगी खिडकियों के टूटे कांच की मरम्मत, बेड में साफ गद्दे एव चादर लगाने तथा चिकित्सालय में बेकार पड़ी हुई निश्प्रयोज्य सामग्री की नीलामी के लिए निर्देशित किया। निर्देशित किया कि चिकित्सालय में आये हुए मरीजो को बिना किसी भी वजह रिफर नहीं किया जाये तथा सही चिकित्सीय परामर्श प्रदान करते हुए समुचित उपचार प्रदान करे। टीका उत्सव की जानकारी लेते हुए कहा कि टीकाकरण की समस्त गतिविधियां यू-विन पोर्टल के माध्यम से संचालित कराएं। साथ ही पूर्व में पंजीकृत सभी बच्चों का टीकाकरण करने तथा अंपजीकृत बच्चों को पंजीकृत करते हुए टीकाकरण करने को कहा। कहा कि सीएचसी में आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य शत-प्रतिशत कराए।
इस दौरान सीएमओ ने आगामी 27 दिसम्बर से 26 जनवरी 2026 तक संचालित होने वाले विटामिन-ए सम्पूर्ण अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि अभियान के अन्तर्गत बच्चों को विटामिन-ए की खुराक लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत पिलाए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित समस्त कार्यक्रमों से जनमानस को अवगत कराए ताकि ज्यादा से ज्यादा पात्रों को स्वास्थ्य सुविधाओं को लाभ मिल सके।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने सरकारी धान खरीद केंद्र का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । बाँदा



बबेरू मंडी समिति में किसानों को मिलने वाली सुविधाएं न दिए जाने की शिकायत पर भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने सरकारी धान खरीद केंद्र का औचक निरीक्षण किया और अधिकारियों को फटकार लगाई।
जिलाध्यक्ष अपनी टीम के साथ अचानक मंडी समिति पहुंचे जहाँ ग्रामीण क्षेत्रों से आये किसानों के लिए ठण्ड से बचाव के लिए न अलाव की कोई व्यवस्था थी और न ही रुकने का इंतजाम था। इसी प्रकार उनके जलपान की भी कोई व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गई थी उन्होंने मंडी समिति के सचिव व जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बुलाकर कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल किसानों को सभी सुबिधाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि दुबारा शिकायत मिलती है तो उच्चाधिकारियों से कार्यवाही करवाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान भाजपा के विधानसभा प्रत्याशी रहे अजय सिंह पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विजयपाल सिंह व सुखदेव वर्मा, मण्डल अध्यक्ष सौरभ शिवहरे, श्यामजी मिश्रा, राजा दीक्षित, रामप्रकाश साहू, संतोष यादव, रामजी शुक्ला,अंकित शिवहरे सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री की प्रेरणा से चन्द्रावल नदी के पुनरोद्धार का किया जा रहा है काम

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर



जलोदय जल अभियान के तहत चन्द्रावल नदी के पुनरोद्धार काम को ग्राम भवानी, छिरका, नरायच, टोलामाफ सहित पढ़ौरी में जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने अधिकारियों की टीम के साथ निरीक्षण कर कार्य के हालात का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा से जिले में चंद्रावल नदी के पुनरोद्धार का काम किया जा रहा है। जिले की इस जीवनदायिनी नदी के पुनरोद्धार काम से यहां के लोगों के साथ ही आने वाली पीढ़ियों को काफी फायदा मिलेगा। यह ऐतिहासिक नदी हमीरपुर में 68 किलोमीटर का सफर तय करती है, जिसमें पुनरोद्धार काम के लिये 19 पैच की पहचान की गई है। जबकि हर पैच का जरुरी काम कराने के मकसद से अधिकारियों, कर्मचारियों की तैनाती की गई है, ताकि ये पुनीत काम ठीक से पूरा हो सके। जिलाधिकारी ने बताया कि नदी पुनरोद्धार का पूरा काम आम लोगों की मदद और हिस्सेदारी से कराया जा रहा है। इस काम में कोई भी सरकारी पैसे का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। इस पूरे काम से 22 ग्राम पंचायतों के आम लोगों को फायदा मिलेगा।इस क्षेत्र का जल स्तर बढने के साथ ही हर साल बारिश के वक्त बाढ़ से होने वाला खेतों का कटान भी रुकेगी। जबकि नदी से जो सिल्ट हटाई जा रही है, उस पर नदी के दोनों तरफ सघन वृक्षारोपण का कार्य किया जाएगा। इस दौरान जिला प्रशासन की तरफ से किये जा रहे इस पुनीत कार्य की ग्राम वासियों ने खुशी जाहिर की। इस मौके पर जिलाधिकारी ने हर गौशाला में नियमित रूप से अलाव जलाने के साथ ही गौवंशों को भूसा और चारा दिलाये जाने के निर्देश दिये। हर जगह शेड, पानी, लाइट का बेहतर इंतिज़ाम रहे। सर्दी से गौवंशों की रक्षा हेतु उन्हें टाट की झूलें व बोर से भी कवर किया जाये।

## सूबे के 75 जिलों में हमीरपुर ने राजस्व वसूली में लहराया परचम

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड नवंबर 2025 की जारी रैंकिंग में जिलाधिकारी घनश्याम मीना की प्रशासनिक सूझ बूझ और मेहनत की बदौलत राजस्व वसूली में हमीरपुर को सूबे में मिला पहला नम्बर। जबकि जिलाधिकारी का बेहतर मार्गदर्शन और दमदार योजना ने अलग- अलग बकायेदारों की राजस्व वसूली में पूरे उत्तर प्रदेश में पहला नम्बर हासिल कर शानदार मकाम हासिल किया। गौरतलब है कि जिले ने पिछले माह की छठी रैंक से लंबी छलांग लगाकर सूबे के सभी 75 जिलों को पीछे छोड़ते हुये पहले नम्बर पर अपनी जगह बनाई है। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने तहसील लेबल पर की गई बेहतर समीक्षा और राजस्व टीम को दिए गये कड़े निर्देशों के बाद सरकारी बकाये की वसूली में ये एतिहासिक सुधार मुमकिन हो सका है। इस कामयाबी पर जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की तारीफ करते हुए कहा कि छठे नम्बर से पहले पायदान पर पहुँचना टीम वर्क और बेहतर जिम्मेदारी का नतीजा बताया है, साथ ही कहा कि प्रशासन का टारगेट फ्यूचर में भी जिले को विकास और राजस्व की हर कसौटी पर सूबे में अव्वल नम्बर पर बनाये रखना है।

## हेल्मेट के बिना पेट्रोल पंप में नहीं मिलेगा तेल

**चित्रकूट।** डीएम पुलकित गर्ग ने जनपद में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा हेल्मिट न पहनने के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं व उनसे होने वाली मृत्यु पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य में जनपद में नो हेल्मिट नो फ्यूल अभियान को संचालित करने के निर्देश दिए है। डीएम ने बताया कि यह प्रदेश स्तरीय विशेष अभियान जनपद में 19 दिसम्बर से 17 जनवरी 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान **नो हेल्मेट, नो फ्यूल** की रणनीति को जनपद में प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा। केन्द्रीय मोटरयान अधि. एवं उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली के अंतर्गत सभी दोपहिया वाहन चालकों एवं उनके सहयात्रियों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बी.आई.एस.) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रोटेक्टिव हेडगियर (हेल्मिट) पहनना अनिवार्य है। जिनका उल्लंघन किए जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही किए जाने का प्रावधान है, जिसके तहत जुर्माना अधिरोपित किया जा सकता है। उन्होंने पम्प संचालकों को निर्देशित किया है कि वह सभी 19 दिसम्बर से अपने फ्यूल स्टेशन में **नो हेल्मेट, नो पेट्रोल- आपका जीवन है अनमोल** विषयक बैनर लगाए।

# जिला बार एसोसिएशन ने आयोजित किया वृहद कवि सम्मेलन

जन एक्सप्रेस । बांदा

जनपद बार एसोसिएशन के तत्वाधान में सभागार पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष द्वारिकेश सिंह मंडेला के संयोजकत्व में शानदार वृहद कवि सम्मेलन संपन्न हुआ नगर पालिका अध्यक्ष मालती वासु द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर चंदन वंदन पुष्प माला समर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शीर्ष कवि डाक्टर चंद्रिका प्रसाद दीक्षित ललित ने की, शानदार संचालन प्रख्यात कवि जवाहरलाल जलज ने किया। इस वृहद कवि सम्मेलन में काव्य रस धार बहाने वाले कवि साहित्यकार जैसे महेश कटारे, सुगम बीना मध्य प्रदेश, हास्य कवि अखिलेश द्विवेदी प्रयागराज, डा. रणजीत सिंह प्रतापगढ़, शिखा मिश्रा कानपुर, मधु मैहर मध्य प्रदेश, देवेंद्र नटखट झांसी समीर शुक्ला फतेहपुर प्रभात कटारे सागर, छाया सिंह जनपद से, आर सी योगा जनपद से, आदि कवि साहित्यकारों ने अपनी अपनी शानदार मनमोहक कविताओं को प्रस्तुत कर सभागार में बैठे शहर के गणमान्य नागरिकों को आनंदित किया, बार एसोसिएशन का सभागार लगातार तालिया से गूंजता रहा सभी ने देखा सुना और सराहा इस कार्यक्रम में शहर के लोकप्रिय पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार राज वरिष्ठ पत्रकार नंदकिशोर मिश्रा, जिला बार एसोसिएशन के महासचिव मनोज निगम लाल, कोषाध्यक्ष राजीव गुप्ता एडवोकेट, वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद सिन्हा, अवधेश कुमार गुप्ता खादी वाला, जय करण वर्मा, सुनील यादव, चंद्रजीत यादव, कृष्णकांत यादव, बाबू सिंह, यज्ञ स्वरूप गुप्ता राममिलन सिंह पटेल तथा सैकड़ो शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने देखा सुना और सराहा कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# व्यापारियों के सम्मान से कोई समझौता नहीं: जिलाध्यक्ष कल्लू राजपूत

जन एक्सप्रेस । बांदा



चौराहे के सुंदरीकरण को लेकर व्यापारियों के साथ हो रहे उत्पीड़न की जानकारी मिलते ही भाजपा जिलाध्यक्ष व्यापारियों के बीच पहुंच कर कहां व्यापारियों के सम्मान और रोजी रोटी के साथ कतई समझौता नहीं किया जाएगा। सरकार सदैव व्यापारियों के साथ रही है और रहेगी।
सरकार द्वारा कस्बे के मुख्य चौराहे में सुंदरीकरण के लिए जैसे ही धन स्वीकृत किया वैसे ही स्थानीय प्रशासन व्यापारियों के घर नाप कर रहे व्यापारी नाप को लेकर परेशान हो रहे है व्यापारियों की समस्या होने पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, जिला महामंत्री व चौयरमैन विवेकानंद गुप्त, अजय पटेल व्यापारियों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार मंडल संगठन के अध्यक्ष के के महंत सहित व्यापारियों ने मांग पत्र सौंपा कहा जिला मुख्यालय की तर्ज पर गोला कम कर चौराहा बनाया जाए। पूर्व में प्रस्तावित बाईपास बनाया जाए जिससे कि व्यापारी रोजी-रोटी के साथ बेघर न हो सके। जिला अध्यक्ष एवं नगर पंचायत अध्यक्ष ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि परेशान न हो सरकार बसाने का काम कर रही है उजाड़ने का नहीं जो भी अधिकारी कर्मचारी व्यापारियों को भ्रमित कर रहे हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सौरभ शिवहरे, श्रीराम गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्त, राकेश कुमार अग्रहरि बिंदा गुप्ता, मन्नू, संजय प्रजापति, अरविंद कसौंधन संतोष कुशवाहा रामकृपाल मौर्य सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।जिला अध्यक्ष ने कृषि उत्पादन मंडी समिति का भी निरीक्षण किया उन्होंने सरकार की मनसा के अनुरूप, किसानों की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिया साथ उन्होंने यह भी कहा कि किसानों के द्वारा जो घटतौली की शिकायत मिल रही है उसे पर सुधार करे नहीं तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, सोमवार, 22 दिसंबर, 2025





**विकसित 'भारत-जी राम जी' विधेयक....**

राष्ट्रपति ने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी है। इस स्वीकृति के साथ यह विधेयक अब कानून बन गया है। इस कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को मिलने वाली... पढ़ें पेज 12 पर...

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल में राष्ट्र नायकों की भव्य कांस्य प्रतिमाओं का निर्माण और सौंदर्यीकरण पूरा, प्रधानमंत्री करेंगे अनावरण

- राज्य ललित कला अकादमी ने कराया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीन दयाल उपाध्याय और श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी की कांस्य प्रतिमा का निर्माण
- फव्वारा, फसाड लाइटिंग और प्रोजेक्शन मैपिंग से किया गया प्रतिमाओं का सौंदर्यीकरण



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी विजन और भावी पीढ़ियों में राष्ट्रवाद की विचारधार को प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रदेश की राजधानी, लखनऊ में 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' का निर्माण किया गया है। राष्ट्र प्रेरणा स्थल पूरे देश में राष्ट्रवाद की भावना को प्रज्वलित करने वाला एक अनूठा केंद्र होगा। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रवाद के प्रतीक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीन दयाल उपाध्याय और श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी की भव्य कांस्य प्रतिमाओं का अनावरण 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। राष्ट्र नायकों की इन 65 फुट ऊंची और 32 टन वजनी कांस्य प्रतिमाओं का निर्माण राज्य ललित कला अकादमी ने करवाया है। इन प्रतिमाओं का सौंदर्यीकरण फसाड लाइटिंग और प्रोजेक्शन मैपिंग के माध्यम से किया गया है। लखनऊ के वसंत कुंज में लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 65 एकड़ के क्षेत्र में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का निर्माण कराया है। प्रेरणा स्थल में राष्ट्रवाद के प्रतीक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीन दयाल उपाध्याय और श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी की भव्य कांस्य का निर्माण राज्य ललित कला अकादमी ने कराया है। निर्माण के लिए लगभग 21 करोड़ रुपये की धनराशि एलडीए की ओर से जारी की गई है। राज्य ललित कला अकादमी के निदेशक अमित अग्निहोत्री ने बताया कि इन प्रतिमाओं में पंडित दीन दयाल उपाध्याय की प्रतिमा का निर्माण प्रसिद्ध राम सुतार आर्ट क्रियेशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया है। इसी फर्म ने दुनिया की सबसे ऊंची स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का भी निर्माण कराया था। वहीं, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमाओं का निर्माण माटू राम आर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने पूरा किया है। ये प्रतिमाएं न केवल कलात्मक उत्कृष्टता का प्रतीक हैं, बल्कि राष्ट्रवाद और एकात्मता की भावना की भी संचार करेंगी।

### फसाड लाइटिंग और प्रोजेक्शन मैपिंग के जरिए होगा प्रतिमाओं का सौंदर्यीकरण

उन्होंने बताया कि राष्ट्र नायकों की कांस्य प्रतिमाएं 65 फुट ऊंची और 32 टन वजन की हैं। प्रतिमाओं के निर्माण में 85 प्रतिशत तांबा और 5-5 प्रतिशत सीसा, टिन और जस्ते के समिश्रण का उपयोग किया गया है। इन मूर्तियों के सौंदर्यीकरण के लिए फसाड लाइटिंग और प्रोजेक्शन मैपिंग का भी उपयोग किया गया है। प्रोजेक्शन मैपिंग के जरिए मूर्तियों के कपड़ों का रंग समय के साथ बदला जा सकेगा। साथ ही मूर्तियों के चारों ओर पानी के फव्वारों और स्टेज का निर्माण किया गया है। साथ ही राष्ट्र प्रेरणा स्थल में राष्ट्र नायकों के प्रेरक जीवन से भावी पीढ़ियों को परिचित करवाने के उद्देश्य से म्यूजियम का भी निर्माण किया गया है। जहां निर्मित 5 गैलरियों में तीनों राष्ट्र नायकों के जीवन संदेश को वीडियो एवी के माध्यम से दर्शाया जाएगा, साथ ही उनके उपयोग किए गए सामान और उनकी फोटो, जीवन वृत्त और सिलिकॉन मूर्तियों के माध्यम से जीवंत करने का प्रयास किया गया है। यह स्थल न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा, बल्कि स्कूल-कॉलेज के छात्रों के लिए शैक्षिक यात्राओं का आदर्श स्थान सिद्ध होगा।

# सीएम योगी के रिवर ड्रोन सर्वे मॉडल को अपनाएगा पूरा देश

- गंगा, यमुना, गोमती, वरुणा और पांडु नदी का होगा कायाकल्प, डेढ़ सौ किलोमीटर सर्वे का काम पूरा
- लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी और कानपुर में किया गया व्यापक सर्वे
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नदियों के संरक्षण को लेकर किए जा रहे अभूतपूर्व कार्य

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में नदियों के संरक्षण को लेकर चल रही योगी सरकार की पहल अब राष्ट्रीय मॉडल बन चुकी है। पहली बार किसी राज्य ने नदी संरक्षण में हाई-टेक रिवर ड्रोन सर्वे सिस्टम का इतना व्यापक उपयोग किया है। इसका असर इतना प्रभावी रहा कि केंद्र सरकार ने यूपी के मॉडल को पूरे देश में लागू करने का फैसला किया है। गंगा, यमुना, गोमती, वरुणा और पांडु नदी के लगभग 150 किलोमीटर क्षेत्र का ड्रोन सर्वे पूरा कर राज्य स्वच्छ गंगा मिशन ने नदी पुनरुद्धार के प्रयासों में नई ऊर्जा भर दी है। लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी और कानपुर जैसे प्रमुख शहरों में किए गए सर्वे ने नदियों की असल स्थिति, प्रदूषण स्रोतों और नालों के गिरने वाले बिंदुओं की स्पष्ट पहचान करना अब आसान कर दिया है। इन प्रयासों का पहला सबसे बड़ा लाभ कानपुर जिले को मिलने जा रहा है। ड्रोन सर्वे के बाद नदियों में जीरो डिस्चार्ज की कार्ययोजना बनाई जा रही है। इसके क्रियान्वयन के बाद नदियों में जीरो डिस्चार्ज का दर्जा मिल जाएगा।

### गोमती नदी के कायाकल्प को मिलेगी नई दिशा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता हमेशा से यह रही है कि राज्य की नदियां पूरी तरह स्वच्छ बनें और स्थानीय लोगों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिले। इसी सोच के अनुरूप अब नालों की पहचान और प्रदूषण नियंत्रण आसान हो गया है। लखनऊ नगर के लिए ड्रोन सर्वे आधारित संपूर्ण पुनरुद्धार कार्य योजना तैयार की जा रही है, जिससे गोमती नदी के कायाकल्प को नई दिशा मिलेगी।

### नदियों के कायाकल्प के साथ गांव-गांव में स्वच्छता

राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के परियोजना निदेशक जोगिन्दर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नदियों के संरक्षण को लेकर अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि न केवल नदियों का कायाकल्प हो रहा है, बल्कि इन प्रयासों से गांव-गांव में स्वच्छता, रोजगार और पर्यावरण संरक्षण के नए अवसर भी पैदा हुए हैं। योगी सरकार की जनकल्याणकारी नीति और तकनीक के सशक्त उपयोग का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश आज नदी संरक्षण में देश का अग्रणी राज्य बन चुका है। इसके साथ ही पूरा देश उत्तर प्रदेश के मॉडल को अपनाने जा रहा है।

# आरक्षण व एससी/एसटी एक्ट के खिलाफ ब्राह्मण समाज का एलान-ए-आंदोलन



- 'सांघे शक्ति मिशन' के जरिए सनातन राष्ट्र का संकल्प
- लखनऊ में अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा की संगोष्ठी में तीखा जन संवाद

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

आरक्षण व्यवस्था और एससी/एसटी एक्ट के खिलाफ अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा ने खुला मोर्चा खोल दिया है। लखनऊ स्थित इंजीनियरिंग भवन में आयोजित संगोष्ठी एवं जन संवाद कार्यक्रम में 'सांघे शक्ति मिशन' के शुभारंभ के साथ ही निर्णायक आंदोलन का ऐलान किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक कानूनों, आरक्षण नीति और राजनीतिक उदासीनता पर तीखे सवाल उठे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र पांडेय ने की। उन्होंने कहा कि यह मिशन केवल संगठन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक समरसता की लड़ाई है।

### जातिगत आरक्षण से राष्ट्रीय एकता को खतरा

मुख्य अतिथि अनिल मिश्र ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जातिगत आरक्षण और एससी/एसटी एक्ट का दुरुपयोग समाज को बांट रहा है। उन्होंने कहा कि देश विकास की राह पर है, लेकिन जाति आधारित नीतियां राष्ट्रीय एकता में बाधा बन रही हैं। मिश्र ने आर्थिक आधार पर आरक्षण और जनगणना की मांग करते हुए कहा कि इससे वास्तविक रूप से जरूरतमंद वर्गों को लाभ मिलेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सामान्य वर्ग के मतों से सरकारें बनती हैं, लेकिन उसी वर्ग की पीड़ा को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है।

### 'लक्ष्य पूरा होने तक आंदोलन जारी रहेगा '

मुख्य अतिथि ने मंच से ऐलान किया कि सनातन राष्ट्र निर्माण आंदोलन का मूल लक्ष्य है संविधान के विरोधी नहीं, उसकी मूल भावना के पक्षधर हैं एससी/एसटी एक्ट और वर्तमान आरक्षण व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष निर्णायक होगा उन्होंने संविधान निर्माण में डॉ. भीमराव अंबेडकर के साथ-साथ सर बी.एन. राव के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संविधान की जड़ें भारतीय बौद्धिक परंपरा में निहित हैं।

### संगठन और संस्कृति पर जोर

विशिष्ट अतिथि ब्रह्मचारी संत आनंद स्वरूप महाराज (संभवी पीठ, हरिद्वार) ने कहा कि भारतीय संस्कृति को बचाने के लिए समाज को संगठित होना होगा। उन्होंने कहा कि संगठन, संस्कार और संवाद ही सामाजिक पुनर्जागरण का मार्ग है। नारों से गूंजा सभागार

### मुख्य अतिथि के संबोधन के दौरान सभागार

'सनातन राष्ट्र जिंदाबाद, ब्राह्मण समाज एकता जिंदाबाद ' के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम का समापन देशहित, समाजहित और सामाजिक समरसता के संकल्प के साथ किया गया।

# पेड़ से लटका मिला युवती का शव, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, परिजन रो-रोकर बेहाल



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन बीकेटी थाना कठवारा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत कठवारा मजरा रमगढा गांव की रहने वाली 17 वर्षीय युवती ने गांव के ही प्राइमरी स्कूल के पीछे फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। बता दें कि कठवारा के रमगढ़ा गांव के पास पेड़ से लटकता युवती का शव मिलने की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लखनऊ भेज दिया। वही पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है, परिजनों के अनुसार अक्षिता उर्फ़ गुड़िया 17 वर्षीय घर से शौच के लिए निकली थी, काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। परिजनों ने देखा तो अक्षिता का शव गांव के पास एक पेड़ के फंदे से लटकता हुआ था। युवती के पिता रघुनाथ गोस्वामी पुत्र राम सागर ने बीकेटी थाने में लिखित सूचना दी। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री दोपहर करीब 4 बजे शौच के लिए गांव के प्राइमरी स्कूल के पीछे गई थी,जब वह देर तक नहीं लौटी, तो उनकी पत्नी उसे खोजने लगी और देखा कि अक्षिता का शव पेड़ से लटकता मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची बीकेटी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया,आगे की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# जनकल्याण समिति रतनखण्ड शारदा नगर योजना का त्रिवार्षिक चुनाव सम्पन्न



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

रविवार को जनकल्याण समिति, रतनखण्ड शारदा नगर योजना लखनऊ का त्रिवार्षिक चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया के तहत विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया। चुनाव परिणाम के अनुसार नारद यादव को अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष के तीन पदों पर योगेंद्र प्रताप सिंह, कुंवर सिंह कुशवाहा एवं धर्मेंद्र प्रताप सिंह निर्वाचित हुए। महामंत्री पद पर विनीत प्रकाश को जिम्मेदारी सौंपी गई। सहायक महामंत्री के रूप में रामजीलाल एवं ए.के. कुशवाहा चुने गए। संगठन मंत्री पद पर राकेश यादव, कृष्ण कुमार शुक्ला एवं आदित्य शुक्ला निर्वाचित हुए, जबकि सहायक संगठन मंत्री के रूप में जगवीर सिंह का चयन किया गया। कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी राम सांवरे को सौंपी गई तथा मीडिया प्रभारी के रूप में उनका भी चयन किया गया। इसके साथ ही सात सदस्यीय कार्यकारिणी समिति में वाचस्पति ओझा, मनोज शर्मा, हरगोबिंद, मालती, सुमन पाल, अनिल पांडे एवं मनोज यादव को निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव प्रक्रिया का संचालन जयबिद सिंह राठौर (निर्वाचन अधिकारी) एवं बीरेंद्र कुमार यादव (सहायक निर्वाचन अधिकारी) द्वारा किया गया। निर्वाचन के उपरांत सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को उनके पद के प्रमाणपत्र वितरित किए गए। समिति के सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए क्षेत्रवासियों ने उनसे जनहित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई।

# डग्गामार वाहन रोडवेज को पहुंचा रहे नुकसान

- पुलिस एवं परिवहन विभाग की अनदेखी के चलते यात्रियों की जान जोखिम में डाल रहे डग्गामार वाहन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ जिले में परिवहन विभाग और पुलिस को मुंह चिढ़ाते हुए डग्गामार वाहन धड़ल्ले से शहर से गांव तक दौड़ रहे हैं। डग्गामार वाहन यात्रियों को लटकाकर चल रहे हैं। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सीतापुर जिले के सिधौली कस्बे से सीतापुर रोड पर स्थित लखनऊ पुरनिया चौराहे डग्गामार वाहन संचालित होते है। जो यात्रियों को गाड़ी में भूसे की तरह भरकर व लटकाकर यात्रा कराते है। इन मार्गो पर सैकड़ों की संख्या में टाटा मैजिक, टेंपो आदि शामिल हैं। सिधौली से लेकर पुरनिया चौराहे तक कई थाने व चौकी भी पड़ती है। लेकिन किसी की नजर इन डग्गामार वाहनों पर नहीं पड़ती है। जिसका नतीजा यह है कि यह डग्गामार वाहन संचालक थानों के सामने से ठूंसकर भरी सवारियों को लेकर रोजाना यह वाहन गुजरते हैं। लेकिन पुलिस सब कुछ देखते हुए भी धृतराष्ट्र बनी हुई है। इतना ही नहीं यह डग्गामार वाहन रोडवेज को भी खूब चपत लगा रहे हैं। रोडवेज के रूटों पर यह सवारियां ढो रहे हैं। खासतौर पर सीतापुर रोड पर डग्गामार गाड़ियां खूब दौड़ रहीं हैं। इससे रोडवेज और परमिट धारियों को तो लाखों की चपत लग ही रही है। साथ ही यात्रियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्री इनका वीडियो बनाकर भी शिकायत करते हैं, लेकिन संबंधित विभाग इन पर कार्रवाई नहीं करते हैं। वहीं सिधौली, अटरिया, इटौंजा, बीकेटी, मड़ियांव इन सभी थानों से होकर गुजरते हैं डग्गामार वाहन लेकिन पुलिस कोई कार्यवाही नहीं करती है। यात्रियों की जान जोखिम में डालकर डग्गामार वाहन परिवहन विभाग को चुना लगा रहे हैं।

### यात्रियों से भी करते हैं अराजकता

सिधौली से पुरनिया चौराहे तक चलने वाले डग्गामार वाहन एक तरफ परिवहन विभाग को तो चपत लगा ही रहे हैं। वहीं ड्राइवर इन वाहनों में सफर करने वाले यात्रियों से अधिक किराया वसूलने के साथ ही उनके साथ अभद्रता भी करते हैं। कई यात्रियों द्वारा भी ऐसे वाहनों पर अंकुश लगवाए जाने की मांग कई बार की जा चुकी है, लेकिन नतीजा सिफर रहता है।

### इन विभागों पर है डग्गामार वाहनों पर रोक लगाने का जिम्मा

डग्गामार वाहनों पर अंकुश लगाने का जिम्मा संभागीय परिवहन विभाग, परिवहन निगम, पुलिस और प्रशासन का है। चारों विभागों को डग्गामार वाहनों को बंद कराना चाहिए, लेकिन शायद ही कभी कोई कार्रवाई की गई हो। कार्रवाई न होने से डग्गामार वाहन चालकों के हौंसले बुलंद है।

# रालोद किसानों, युवाओं और प्रोफेशनल वर्ग की आवाज़ उठाने वाला दल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में बाराबंकी के सैकड़ों लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान प्रमुख रूप से रजित राम प्रजापति राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, भारतीय जन-जन पार्टी भारतीय जन-जन पार्टी के प्रदेश सचिव कमल नयन रावत, सत्यप्रकाश गुड्डू एवं कौशल किशोर वर्मा सहित अनेक लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों, किसान हितैषी सोच तथा प्रोफेशनल मंच के माध्यम से युवाओं और प्रबुद्ध वर्ग को जोड़ने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई। प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल देश के किसानों, युवाओं और प्रोफेशनल वर्ग की आवाज़ को मजबूती से उठाने वाला दल है। आज विभिन्न दलों के प्रबुद्ध लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों पर जनता का विश्वास लगातार बढ़ रहा है।

# पर्यटन विभाग निकालेगा गणतंत्र दिवस पर बुन्देलखण्ड पर आधारित शोभा यात्रा एवं झांकी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

यूपी सरकार गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन करने जा रही है। राष्ट्रीय उत्सव को और गरिमामय स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जो 'बुंदेलखंड' की थीम पर आधारित होगी। शोभायात्रा के माध्यम से बुंदेलखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, शौर्य, लोक परंपराओं और विविधता को प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने ने बताया कि यह थीम बुंदेलखंड की वास्तुकला, वीरतापूर्ण विरासत तथा सांस्कृतिक पहचान को उसके प्रतिष्ठित किलों- कालिंजर, झांसी, ओरछा, चरखारी और महोबा के माध्यम से प्रस्तुत करेगी, जो साहस, धरोहर और क्षेत्रीय कला-कौशल के प्रतीक हैं। शोभायात्रा के सफल आयोजन के लिए पर्यटन विभाग ने एजेंसी चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।शोभायात्रा में कथानक के माध्यम से बुंदेलखंड की गौरवशाली विरासत को सशक्त और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें क्षेत्र के प्राचीन स्थापत्य, सांस्कृतिक परंपराओं, लोककला और जीवनशैली को रेखांकित करते हुए उसकी अलग पहचान को उभारा जाएगा। कथानक में वीरता एवं शौर्य के उन ऐतिहासिक प्रतीकों को भी प्रस्तुत किया जाएगा, जिन्होंने इस भाग को साहस और स्वाभिमान की भूमि के रूप में स्थापित किया है। इसके अतिरिक्त, बुंदेलखंड के किलों और महलों की पर्यटन संभावनाओं को दर्शाते हुए यह संदेश दिया जाएगा कि यह क्षेत्र विरासत, संस्कृति और पर्यटन के दृष्टिकोण से देश-विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षक गंतव्य बनने की क्षमता रखता है।बुंदेलखंड की लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत करती शोभायात्रा दर्शकों को प्रदेश की विरासत, परंपरा और उत्सव के रंगों में सराबोर कर देगी। बुंदेली सांस्कृतिक नृत्य कलाकार शोभायात्रा के दौरान रंगारंग प्रस्तुति देते हुए पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे नजर आएंगे। ढ़ोल-नगाड़ों की थाप के साथ उनकी ऊर्जावान प्रस्तुति वातावरण को उत्साह से भर देगी। शोभायात्रा महज सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं, बल्कि बुंदेलखंड के शौर्य, स्वाभिमान और समृद्ध विरासत का उत्सव होगा। बुंदेलखंड थीम के माध्यम से हम अपनी ऐतिहासिक धरोहर, लोक परंपराओं और स्थापत्य को राष्ट्रीय मंच पर प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत करेंगे। यह आयोजन न केवल क्षेत्र की विशिष्ट पहचान को सुदृढ़ करेगा, बल्कि बुंदेलखंड को पर्यटन के एक प्रमुख आकर्षण के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति अमृत अभिजात ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर बुंदेलखंड थीम आधारित शोभायात्रा राज्य की सांस्कृतिक विरासत को नवाचार और गरिमा के साथ प्रस्तुत करने का सशक्त माध्यम होगी। विभागीय प्रयास है कि शोभायात्रा के माध्यम से बुंदेलखंड की विशिष्ट पहचान और पर्यटन संभावनाओं को नई गति मिले।

# ग्रामीणों की जीविका का जरिया माघ मेला

- ग्रामीण महिलाओं को मिले रोजगार के अवसर तो नाविक के चेहरे खिले
- मेला में हीटर और छोटे एलपीजी सिलेंडर पर पाबंदी से बढ़ी उपलों और मिट्टी के चूल्हों की मांग
- महिलाएं तैयार कर रही हैं गोबर के उपले और मिट्टी के चूल्हे

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रयागराज में त्रिवेणी के तट पर 3 जनवरी से होने जा रहे माघ मेला की शुरूआत के लिए अब दो हफ्ते का समय है । आस्था और अध्यात्म के यह महा समागम लाखों लोगों की जीविका का जरिया भी बन रहा है। महाकुंभ नगर के अंतर्गत आने वाले गांवों में की ग्रामीण महिलाओं की जीविका के महाकुंभ ने नए अवसर दे दिए हैं। संगम किनारे 3 जनवरी से आयोजित होने जा रहा माघ मेला होटल, ट्रैवल और टेंटेज , फूड जैसे औद्योगिक सेक्टर के साथ छोटे मोटे काम करने वाले लोगों के लिए भी जीविका के अवसर प्रदान कर रहा है। गंगा किनारे आकार ले रही तंबुओं के इस नगर के अंतर्गत आने वाले 27 गांवों में पशुपालन से जुड़े कार्य में लगे परिवारों की 15 हजार से अधिक आबादी के लिए इस आयोजन ने जीविका का जरिया दे दिया है। नदी किनारे बसे कई गाँवों में इन दिनों ईंधन के परम्परागत रूप उपलों का नया बाजार विकसित होने लगा है। इन गाँवों में नदी किनारे बड़ी तादाद में उपलों की मंडी बन गई है । गाँवों में इन दिनों गोबर से बने उपलों को बनाने में स्थानीय महिलाएं पूरे दिन लगी रहती हैं । मेला क्षेत्र के गंगा किनारे बसे बदरा सोनौटी गांव की विमला यादव का कहना है कि घर में चार भैंस और गाय हैं जिनसे साल भर हम उपले बनाते हैं और इन्हें इकट्ठा करते रहते हैं। माघ के महीने में कल्पवास करने आने वाले कल्पवासियों के यहां इनको भेजते हैं। मलावा खुर्द गांव की आरती सुबह से ही अपने घर की आम तौर पर खाली रहने वाली महिलाओं के साथ मिट्टी के चूल्हे तैयार करने में जुट जाती हैं। आरती बताती हैं कि माघ मेले में कल्पवास करने आने वाले श्रद्धालुओं का खाना इन्ही चूल्हों पर तैयार होता है । प्रयागराज सर्वाधिक कमाई करने वाले नाविक समाज में इस बार माघ मेले को लेकर सबसे अधिक उम्मीदें हैं। लगभग कर निषाद परिवार इस समय नई नाव संगम में उतारने की तैयारी में लगा है जिसके पीछे महाकुम्भ 2025 का उसका सुखद अनुभव है। दारागंज के दशाश्वमेध घाट की निषाद बस्ती में रहने वाले बबलू निषाद बताते हैं कि उन्होंने अपने रिश्तेदारों तक को माघ मेले के एक महीने के लिए बुला लिया है। माघ मेले में सरकार की तरफ से जिस तरह 12 से 15 करोड़ लोगों के आने का अनुमान है उसमें अगर 5 करोड़ भी नावों से त्रिवेणी आए तो एक बार नाविक समाज की तकदीर बन जाएगी। कल्पवास करने की शुरुआत करने वालों की संख्या में हर बार इजाफा होता है। एडीएम मेला दयानंद प्रसाद के मुताबिक इस बार माघ मेले में 6 हजार से अधिक संस्थाएं बसाई जा रही हैं । इसमें 4 लाख से अधिक कल्पवासियों को भी जगह मिलेगी ।धर्माचार्य, साधु संतऔर कल्पवासी पुरानी व्यवस्था के अंदर ही खाना बनाते हैं। कुछ स्थानों पर आग लगने की घटनाओं में हीटर और छोटे गैस सिलेंडर का इस्तेमाल बड़ी वजह पाई जाने के मेला प्रशासन ने शिविरों में हीटर और छोटे गैस सिलेंडर के इस्तेमाल पर रोक लगा दी । नई व्यवस्था की वजह से भी अब गांव की इन महिलाओं के हाथ से बने उपलों और मिट्टी के चूल्हों की मांग बढ़ गई है।

# बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के विरोध में प्रदर्शन, पुतला दहन कर जताया आक्रोश

जन एक्सप्रेस । अमेठी



बांग्लादेश में हिंदू युवक दीप चंद्र दास की निर्मम हत्या के विरोध में अमेठी तहसील में आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों और युवाओं ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया तथा बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन कर अपना रोष प्रकट किया। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के झंडे और कथित कट्टरपंथी ताकतों के प्रतीकात्मक पोस्टर जलाते हुए नारेबाजी की।

युवाओं का कहना था कि धार्मिक आधार पर किसी भी निर्दोष व्यक्ति की हत्या मानवता के खिलाफ जघन्य अपराध है।और इसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता।उन्होंने मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष अंतरराष्ट्रीय जांच हो और दोषियों को कठोरतम सजा दी जाए।प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे विक्रम सिंह ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पूरे विश्व के लिए चिंता का विषय हैं।दीप चंद्र दास की हत्या ने समाज को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने भारत सरकार से अपील की कि वह इस मामले को अंतरराष्ट्रीय मंच पर गंभीरता से उठाए और बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। प्रदर्शनकारियों ने यह भी कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराना उनका संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी देश या समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाना नहीं, बल्कि मानवाधिकारों की रक्षा और न्याय की मांग करना हैविरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में युवक और ग्रामीण शामिल रहे। मौके पर पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा और स्थिति पर नजर बनाए रखी। शांतिपूर्ण ढंग से हुए इस प्रदर्शन के बाद क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सामान्य बनी रही।

## रायबरेली में संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला युवक का शव, मचा हड़कंप

**रायबरेली।** यूपी के रायबरेली जिले के डीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बावर मजरे शादीपुर कोटवा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक 29 वर्षीय युवक द्वारा फांसी लगाए जाने का मामला सामने आया है। घटना से गांव में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान हरिकेश कोरी पुत्र सोमनाथ के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, हरिकेश कोरी का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला, जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही डीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर परिजनों से पूछताछ की है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। मामले को लेकर गांव में शोक का माहौल है।

# मातृत्व स्वास्थ्य प्रशिक्षण: आशा वर्कर्स और महिलाओं को दी गई स्वच्छता व शिशु देखभाल की जानकारी

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जनपद के मुसाफिरखाना में मातृत्व स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और आशा वर्कर्स को मातृत्व स्वास्थ्य,शिशु देखभाल एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा।कार्यशाला का आयोजन जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिला युवा कार्यक्रम परामर्शदात्री समिति एवं सहयोगी संस्थाओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशिक्षक मुन्नी द्विवेदी एवं शांति देवी ने किया। प्रशिक्षकों ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों में मातृत्व स्वास्थ्य से जुड़ी बुनियादी जानकारियों को सुदृढ़ करना है। सत्र के दौरान गर्भावस्था के समय आवश्यक पोषण, नियमित जांच, आयरन व कैल्शियम सेवन, सुरक्षित प्रसव और प्रसव उपरांत देखभाल पर विस्तार से चर्चा की गई। शांति देवी ने महिलाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने सैनिटरी पैड के सुरक्षित उपयोग हर चार से छह घंटे में पैड बदलने, हाथों की स्वच्छता तथा संक्रमण से बचाव के उपाय बताए। साथ ही शिशुओं में होने वाले सामान्य रोगों, टीकाकरण की महत्ता और नवजात शिशु की साफ-सफाई के तरीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला युवा कार्यक्रम परामर्शदात्री समिति के सदस्य व सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उन्होंने महिलाओं और किशोरियों को सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया। इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

# चौहान गुट द्वारा लगाए गए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के समापन में सिटी मजिस्ट्रेट ने डॉक्टरों को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट द्वारा शहर के जीआईसी मैदान में 6 दिवसीय नि:शुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है। जो सुबह 10 बजे से सायं 2 बजे तक 6 दिन लगातार लगाया गया। जिसमें शहर के अलावा दूर दराज से प्रदर्शनी में आए हुए लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा का लाभ भी प्रदान करता रहा।

चौहान गुट द्वारा लगाए गए इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के अंतिम दिन शनिवार को समापन में सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि सीएमओ कार्यालय के डीएलओ डॉ. मनोज शुक्ला भी मौजूद रहे। शिविर में पहुंचे मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का चौहान गुट टीम ने पुष्पमाला, तिरंगा पट्टिका, मोमेंटो देकर सम्मानित किया और समय देने के लिए धन्यवाद दिया। सिटी मजिस्ट्रेट ने शिविर में आए हुए मरीजों से हालचाल जाना और डॉक्टरों को को भी सेवाभाव से जनहित के कार्य को करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने चौहान गुट द्वारा प्रदर्शनी में लगाए गए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर की तारीफ करते हुए कहा कि उम्मीद करता हूं कि जनहित से जुड़े ऐसे शिविर भविष्य में भी चौहान गुट द्वारा लगाए जाएंगे। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि ऐसे जनहित लाभ के उद्देश्य से लगाए जाने वाले शिविर को भविष्य में भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरा सहयोग दिया जाएगा। शिविर में मौजूद डॉक्टरों को सिटी मजिस्ट्रेट ने पुष्पमाला, तिरंगा पट्टिका, मोमेंटो देकर सम्मानित किया। जी सी सिंह चौहान ने कहा कि 6 दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में अनुभवी डॉक्टरों की टीम मौजूद रहकर मरीजों की जांच कर दवा और उचित सलाह भी देने का कार्य किया है। जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज खान ने कहा कि इस तरह के नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन समय समय पर होते रहना चाहिए जिससे आम आदमी को अनुभवी डॉक्टरों से नि:शुल्क अच्छा इलाज मिल सके। अब तक इस स्वास्थ्य शिविर में 1350 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। जिसमें अंतिम दिन 113 मरीज आंख के ऑपरेशन हेतु आए, 6 पथरी के ऑपरेशन, 5 मरीजों का अल्ट्रासाउंड, 9 मरीजों का सिटी स्कैन, 4 मरीज हाइड्रोसिल ऑपरेशन हेतु आए।

शिविर में सुबह से ही चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान, मो0 उमर, राकेश गुप्ता, इम्तियाज खान, प्रीतिमा चौधरी डॉक्टरों की टीम के साथ मौजूद रहे। नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के छठे दिन नेत्र शल्यक डॉ. सुप्रभा तिवारी, फिजिशियन डॉ. अशोक गुप्ता, डॉ. राजवीर सिंह, आर्थो डॉ. एम पी सिंह, ऑप्टोमेट्रिस्ट डॉ. प्रियंका पाल मौजूद रहीं। कार्यक्रम के अंत में चौहान ने कहा कि आगामी 01 जनवरी 2026 को एक महत्वपूर्ण बैठक की जाएगी जिसमें प्रदेश, जिला व नगर कमेटी में बड़ा फेरबदल किया जाएगा। साथ ही साथ चौहान गुट सदैव व्यापारियों के हित की लड़ाई लड़ने, सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने, जनहित की समस्याओं को उठाने में भी जिले का अग्रणी व्यापार मंडल है।

# प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम एवं विज्ञान प्रदर्शनी का विधायक ने किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के विकासखंड सदर क्षेत्र अंतर्गत स्थापित वात्सल्य पब्लिक स्कूल एवं वात्सल्य इंटरनेशनल स्कूल में प्रेरणा उत्सव का आयोजन किया गया। उत्सव में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न विषयों के विषय प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया।

जानकारी के अनुसार वात्सल्य पब्लिक स्कूल एवं वात्सल्य इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक पलटू राम, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी एवं भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष आध्या सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई, जिसे कक्षा 6 व 7 की छात्राओं माधवी, अंशिका, नैंसी, अनुष्का सिंह, अनन्या, सिमरन ने प्रस्तुत किया। इसके बाद स्वागत गीत कक्षा यूकेजी की आध्या द्विवेदी, आदित्य सिंह, अनन्या, अनिका अंशिका, विधि, काव्या व आराध्या ने प्रस्तुत किया। इसके बाद स्वागत गान विथ स्माइल आन फेस नर्सरी के ओम भारती प्रिया रितिका हार्दिक हिमांशु कार्तिक आवेश अनुभव मान्या अक्षिता चित्रा आरुष तृषा नमन अभिषेक संध्या पीयूष सोम विकास अनिरुद्ध भास्कर तेजस द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम के बाद लकड़ी की काठी कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी के फागुनी शौर्य अक्षत रुद्रा शिवा कार्तिकेय ने प्रस्तुत किया।। इस कार्यक्रम उपरांत पूर्व नगर अध्यक्ष शाबान अली राजकीय अधिवक्ता डॉक्टर परितोष सिंह एवं आर्यन एनर्जी सेंटर के प्रबंधक अरुण पांडे गणित ओलंपियाड में उत्तर प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ दर्शन करने वाले दृष्ट धूमन सिंह एवं विद्यालय की पूर्व छात्र आंचल शुक्ला को कक्षा 10 में सर्वश्रेष्ठ अंक हेतु तथा विद्यार्थी विज्ञान परिषद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के राज्य स्तरीय कार्यक्रम तक सफलता प्राप्त करने हेतु अरिहंत शुक्ला प्रीति शुक्ला अंशिका पांडे अरुणिमा मिश्रा अंशु वर्मा को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के बाद ला ला ला ब्राज़ील कार्यक्रम में नर्सरी के छात्र-छात्राओं आदित्य मिश्रा अंशिका पटेल अयांश



पांडे आनंदी मिश्रा अद्विका पांडे अक्षिता मिश्रा दिनेश चौरसिया कार्तिक ओझा सतीश शुक्ला शांतनु मिश्रा पूर्वी मिश्रा प्रज्ञा मिश्रा शुभम सोनी युवराज यादव हर्षित मिश्रा सुप्रिया वर्मा श्रद्धा शुक्ला वंश शुक्ला विनय यादव अनमोल मिश्रा प्रकाश यादव अरमान भगवी नंदा जानवी गुप्ता शाश्वत ने प्रस्तुत किया। इसके उपरांत लेकर प्रभु का नाम कार्यक्रम कक्षा एलकेजी के छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किया इसके बाद नर्सरी बी के छात्र-छात्राओं ने राउंड एंड राउंड पेंग्विंस कार्यक्रम में आचमन आकृति आदर्श आरुष पाल अर्णव अभियान आराध्या देव दिशा देवी नेहा ओजस रिद्धिमा साध्वी सिंह संवि वर्मा वीर वर्मा विराट सुबोध अर्जुन शुक्ला आयुषी आरुष अरमान ने प्रस्तुत किया इसके बाद टन टन घंटी बजी नर्सरी के कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी ने प्रस्तुत किया । स्काई ऑफ फुल स्टार कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । इसके बाद धड़क-धड़क बॉयज कार्यक्रम एलकेजी के छात्र-छात्राओं प्रणव विनायक मृत्युंजय यश दीपाली प्रकल्प अदिविक प्राणिक रिया चित्रांश प्रणव निधि हर्ष जानवी अभिनंदन चिरंजीवी शिवाय शिवांश यादवेंद्र विशाल कपिल प्रिंस कृष्णा द्वारा प्रस्तुत किया गया इसके बाद सुनिए तो रुकिए तो कार्यक्रम में कक्षा एक के छात्रों अमित अजीत हिमांशु शैलेश हिमांशु पांडे यशवीर दृष्टिकेट दिग्विजय रमन सोनी रोहन गुप्ता रितेश तेज प्रताप श्रेयांश श्वेतांशु द्वारा प्रस्तुत किया गया इसके बाद छूना है मुझे आसमान कक्षा 1 के लक्ष्मी आराध्या शर्मा आराध्या वर्मा दिव्यांशु मान्य आरोही ऋषांक रुद्रा कक्षा 2 की कान्हा हर्षिल शुभ अद्विक अमूल्य कक्षा तीन की साक्षी सीमा निष्ठा मीनाक्षी शिव दीपक अंश कुणाल अंशुमान दिव्यांश प्रिया नव्या सिया अनुप्रिया जैकलिन द्वारा प्रस्तुत किया गया इसके बाद एक जिंदगी कार्यक्रम कक्षा यूकेजी के अक्षिता अद्विक आंचल अभिषेक शुक्ला आराधना आयुष आराध्या पीयूष जैनब अभिषेक ज्योति अभिनव काव्या दीपेंद्र नैना अभिनंदन रंजन हिमांशु श्रद्धा चेतन शारदा कृष्णा शुभ ओम तिवारी तेजस्वी अनंत उज्जवल द्वारा प्रस्तुत किया गया इसके बाद कक्षा यूकेजी के कव्वाली जिसके बोल हमें पढ़ना लिखना है।

## एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज़ 2025 के राष्ट्रीय फाइनल में आईआईटी कानपुर बना विजेता

**रायबरेली।** एनटीपीसी ने नोएडा स्थित एनटीपीसी पावर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट (पीएमआई) में 19 दिसंबर 2025 को इलेक्ट्रॉन क्विज़ 2025 के राष्ट्रीय फाइनल का सफलतापूर्वक आयोजन किया। फाइनल मुकाबले में देश के प्रमुख इंजीनियरिंग और प्रबंधन संस्थानों—आईआईएम कोलकाता, आईआईएम नागपुर, आईआईएम लखनऊ, आईआईटी मद्रास, आईआईटी कानपुर और एक्सएल आरआई जमशेदपुर—के बीच कड़ा और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। आईआईटी कानपुर की टीम, जिसमें आदित्य पाधी और स्पर्श प्रदीप जैन शामिल थे, ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इलेक्ट्रॉन क्विज़ 2025 का खिताब जीत लिया और 1 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्राप्त की। आईआईएम लखनऊ के प्रशांत सिंह चौहान और निश्चवय शोपूरकर ने प्रथम उपविजेता स्थान हासिल करते हुए 60,000 रुपये की पुरस्कार राशि जीती।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बांट रहा दवा, जिम्मेदार मौन

जन एक्सप्रेस । महराजगंज तराई(बलरामपुर)

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले को सुचारू रूप से चलाने वह ग्रामीण क्षेत्र के लाभार्थियों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का दावा किया जा रहा है। वहीं पर अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही से ग्रामीणों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में दवा लेने के लिए घंटों इंतजार कर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से दवा लेना मजबूरी बनती जा रही है।

जिम्मेदार अधिकारियों को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता। मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौवापुर व महराजगंज तराई का है। 21 दिसंबर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले के अंतर्गत प्राथमिक





स्वास्थ्य केंद्र महाराजगंज तराई में फार्मासिस्ट शिवपूजन दवा बांट रहे थे जबकि उनकी ड्यूटी कौवापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर के अधीक्षक विकल्प मिश्र के द्वारा लगाया गया था। वह अपने ड्यूटी स्थल पर तैनात ना होकर अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा बटाते मिले। कौवापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात डॉक्टर सुजीत कुमार से जब फार्मासिस्ट के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि उनका स्वास्थ्य ठीक ना होने के कारण वह अवकाश पर है। जबकि वह महराजगंज तराई में दवा बांटते नजर आए।

## सीडीओ ने सीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 05 दैवीय आपदा से प्रभावित लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र किया प्रदान

**रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता ने संपूर्ण समाधान के उपरान्त तहसील डलमऊ के सभागार में मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत दैवीय आपदा से प्रभावित 05 लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किये गये, जिसमें ग्राम पंचायत बरारा बुजुर्ग की निवासी सुनीता देवी को स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत डलमऊ की निवासी सहदेई, ग्राम पंचायत सुरजूपुर की निवासी संगीता देवी, ग्राम पंचायत सरायदिलावर के निवासी राम वर्मा एवं ग्राम पंचायत पखरौली की निवासी किरन कुमारी को स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी डलमऊ गिरिजा शंकर त्रिपाठी, परियोजना निदेशक डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्रा, तहसीलदार डलमऊ मंजरी सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदीप कुमार गौतम चुने गए कर्मचारी संघ के निर्विरोध जिलाध्यक्ष

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



पंचायती राज ग्रामीण इकाई कर्मचारी संघ का चुनाव अधिवेशन नामांकन पी डब्लू डी संघ भवन तुलसीपुर में किया गया। संघ के सभी पदों पर एकल नामांकन होने पर पंचायती राज ग्रामीण इकाई कर्मचारी संघ के प्रदीप कुमार गौतम को निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुना गया। चुनाव अधिकारी रणजीत कुमार ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र दिया। संघ के नवनियुक्त पदाधिकारियों को कर्मचारियों ने फूलमालाओं से स्वागत किया।

पंचायत राज सफाई संघ के जिला महामंत्री जहीर ने बताया की 21 दिसंबर को पंचायती राज सफाई कर्मी ग्रामीण संघ का चुनाव /अधिवेशन नामांकन चुनाव पी डब्लू डी मे आयोजित किया गिया। जिसमें ग्रामीण संघ के अध्यक्ष पद, जिला मंत्री जिला कोषाध्यक्ष संगठन मंत्री व जिला पर्यवेक्षक के लिए एकल नमाकन हुआ।

जिसमे सफ़ाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार गौतम को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। जिला मंत्री जहीर, जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार, जिला संगठन मंत्री लालता प्रसाद व जिला सर्यवेक्षक पद पर विजय कुमार को निर्विरोध चुना गया। सभी पदाधिकारियों के चुनाव अधिकारी रणजीत कुमार ने प्रमाण पत्र दिया। सभी ब्लाक के सफ़ाई कर्मचारीयों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूल-मालाओं से स्वागत किया। संघ के सभी पदाधिकारियों ने शपथ लिया है।कि कर्मचारियों के हित के लिए हर कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। उनके अधिकारों के लिए लड़ाई भी लड़ेंगे।

# नीतीश को संन्यासी बनना चाहिए: अलमदार नक़वी

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

बिहार में गत सोमवार को आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में नीतीश कुमार ने सारी मान मर्यादाओं को ताख़ पर रख कर अपनी हया और शर्म को भूल कर देश के नारी सम्मान के नारे का अपमान करते हुए एक मुस्लिम महिला के हिजाब को गवारा ना कर सके और उन्होंने अपनी दिमाग़ी असन्तुलिता का परिचय देते हुए सार्वजनिक स्थान पर उसके हिजाब/नक़ाब को अपने हाथों से पूरी ताक़त लगाकर हटाना चाहा फिर भी असफल रहे।

शायद उन्हें ये नहीं मालूम कि औरत किसी भी मज़हब की हो हमे बराबर से उसका सम्मान करना होगा। यह उद्गार व्यक्त करते हुए सय्यद अलमदार नकवी एडवोकेट / वरिष्ठ पत्रकार/ समाजसेवी प्रदेश सचिव एवं नेशनल बॉडी मेंबर ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड, राष्ट्रीय लोकतंत्र रक्षक सेनानी संगठन के प्रदेश स्पोक पर्सन, वरिष्ठ राजनैतिक अनेक साहित्यिक एवं सामाजिक, अधिवक्ताओं, पत्रकारों के संगठनों से जुड़े 41 वर्षों से क़ानूनी पेशे के ज़रिए आम जनता एवं ग़रीब वादकारियों की निःशुल्क सेवा करने वाले नकवी ने बताया कि आज मुसलमान औरतों से ज़्यादा हिंदू धर्म की मानने वाली देश की लाखों महिलाएँ हिजाब को पसंद कर रही हैं हम नीतीश कुमार की इस ओछी हरकत की घोर निंदा करते हुए उन्हें सलाह देना चाहते हैं कि सठिया जाने के कारण प्रश्नगत डॉक्टर महिला से माँफी माँगकर राजनीति से इस लिए संन्यास ले लें कि उन्होंने मुख्यमंत्री की कुर्सी की गरिमा को तार तार करके मज़ाक उड़ाया है अपनी पद एवं गोपनीयता की शपथ को भूलकर पॉवर का दुरुपयोग किया इस लिए अब वे सीएम की कुर्सी के लायक़ नहीं है। नकवी ने अपने देश के सभी राजनैतिक दलों से इस घटना की निंदा करने की माँग की है और राजनीतिक उद्देश्य तथा अपने निजी स्वार्थ को त्याग कर निष्पक्ष रूप से न्याय की तराज़ू में बैठ कर संसद, विधानसभा, विधानपरिषद के अलावा हर मंच पर देश की सभी धर्मो की महिलाओं के सम्मान पर चर्चा करने के माँग की है।

# बलरामपुर, कर्नाटक, नागपुर तथा गाज़ीपुर की टीमें खेलेंगी सेमीफाइनल

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज हॉकी मैदान पर रविवार को महाराजा कर भगवती प्रसाद सिंह अखिल भारतीय प्राइज मनी हॉकी टूर्नामेंट का क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया । बलरामपुर ने 6-3, कर्नाटक 2-0, नागपुर 4-0 तथा करमपुर गाज़ीपुर 4-1 की टीमों ने अपना मैच जीत कर सेमी फाइनल में पहुंच गईं । सोमवार को सेमी फाइनल मैच खेला जाएगा ।

जानकारी के अनुसार 21 दिसम्बर को एमएलके पीजी कॉलेज के हॉकी ग्राउंड पर खेले जा रहे महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह अखिल भारतीय प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट के तीसरे दिन क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला नागपुर हॉकी एकेडमी नागपुर बनाम विजय ग्रुप ऑफ हॉकी प्रयागराज के मध्य खेला गया। जिसमें नागपुर ने प्रयागराज को 4-0 से पराजित किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार नागपुर के जर्सी नम्बर 03 दिव्यांशु शर्मा को मिला। दूसरा मैच अवाडी पुलिस कमिश्नरेट अवाडी तमिलनाडु बनाम अश्विनी



स्पोर्ट्स एकेडमी कर्नाटक के मध्य खेला गया। खिलाड़ियों से परिचय अधिशाषी अध्यक्ष शुगर मिल के के वाजपेयी, बी एन ठाकुर महाप्रबंधक वित्त, डी के सिंह महाप्रबंधक मानव संसाधन, इकबाल फ्लावर प्रतिनिधि पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, किरण गुप्ता सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, टूर्नामेंट सचिव व प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय, आयोजन सचिव डॉ राजीव रंजन, डॉ आलोक शुक्ल व डॉ बी एल गुप्त ने प्राप्त किया। दूसरे मैच में कर्नाटक की टीम ने अवाडी पुलिस को 2-0 से पराजित किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कर्नाटक के जर्सी नम्बर 10 शशांक कुमार को दिया गया। तीसरा मैच मेघबरन सिंह हॉकी एकेडमी करमपुर गाज़ीपुर बनाम एक्सिला टोर्ज़ एच सी क्लब कोचीन केरल के बीच हुआ। खिलाड़ियों से परिचय अपर जिला जज एस सी एस टी एक्ट सुमित प्रेमी, प्रो0 विनय सक्सेना, जिला शासकीय अधिवक्ता कुलदीप सिंह, डॉ शरद सिंह, शांतनु सिंह, डॉ कौशल्या गुप्ता, सोमेन्द्र विक्रम सिंह, डॉ एम पी तिवारी, असलम शेख खान ने प्राप्त किया। तीसरे मैच में करमपुर की टीम ने केरल को 4-1 से पराजित किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार करमपुर के जर्सी नम्बर 17 आशु मौर्य को मिला। कर्नाटक की टीम में 04 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी हिस्सा ले रहे हैं। चौथा मैच टिहरी गढ़वाल हॉकी एकेडमी ऋषिकेश बनाम स्टार इलेवन बलरामपुर के मध्य खेला गया। खिलाड़ियों से परिचय दीपांकर सिंह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष युवक कांग्रेस, आचार्य भीष्म पितामह जी महाराज कथावाचक नई दिल्ली, कौशलेन्द्र मिश्र ,महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव कर्नल संजीव कुमार वार्ष्णेय, प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने प्राप्त किया। अतिथियों का स्वागत आयोजन सचिव डॉ राजीव रंजन, डॉ आलोक शुक्ल, डॉ बी एल गुप्त, डॉ शालिनी सिंह, मोहम्मद अकमल, राहुल कुमार, मीडिया प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान, डॉ एस के त्रिपाठी व डॉ सुनील कुमार शुक्ल ने किया। चौथे मैच में स्टार इलेवन बलरामपुर ने टिहरी गढ़वाल हॉकी अकादमी ऋषिकेश को 6-3 से पराजित किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार स्टार इलेवन बलरामपुर के जर्सी नंबर 10 राजन गुप्ता को दिया गया। मैच देखने के लिए हजारों की सख्या में खेल प्रेमी दर्शक मैदान पर कड़ाके की ठंड होने के बावजूद डटे रहे।

## रायबरेली महोत्सव में मनोरंजन के साथ स्थानीय व्यापार और संस्कृति को दिया गया बढ़ावा– दिनेश प्रताप सिंह

**रायबरेली।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में प्रारंभ हुए रायबरेली महोत्सव का फीता काट कर उद्घाटन किया। महोत्सव आयोजक राकेश गुप्ता व महोत्सव प्रभारी आशीष पाठक ने अपने सहयोगियों के साथ मुख्य अतिथि उद्यान मंत्री का माला पहनाकर अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने महोत्सव का शुभारंभ करते हुए आयोजनकर्ताओं की सराहना की और कहा कि ऐसा महोत्सव न केवल मनोरंजन का साधन बने हुए हैं, बल्कि स्थानीय व्यापार और संस्कृति को भी बढ़ावा दिया गया हैं आयोजक राकेश गुप्ता ने अपने पिता स्व जमुना प्रसाद गुप्ता के पदचिन्हों पर चलते हुए उनका नाम रोशन कर रहे है और रायबरेली वासियों के लिए रोजगार का अवसर भी दे रहे है रायबरेली महोत्सव रायबरेली वासियों के लिए न केवल मनोरंजन का केंद्र है, बल्कि यह एक ऐसी पहल है जो शहर के लोगों के बीच खुशी और उत्साह का माहौल पैदा कर रही है। लोगों को चाहिए कि वे समय निकाल कर खुद और अपने परिवार को इस महोत्सव का आनंद जरूर दिलाए विगत 14 वर्षों से जीआईसी मैदान में लग रहे महोत्सव जो कि रायबरेली में साल भर में एक बार दिसंबर जनवरी में जीआईसी मैदान में लगता है, हैंडलूम प्रदर्शनी की नींव या तो कह सकते हैं कि उसकी शुरुआत 55 वर्ष पहले राकेश गुप्ता के पिता वरिष्ठ समाजसेवी स्व जमुना प्रसाद गुप्ता ने की थी उसी के तहत 55 वर्षों से लगातार जीआईसी मैदान में प्रदर्शनी लगती चली आ रही है और हर साल कुछ ना कुछ नया देखने को मिलता है। उसी में राकेश गुप्ता ने 14 वर्षों से ठंड महीने में रायबरेली महोत्सव की शुरुवात भी कर दी है जो साल भर रायबरेली वासियों का इंतजार रहता है। रायबरेली महोत्सव के आयोजनकर्ता राकेश गुप्ता ने बताया कि यह महोत्सव जनपदवासियों के लिए मनोरंजन और खुशी का विशेष अवसर लेकर आया है। उन्होंने कहा, हमने जनपद के लोगों को छोटे बच्चों के लिए बड़े महानगरों जैसे झूले और सुविधाएं प्रदान करने की कोशिश की है।



## हरकतें बेहद घटिया हैं...इधर

# नेहा कक्कड़

## के कैंडी शॉप पर आए मिलियन व्यूज, उधर डांस स्टेप देख भड़कीं मालिनी अवस्थी




बॉलीवुड सिंगर नेहा कक्कड़ इन दिनों अपने नए गाने कैंडी शॉप को लेकर खूब सुर्खियों में हैं. गाने को काफी लोगों ने देखा है, लेकिन सोशल मीडिया पर कई लोगों ने इस गाने को ट्रोल भी किया है. लेकिन, अब लोकगायिका मालिनी अवस्थी ने भी इस गाने पर अपनी राय रखी है. उन्होंने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट शेयर करते हुए नेहा कक्कड़ के इस गाने में डांस स्टेप पर अपनी नाराजगी जताई है. यहां तक कि उन्होंने इसे घटिया भी बताया है.नेहा कक्कड़ का लेटेस्ट गाना लोगों के बीच काफी ट्रेंड कर रहा है, कुछ लोगों ने गाने को अच्छा बताया है. लेकिन, कुछ लोगों इस गाने को और इसके स्टेप को लेकर सिंगर को काफी ट्रोल कर रहे हैं. हाल ही में फेमस फोक सिंगर मालिनी अवस्थी ने नेहा कक्कड़ के जज होने पर भी सवाल उठा दिया है. उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा है, सोनी टीवी को इस बात का जवाब देना चाहिए कि नेहा कक्कड़ को इतने सालों तक इंडियन आइडल का जज क्यों बनाया गया.

**स्टेप्स को बताया घटिया**

सिंगर ने आगे अपना गुस्सा जताते हुए लिखा कि आप अपने चैनल पर युवा और मासूम टैलेंट को दिखाते हैं और किसी भी रियलिटी शो का जज उनके लिए एक रोल मॉडल होना चाहिए. लेकिन नेहा कक्कड़ का व्यवहार और उनकी कई हरकतें बेहद आपत्तिजनक और घटिया लगती हैं, जिसकी निंदा की जानी चाहिए. हालांकि, मालिनी अवस्थी के इस पोस्ट पर काफी सारे लोगों ने हामी भरी है और वीडियो के डांस स्टेप को अश्लील बताया है.

**कितने आए हैं व्यूज**

कैंडी शॉप गाने को लेकर मालिनी अवस्थी ने ही नहीं लेकिन कई आम लोगों ने भी सोशल मीडिया पर आपत्ति जताई है. नेहा के साथ-साथ उनके भाई टोनी कक्कड़ भी गाने के लिए ट्रोल हो रहे हैं. लेकिन वहीं गाने पर व्यूज की बात करें, तो यूट्यूब पर 3 दिन पहले रिलीज हुए इस गाने को अभी तक 4.8 मिलियन लोगों ने देखा है.

## लिम्बाचिया एंड सन्स...भारती-हर्ष दूसरी बार बने पेरेंट्स, वीडियो शेयर कर यूं किया खुशियों का इजहार




पॉपुलर टीवी कॉमेडियन भारती सिंह और उनके पति हर्ष लिम्बाचिया ने अपने जीवन की एक और प्यारी खबर सभी के साथ साझा की है. भारती ने 19 दिसंबर 2025 को अपने दूसरे बेटे के जन्म दिया है, जिसकी जानकारी अब सोशल मीडिया पर शेयर की है. जिससे उनके फैंस सहित दोस्तों और बॉलीवुड सेलेब्स में खुशी की लहर दौड़ गई है. सोशल मीडिया पर दोनों पति-पत्नी ने एक प्यारा वीडियो शेयर कर यह खबर अपने चाहने वालों को दी, जिसमें उन्होंने लिख दिया, लिम्बाचिया एंड सन्स.
भारती सिंह और हर्ष लिम्बाचिया ने इस साल खास तरीके से दूसरी बार प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट की थी. पहले ही उनका एक बेटा लक्ष है, जिसे लोग गोला के नाम से जानते हैं. गोला 3 अप्रैल 2022 को पैदा हुआ था. इस समय भारती और हर्ष एक बेटी की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन अब उन्हें छोटे बेटे का आशीर्वाद मिला है. इस खबर को सुनते ही इंटरनेट पर उनके फैंस ने कमेंट्स के जरिए ढेर सारा प्यार और बधाइयां भेजनी शुरू कर दी है.

**सभी दे रहे हैं बधाई**

जब से भारती और हर्ष ने इस खबर को अपनी इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, तब से कई नामी सितारों ने उन्हें बधाइयां दी हैं. एक्टर करण कुंद्रा ने लिखा कि कॉनग्रैच्युलेशंस लव्ली पेरेंट्स. वहीं एशा गुप्ता, आदा खां, सृति झा, अध्विक महाजन, करिश्मा तन्ना, मुक्ति मोहन, गौतम रोडे, शरद मल्होत्रा जैसे कई सितारों ने भी शुभकामनाएं भेजी हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमरजेंसी में भारती को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने अपने दूसरे बेटे को जन्म दिया.

**लोग करते हैं खूब पसंद**

भारती सिंह और हर्ष लिम्बाचिया ने 3 दिसंबर 2017 को गोवा में शादी की थी. शादी के बाद से दोनों की केमिस्ट्री और साझेदारी फैंस के बीच खूब पसंद की गई.

पहले बेटे गोला के जन्म के बाद से ही दोनों अपनी फैमिली लाइफ को खुले तौर पर शेयर करते रहे हैं और अब दूसरे बच्चे के आने से उनके घर में फिर से खुशियों का माहौल बन गया है. सामने आई जानकारी के मुताबिक, भारती और उनका दूसरा बेटा दोनों ही स्वस्थ्य हैं.

## आज खुश तो बहुत हैं हम... दीपिका कक्कड़-शोएब इब्राहिम ने खरीदी नई कार, इतनी है कीमत




'ससुराल सिमर का' फेम दीपिका कक्कड़ पिछले कुछ महीने से अपनी सेहत को लेकर काफी चर्चा में थीं. उनके लीवर में कैंसर का पता लगा था. हालांकि, उनका काफी समय से इलाज चल रहा था, जिससे वो रिकवर कर रही थीं. अब हाल ही में दीपिका ने अपने लिवर कैंसर सर्जरी के बाद अपने पहले PET स्कैन के बारे में फैंस को अपडेट किया. पति शोएब इब्राहिम ने व्लॉग में बताया कि दीपिका कक्कड़ की रिपोर्ट नॉर्मल आई है, जिसके बाद उनके परिवार में खुशी का माहौल है.फेमस सेलिब्रिटी कपल शोएब इब्राहिम और दीपिका कक्कड़ के घर में खुशी का माहौल है और इसके पीछे दो वजह हैं. एक दीपिका की रिपोर्ट नॉर्मल आना और दूसरी है कपल की पुरानी ख्वाहिश पूरी होना. दरअसल दोनों लंबे वक्त से गाड़ी खरीदने की प्लानिंग कर रहे थे और अब फाइनली कपल ने फाइनली अपने लग्जरियस कार अपने नाम कर ही ली.

**दीपिका और शोएब ने खरीदी कार**

शोएब इब्राहिम ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर की, जिसमें कपल लग्जरी कार की ओपनिंग करते नजर आए. दोनों ने करीब एक महीने पहले कार की बुकिंग की थी और अब कपल अपने घर नई गाड़ी लेकर आ गया है. वीडियो को पोस्ट करते हुए शोएब ने कैप्शन में लिखा, आज खुश तो बहुत हैं हम. उनके इस वीडियो पर फैंस ने बधाइयां देनी शुरू कर दी.

दीपिका कक्कड़ और शोएब इब्राहिम अपने बेटे रूहान के साथ कार की डिलीवरी के लिए पहुंचे. परिवार संग कपल ने अपने इस लग्जरियस मर्सडीज कार की डिलीवरी ली. शोएब ने अपने यूट्यूब चैनल पर इसका व्लॉग भी शेयर किया. शोएब ने अपने व्लॉग में नई गाड़ी दिखाई और बताया, हमने कुछ समय के लिए स्त्र स्९ खरीदने के बारे में भी सोचा था, लेकिन मुझे लगा कि श्व-क्लास अच्छा ऑप्शन है. ग्राउंड क्लीयरेंस में थोड़ी दिक्कत हो सकती है, लेकिन हम उसे मैनेज कर लेंगे.

**76 से 90 लाख की कीमत**

अलग-अलग वेरिएंट (E 200, E 220d, या E 350d) के हिसाब से इस कार की कीमत भारत में आमतौर पर 76 लाख रुपये से 90 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) के बीच होती है. ये MBUX इंफोटेनमेंट सिस्टम, लग्जरी लाउंज रियर सीटों और खास डायमंड-पैटर्न वाली ग्रिल के लिए जानी जाती है, जिसे आप अपनी तस्वीर में देख सकते हैं. दीपिका और शोएब हाई-एंड गाड़ियों के अपने शौक के लिए जाने जाते हैं. उनके कार कलेक्शन में एक मर्सिडीज-बेंज तस्र और एक BMW X| शामिल हैं.

## पैपराजी पर क्यों भड़क गईं

# अंकिता लोखंडे

## पैप्स को मांगनी पड़ी माफी



अंकिता लोखंडे ने बीती रात अपने परिवार और करीबी दोस्तों के साथ अपना 41 वां जन्मदिन मनाया. इस मौके पर उन्होंने एक पार्टी ऑर्गेनाइज की जिसमें वो अपने पति विकी जैन के साथ नजर आईं. उनकी इस बर्थडे पार्टी का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक्ट्रेस पैपराजी पर गुस्सा होती हुई नजर आईं. उनके गुस्सा होने के बाद पैप्स को एक्ट्रेस




से माफी मांगते हुए भी देखा गया.हालांकि, पैपराजी की एक हरकत की वजह से एक्ट्रेस का उनपर गुस्सा फूट गया. दरअसल, पैप्स की उनकी बर्थडे पार्टी में घुस गए थे. अंकिता लोखंडे ने इस तरह पार्टी गेट क्रैश किए जाने पर अपनी नाराजगी जाहिर की. ऐसे में बर्थडे के मौके पर उनका मूड काफी ज्यादा खराब हो गया.

**अंकिता लोखंडे का वीडियो**

उनकी बर्थडे पार्टी इवेंट से सोशल मीडिया पर अंकिता लोखंडे की गुस्से वाली कई वीडियो वायरल हो रही हैं,जिसमें वो पैप्स पर भड़की हुई नजर आ रही हैं. उनके साथ इस दौरान विकी जैन भी दिखे. अंकिता पैप्स को देख कहती है, अंदर क्यों आए थे तुम लोग ? इस पर पैपराजी ने कहा कि वो नहीं था, बल्कि कोई और अंदर आया था. इस जवाब पर अंकिता बोलीं, गलत बात है. बहुत गलत बात है.

एक्ट्रेस के गुस्सा होने पर पैपराजी ने उनसे माफी मांगी और कहा कि वो आगे से इस बात का ध्यान रखेंगे. इसके बाद एक्ट्रेस अपने पति विकी जैन के साथ अंदर चली गईं. अंकिता लोखंडे की बर्थडे पार्टी में खानजादी, मन्नारा चोपड़ा, समर्थ जुरेल, दिव्या अग्रवाल, एल्विश यादव अपर्णा दीक्षित समेत कई टीवी सेलेब्स को स्पॉट किया गया.

**अंकिता लोखंडे की पोस्ट**

अंकिता लोखंडे ने अपने बर्थडे बैश की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर कीं और उनके साथ एक बड़ा सा कैप्शन भी लिखा. इस कैप्शन में अंकिता ने अपने पति विकी जैन, अपनी फैमिली और फ्रेंड्स का शुक्रिया किया, जिन्होंने उनका बर्थडे स्पेशल कर दिया.



बीस साल पहले, डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे और उस समय मनरेगा संसद में सर्वसम्मति से पारित हुआ था... इसने गरीबों को रोजगार का कानूनी अधिकार दिया और इसके माध्यम से ग्राम पंचायतों को मजबूत किया। मनरेगा के माध्यम से महात्मा गांधी के सपनों की दिशा में एक ठोस कदम उठाया गया था। -सोनिया गांधी





**महंगा होगा रेल का सफर, 26 दिसंबर से...**

भारतीय रेलवे ने रेल यात्रियों के लिए बड़ा एलान किया है। 26 दिसंबर 2025 से ट्रेनों के किराए में संशोधन लागू होने जा रहा है। इस फैसले का असर देशभर के करोड़ों यात्रियों पर पड़ेगा, हालांकि रेलवे ने छोटी दूरी की यात्रा करने वालों को राहत देते हुए 215 किलोमीटर... पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# आस्था का धंधा करने वालों का खेल होगा खत्म

**सबसे अहम बात यह है कि यह पहल भारत को 'रिएक्टिव' से 'प्रोएक्टिव' बना रही है। अब भारत दूसरों के बनाए नियमों को चुपचाप स्वीकार करने वाला देश नहीं, बल्कि अपने मानकों को आत्मविश्वास से पेश करने वाला खिलाड़ी बन रहा है। हलाल प्रमाणन का यह कदम दरअसल एक बड़े संदेश का हिस्सा है यानि भारत अब वैश्विक व्यापार में बराबरी से बात करेगा, न झुकेगा, न हिचकेगा। बहरहाल, असली परीक्षा तब होगी जब भारत बाकी 54 इस्लामिक देशों में भी इसी तरह की औपचारिक मान्यता हासिल करेगा। तब यह कहा जा सकेगा कि भारत ने न सिर्फ़ व्यापार जीता।**

*देश-विदेश में वर्षों से हलाल सर्टिफिकेशन एक संगठित धंधा बन चुका है। कुछ निजी संस्थाएँ खुद को 'धर्म का ठेकेदार' घोषित कर मोटी फ़ीस के बदले हलाल सर्टिफिकेट जारी करती हैं वह भी बिना किसी सरकारी निगरानी, बिना पारदर्शिता और बिना जवाबदेही के। इन्हीं संस्थाओं को लेकर बार-बार यह गंभीर सवाल उठते रहे हैं कि उनके पास इकट्ठा हुआ पैसा आखिर जाता कहाँ है। जाँच एजेंसियों और सुरक्षा विशेषज्ञों ने भी आगाह किया है कि जब पैसा बिना नियंत्रण के बहे, तो वह टैरर फंडिंग जैसे खतरनाक रास्तों पर भी जा सकता है। समस्या यह थी कि मुस्लिम देशों में खासकर खाड़ी बाज़ारों में, हलाल प्रमाणन के बिना भारतीय मांस और खाद्य उत्पाद बेचना लगभग नामुमकिन था। इस मजबूरी का फायदा उठाकर वही निजी संगठन निर्यातकों की गर्दन पर सवार रहे। सर्टिफिकेट चाहिए तो उनकी शर्तें मानो, उनकी कीमत दो, उनकी व्यवस्था स्वीकार करो, चाहे वह कितनी ही अपारदर्शी क्यों न हो। सरकार की गैरमौजूदगी में यह समानांतर सत्ता वर्षों तक फलती-फूलती रही। लेकिन अब इस खेल पर ब्रेक लगने लगा है। भारत सरकार ने आधिकारिक, सरकार-मान्य और अंतरराष्ट्रीय रूप से स्वीकार्य हलाल प्रमाणन को लागू कर उस पूरे नेटवर्क की जड़ पर चोट की है, जो आस्था की आड़ में कारोबार और संभावित रूप से आतंकी फंडिंग का रास्ता खोलता रहा। ओमान द्वारा भारत के सरकारी हलाल सर्टिफिकेट को मान्यता दिया जाना सिर्फ़ निर्यातकों के लिए राहत नहीं है, यह उस अनियंत्रित सिस्टम के खिलाफ सीधी कार्रवाई है, जिसे अब तक कोई छूने की हिम्मत नहीं कर रहा था। यह कदम साफ़ संदेश देता है कि आस्था का सम्मान होगा, लेकिन आस्था के नाम पर लूट, दलाली और संदिग्ध फंडिंग अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हम आपको बता दें कि भारत ने अपने निर्यात हितों को साधने और वैश्विक बाज़ार में धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप व्यापार को सुव्यवस्थित करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने स्पष्ट किया है कि भारत उन सभी देशों से मिशन मोड में संवाद कर रहा है, जहाँ मांस और मांस उत्पादों के निर्यात के लिए हलाल प्रमाणन अनिवार्य है। इस कड़ी में ओमान के साथ हाल ही में हस्ताक्षरित भारत-ओमान व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता एक अहम मील का पत्थर साबित हुआ है। पीयूष गोयल ने बताया है कि ओमान पहला ऐसा देश बन गया है जिसने आधिकारिक रूप से भारत के हलाल मांस प्रमाणन को मान्यता दी है। हम आपको बता दें कि इससे पहले खाड़ी देशों और अन्य इस्लामिक देशों में हलाल प्रमाणन के नाम पर अनौपचारिक और अपारदर्शी प्रक्रियाएँ चल रही थीं। भारत पिछले तीन-चार वर्षों से प्रयास कर रहा था कि इन देशों को औपचारिक और सरकार स्वीकृत हलाल प्रमाणन प्रणाली अपनाने के लिए राज़ी किया जाए। इस समझौते के तहत ओमान भारत के हलाल प्रमाणन को सीधे स्वीकार करेगा, जिससे दोहराव वाली जाँच, अतिरिक्त प्रमाणन और अनावश्यक लागत से भारतीय निर्यातकों को राहत मिलेगी। इससे न केवल निर्यात लागत घटेगी, बल्कि भारतीय उत्पादों की बाज़ार तक पहुँच भी तेज़ और आसान होगी। पीयूष गोयल ने साफ शब्दों में कहा कि भारत अब सभी 55 इस्लामिक देशों के साथ इसी तरह की व्यवस्था लागू कराने के लिए सक्रिय बातचीत करेगा।*

## एक्सप्रेस आलेख

**डीएमके ने सेक्युलरिज्म आधारित जो प्रशासनिक मॉडल बनाया है, उसके निशाने पर सिर्फ हिंदू हैं। भगवान मुरुगन की सदियों पुरानी परंपरा को रोकना उसी मॉडल की परिणति है। डीएमके की नीति अल्पसंख्यक समुदायों को खुश करना और हिंदू समुदाय के खिलाफ़ आक्रामक रहा है। राज्य में वक्फ की ज़मीनों को लेकर कोई स्पष्ट नीति नहीं है। चर्च का धन भी अछूता है। लेकिन हिंदू मंदिरों के कोष पर राज्य का नियंत्रण है। मंदिरों की जमीनें भी सरकारी नियंत्रण में है। लेकिन अब राज्य का जनमत बदल रहा है। बीजेपी की कोशिश तमिल हिंदुत्व को उभारकर अपनी बुनियाद को मजबूत करना है। वह डीएमके के इस दोहरे चरित्र को लोगों को समझाने की कोशिश में है।**

# सेकुलरवाद का बहाना, वोटरों पर निशाना



उमेश चतुर्वेदी

**इंदिरा गांधी के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चुनावी कदाचार के आरोप में रायबरेली का निर्वाचन खारिज कर दिया था, तब न्यायपालिका की शक्तियां ही क्षीण कर दी गईं। मोहन कुमार मंगलम तो इससे भी दो कदम आगे बढ़ते हुए प्रतिबद्ध न्यायपालिका की बात करने लगे थे। पिछले साल इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शेखर यादव के एक बयान को लेकर भी विपक्षी गठबंधन नाराज हो गया था।**

बिहार में जाति-धर्म की सियासी पिच पर बुरी तरह मात खाने के बावजूद इंडिया गठबंधन का भरोसा इसी पर है। तमिलनाडु में जिस तरह कार्तिगई दीपम परंपरा स्थापित करने का आदेश देने वाले मद्रास हाईकोर्ट के न्यायाधीश जी आर स्वामीनाथन के खिलाफ गठबंधन ने लामबंदी की है, उससे यही संकेत मिल रहे हैं। डीएमके सांसद कनिमोई की अगुआई में विपक्षी गठबंधन के 120 सांसदों द्वारा स्वामीनाथन के खिलाफ महाभियोग का नोटिस देना गठबंधन की पारंपरिक राजनीति का ही विस्तार है। विपक्षी गठबंधन यह पचा नहीं पा रहा है कि कथित सेकुलर देश में किसी जज ने बहुसंख्यक सनातनी परंपरा स्थापित करने का निर्णय दे दिया है। स्वामीनाथन के फैसले के अनुसार, जहां कार्तिदीपम मनाया जाना है, वहां एक दरगाह भी है। दरगाह और मंदिर साथ हो तो मंदिर की कीमत पर दरगाह की परंपराएं अपने यहां चलती रही हैं। अब तक की शासन व्यवस्था के लिहाज से ऐसे मामलों में मंदिर के पक्ष में फैसला सवालों के घेरे में आता है। स्वामीनाथन ने मदुरै जिले की थिरूपरनकुंद्रम की पहाड़ी की चोटी पर कार्तिगई दीपम की परंपरा को स्थापित करने की मंजूरी दी है, जिसे 1920 के एक विवाद के बंद कर दिया गया था। यह बात और है कि डीएमके की अगुआई वाली तमिलनाडु सरकार ने विवाद की आशंका के बहाने अदालत के फैसले को लागू ही नहीं होने दिया। दिलचस्प है कि अल्पसंख्यक समुदाय ने इसका विरोध भी नहीं किया, बल्कि सरकार ही खुद आगे बढ़कर विवाद की आशंका से भर उठी। राज्य सरकार ने स्वामीनाथन के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील कर दी है। लेकिन इस फैसले के लिए स्वामीनाथन को पचा नहीं पा रही है। उसे लगता है कि अगर उसने जज को सबक नहीं सिखाया तो उसकी सेकुलरवाद के बुनियाद पर टिकी राजनीति में दरार पड़ सकती है। जज को सबक सिखाने और न्यायपालिका पर अंकुश लगाने के डीएमके के इस कदम में सबसे हैरतनाक कदम है, अखिलेश यादव का बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना। लोकसभा अध्यक्ष को महाभियोग प्रस्ताव पेश करते वक्त कनिमोई के साथ कांग्रेसी नेताओं और अखिलेश की मौजूदगी के संकेत गहरे हैं। दरअसल महागठबंधन के दल अल्पसंख्यक समुदाय को यह संकेत देने की कोशिश में हैं कि सिर्फ और सिर्फ इंडिया गठबंधन ही उसके हितों के लिए किसी जज को भी सूली पर चढ़ा सकता है। महागठबंधन की कोशिश कुछ महीने बाद होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए राज्य की करीब छह फीसद अल्पसंख्यक आबादी को लुभाना भी है। वैसे देखा जाए तो राज्य की सात करोड़ 21 लाख की आबादी में अल्पसंख्यकों की जनसंख्या महज 42 लाख तीस हजार ही है। ब्राह्मणवाद की बुनियाद पर उभरी डीएमके की राजनीति में अल्पसंख्यकवाद पिछड़ी जातियों को लुभाने का भी मंत्र रहा है। राज्य की अधिसंख्य



**स्वामीनाथन ने मदुरै जिले की थिरूपरनकुंद्रम की पहाड़ी की चोटी पर कार्तिगई दीपम की परंपरा को स्थापित करने की मंजूरी दी है, जिसे 1920 के एक विवाद के बंद कर दिया गया था। यह बात और है कि डीएमके की अगुआई वाली तमिलनाडु सरकार ने विवाद की आशंका के बहाने अदालत के फैसले को लागू ही नहीं होने दिया।**

पिछड़ी आबादी को भी लुभाने की इस बहाने की कोशिश हो रही है। इसीलिए कार्तिगई दीपम की परंपरा को रोकने में डीएमके को कोई हिचक नहीं हुई। इस पूरे मसले पर चर्चा से पहले जानना जरूरी है कि कार्तिगई दीपम त्योहार है क्या? दक्षिम के दीप पर्व के रूप में विख्यात कार्तिगई दीपम भगवान मुरूगन के सम्मान में तमिल महीने में दीप जलाने की परंपरा है। शिव और पार्वती के बड़े पुत्र कार्तिकेय तमिलनाडु में मुरूगन और सुब्रह्मण्यम के नाम से भी जाने जाते हैं। मदुरै जिले की जिस थिरुपरनकुंद्रम की पहाड़ी पर कार्तिगई दीपम मनाने का आदेश अदालत ने दिया, वह भगवान मुरूगन की छह पवित्र जगहों में से एक है। मान्यता है कि ब्रह्मा और विष्णु के बीच विवाद को सुलझाने के लिए शिवजी स्वयं अनंत अग्निस्तंभ के रूप में प्रकट हुए थे। उसी दीप स्तंभ की स्मृति स्वरूप उचिपिल्लायर मंदिर के पास प्राचीन दीपाथुन नामक स्तंभ के नजदीक महादीपक जलाया जाता है। थिरूपरनकुंद्रम की पहाड़ी पर भी इसकी परंपरा रही। लेकिन बाद में वहां मंदिर के नजदीक ही एक दरगाह स्थापित हो गई। दरगाह के बाद सेकुलरवाद को बढ़ावा देना जरूरी था, लिहाजा दीपम की परंपरा अधिकारियों ने रोक दी। जिसे शुरू करने को लेकर अदालती हस्तक्षेप की मांग की गई। पहले मदुरै की जिला अदालत में मामला चला और बाद में मद्रास हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जिसकी सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन ने पहाड़ी पर दीप जलाने की परंपरा शुरू करने का आदेश दिया। इसके बाद पहाड़ी पर तीन दिसंबर को दीप जलाने श्रद्धालुओं का जमावड़ा होने लगा। लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। राज्य की स्टालिन सरकार का कहना था कि इससे खून-खराबा हो सकता है। जबकि अल्पसंख्यकों की ओर से ऐसी कोई कोशिश या बयानबाजी भी नहीं हुई थी। बहरहाल, डीएमके सरकार के इस फैसले ने राज्य में पैर जमाने की कोशिश में बैठी बीजेपी को मुद्दा दे दिया। पार्टी का कहना है कि डीएमके सेक्युलरिज्म की बात करती तो है, लेकिन उसके निशाने पर सिर्फ़ हिंदू समुदाय ही रहता है। बीजेपी का आरोप है कि डीएमके ने कभी किसी गैर हिंदू परंपरा, दरगाह या आदि पर कभी कोई सवाल नहीं खड़ा किया। बीजेपी पूछ रही है कि आखिर राज्य के हिंदुओं ने कौन सी गलती की है कि उन्हें दीप जलाने के अधिकार के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है। डीएमके की पूर्ववर्ती जस्टिस पार्टी की स्थापना 1916 में हुई थी। उसका घोषित उद्देश्य एनी बेसेंट की अगुआई वाले होम रूल लीग आंदोलन का विरोध था। जस्टिस पार्टी का मानना था कि अगर होमरूल आंदोलन सफल हुआ तो तमिलनाडु में जारी ब्राह्मणवाद की वजह से ब्राह्मण अधिकारियों की तादाद बढ़ जाएगी। एक तरह से कह सकते हैं कि जस्टिस पार्टी की स्थापना ब्राह्मणवाद के विरोध के लिए हुई थी। कालांतर में उसकी ब्राह्मणवाद विरोध की राजनीति बढ़ते-बढ़ते ब्राह्मण विरोध पर केंद्रित हो गई। बाद में उसके विरोध के दायरे में हिंदी और पूरी सनातन परंपरा समा गई। यही वजह है कि स्टालिन कुनबे को हिंदुत्व की कटु आलोचना से कभी परहेज नहीं रहता। अहर्निश हिंदी विरोध और अब कार्तिगई दीपम का विरोध इसी परंपरा का विस्तार है। विपक्षी गठबंधन को इन दिनों संविधान बचाने की बहुत चिंता है। 'संविधान खतरे में है' की आवाज बुलंद करने वाले विपक्षी गठबंधन के दलों की नजर में न्याय वही है, जो उनके नैरेटिव के हिसाब से हो, अन्यथा वह सेकुलरवाद का विरोध है। राममंदिर पर सर्वोच्च न्यायाल के फैसले को ये दल अब भी दिल से स्वीकार नहीं कर पाए हैं। इंदिरा गांधी के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चुनावी कदाचार के आरोप में रायबरेली का निर्वाचन खारिज कर दिया था, तब न्यायपालिका की शक्तियां ही क्षीण कर दी गई। मोहन कुमार मंगलम तो इससे भी दो कदम आगे बढ़ते हुए प्रतिबद्ध न्यायपालिका की बात करने लगे थे। पिछले साल इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शेखर यादव के एक बयान को लेकर भी विपक्षी गठबंधन नाराज हो गया था। शेखर ने कहा था, 'ये कहने में बिल्कुल गुरेज़ नहीं है कि ये हिन्दुस्तान है। यहां रहने वाले बहुसंख्यकों के अनुसार ही देश चलेगा। यही क़ानून है। आप यह भी नहीं कह सकते कि हाई कोर्ट के जज होकर ऐसा बोल रहे हैं। क़ानून तो बहुसंख्यक से ही चलता है।' इसी अंदाज में स्वामीनाथन पर भी निशाना साधा जा रहा है। इसने एक बार फिर डीएमके और इंडिया गठबंधन की सियासी रणनीति का चेहरा उजागर किया है।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वितीया 10:51 तक |
| नक्षत्रः | उत्तराषाढ़ा 05:32 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | सोमवार |
| योगः | ध्रुव, 04:41 |
| सूर्योदयः | 07:10 |
| सूर्यास्तः | 17:29 |
| चंद्रमाः | धनु राशि में |
| राहुकालः | 08:28-09:45 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | पौष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:58-12:39 |

## जन एक्सप्रेस

### बदल सकते डेरा !

*रुख हो रहा नरम ।*
*बदल रहे बयान ।।*
*लगता आगे अलग ।*
*नया कुछ सम्मान ।।*
*क्या कहती नजदीकियां ।*
*लग रहे कयास ।।*
*हो शामिल इस दल में ।*
*बन न जाएं खास ।।*
*लगता वो भी राह अब ।*
*अलग रहे तलाश ।।*
*सूत्र भी लगभग अब ।*
*डाल रहे प्रकाश ।।*
*कर के रहेंगे फिर तो ।*
*नया अब सबेरा ।।*
*निकली सच्ची बात तो ।*
*बदल सकते डेरा ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# पीसीओएस में कैसे फायदेमंद है जीरा और सौंफ का पानी

**आज** के समय में अनहेल्दी लाइफस्टाइल के कारण ज्यादातर महिलाओं को शरीर में हार्मोन्स के असंतुलित होने की समस्या होती है, जिसके कारण कई महिलाओं को पीसीओएस की समस्या का सामना करना पड़ता है। पीसीओएस की समस्या में महिलाओं को पीरियड्स के अनियमित होने, थकान होने, कमजोरी होने, पाचन से जुड़ी समस्या होने, सूजन होने और ब्लड शुगर के अनियंत्रित होने की समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में इस समस्या से राहत के लिए जीरा और सौंफ के पानी का सेवन किया जा सकता है। सौंफ और जीरे में औषधीय गुण होते हैं, जिससे पाचन में सुधार करने, वजन कम करने, इम्यूनिटी को बूस्ट करने, स्किन को हेल्दी रखने, वजन कम करने और शरीर को डिटॉक्स करने से जैसी स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है, लेकिन ये पीसीओएस के लिए कैसे फायदेमंद है? डाइटिशियन एवं न्यूट्रिशनिस्ट अर्चना जैन के अनुसार, पीसीओएस यानी पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम की समस्या में महिलाओं को स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में औषधीय गुणों से



भरपूर जीरे और सौंफ का सेवन किया जा सकता है। ये के लिए कई तरीकों से फायदेमंद हैं। बता दें, जीरा और सौंफ के पानी में अच्छी मात्रा में फाइबर और एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए कई तरीकों से फायदेमंद है।

**गट के लिए फायदेमंदः** सौंफ और जीरा दोनों में भरपूर मात्रा में फाइबर होता है। इनके पानी का सेवन करने से पाचन प्रक्रिया में सुधार करने, ब्लोटिंग, गैस और कब्ज जैसी पाचन से जुड़ी समस्याओं से राहत देने और गट के स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिलती है।

**इंसुलिन के कार्यों को बेहतर करेः** सौंफ और जीरा दोनों में फाइबर और बहुत से पोषक तत्व होते हैं। इनके पानी का सेवन करने से शरीर में इंसुलिन सेंसिटिविटी में सुधार करने और ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित रखने में मदद मिलती है।

**शरीर को डिटॉक्स करेः** जीरा और सौंफ के पानी में बहुत से पोषक तत्व होते हैं। इसका सेवन करने से शरीर को नेचुरल रूप से डिटॉक्स करने और हार्मोन्स को बैलेंस करने में मदद मिलती है।

**सूजन कम करेः** पीसीओएस के कारण अक्सर महिलाओं को इंफ्लेमेशन की समस्या होती है। वहीं, सौंफ और जीरे के पानी में एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण होते हैं। इसका सेवन करने से शरीर की सूजन को कम करने, वजन कम करने और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करने में मदद मिलती है।

**निष्कर्षः** पीसीओएस की समस्या में महिलाओं को होने वाली ब्लोटिंग, कब्ज, गैस, अपच जैसी पाचन से जुड़ी समस्याओं, इंसुलिन रेजिस्टेंस और सूजन आने जैसी समस्याओं से राहत के लिए जीरा और सौंफ का पानी का सेवन करना फायदेमंद है। इससे स्वास्थ्य को कई लाभ मिलते हैं, लेकिन ध्यान रहे, इससे किसी भी तरह की एलर्जी होने पर इनका सेवन करने से बचना चाहिए। इसके अलावा, पीसीओएस की समस्या होने पर डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए।

## एक्सप्रेस विशेष

# तस्करों का देश नहीं है भारत-फिर बच्चे क्यों गायब हैं?



प्रो. आरके जैन

**समाधान के लिए एक सुसंगठित और बहुआयामी रणनीति अनिवार्य है। पुलिस बल को विशेष प्रशिक्षण के साथ एआई-आधारित ट्रैकिंग और विश्लेषण प्रणाली से लैस किया जाए। अस्पतालों में कड़ी निगरानी व्यवस्था को बाध्यकारी बनाया जाए।**

**यौन शोषण न केवल व्यक्तिगत जीवन को तोड़ देता है, बल्कि दीर्घकालिक स्वास्थ्य संकट और सामाजिक असुरक्षा को भी जन्म देता है। वहीं बाल श्रम मानव संसाधन को कुंद कर अर्थव्यवस्था को भीतर ही भीतर खोखला करता है। जब लाखों बच्चे इस अंधे और निर्दय जाल में फंसे हों, तब किसी भी राष्ट्र की विकास-गति का रुक जाना नहीं, बल्कि उसका भटक जाना तय हो जाता है।**

19 दिसंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने बाल तस्करी और बच्चों के वाणिज्यिक यौन शोषण को भारत की एक 'गहराई से परेशान करने वाली वास्तविकता' बताते हुए कठोर टिप्पणी की। यह फैसला साफ संकेत देता है कि कड़े कानूनों के बावजूद ये अपराध इसलिए पनप रहे हैं, क्योंकि वे इक्का-दुक्का घटनाएं नहीं, बल्कि संगठित और सुनियोजित कार्टेलों का हिस्सा हैं। अदालत ने पीड़ित बच्चों की गवाही को विश्वसनीय ढंग से परखने के लिए अहम दिशानिर्देश जारी किए-छोटी-मोटी असंगतियों के आधार पर बयान खारिज न करने और यौन शोषण की स्मृतियों को बार-बार कुरेदने से पैदा होने वाली द्वितीयक पीड़ा के प्रति संवेदनशील रहने पर विशेष जोर दिया। यदि इन निर्देशों का जमीनी स्तर पर ईमानदारी से पालन हो, तो बाल तस्करी के खिलाफ संघर्ष को वास्तविक मजबूती मिल सकती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के 2023 के आंकड़े इस संकट की भयावहता को और उजागर करते हैं। वर्ष 2023 में बच्चों के खिलाफ अपराधों के 1,77,335 मामले दर्ज हुए, जो 2022 की तुलना में 9.2% अधिक हैं। इनमें अपहरण और तस्करी की घटनाएं सबसे आगे हैं। मानव तस्करी के कुल 2,183 मामलों में अधिकांश पीड़ित बच्चे ही हैं। हर आठ मिनट में एक बच्चा लापता हो रहा है, और लाखों ऐसे हैं जो कभी वापस नहीं मिलते। कोविड-19 महामारी के बाद हालात और बिगड़े हैं-कुछ इलाकों में तस्करी के मामलों में 68% तक की वृद्धि दर्ज हुई, कई राज्यों में अपहरण के मामले दोगुने से भी अधिक हो गए। गरीबी और सीमाओं की निकटता तस्करों के लिए रास्ते आसान बनाती है, और बच्चों के लिए खतरे कहीं अधिक गहरे हो जाते हैं। उत्तर प्रदेश जैसे राज्य इस भयावह संकट के केंद्र में हैं। यहां अपहरण के हजारों मामले दर्ज होते हैं और कोविड के बाद बाल तस्करी में तेज उछाल देखा गया है। अप्रैल 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने अस्पतालों से नवजात शिशुओं की तस्करी पर कड़ा रुख अपनाते हुए निर्देश दिया कि ऐसे मामलों में संबंधित अस्पताल का लाइसेंस तत्काल निलंबित किया जाए। अदालत ने बाल तस्करी से जुड़े मुकदमों का निपटारा छह माह के भीतर करने का आदेश भी दिया। यह सख्ती इस कड़वी सच्चाई को उजागर करती है कि अस्पताल, जो जीवन के रक्षक होने चाहिए, अब कई जगह तस्करी के संगठित अड्डों में बदलते जा रहे हैं, जहां मिलीभगत के संकेत भी सामने आते हैं। इस अपराध की जड़ें गहरी सामाजिक-आर्थिक असमानताओं में धंसी हुई हैं। गरीबी, बेरोजगारी और अशिक्षा परिवारों को बच्चों को काम पर भेजने के लिए मजबूर करती है, और वहीं तस्कर उन्हें अपने जाल में फंसा लेते हैं। दलित, आदिवासी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चे सबसे अधिक खतरे में हैं। कानूनों का कमजोर और असंगत क्रियान्वयन तस्करों को संरक्षण देता है। तकनीक का दुरुपयोग बढ़ा है-ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के जरिए बच्चों को बहकाया जाता है। अस्पताल, रेलवे स्टेशन और बस अड्डे कार्टेल के प्रमुख ठिकाने बन चुके हैं, जबकि राजनीतिक गठजोड़ और कानूनी पेचीदगियां जांच की राह में दीवार खड़ी करती हैं। केंद्र सरकार के आंकड़े बताते हैं कि 2020 से अब तक हजारों बच्चे लापता हैं, जिनमें बड़ी संख्या तस्करी का शिकार है। भारत में बाल तस्करी रोकने के लिए सशक्त कानूनी ढांचा मौजूद है। संविधान का अनुच्छेद 23 मानव तस्करी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाता है। भारतीय दंड संहिता, अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम 1956, पॉक्सो एक्ट, बाल संरक्षण अधिनियम 2012 और किशोर न्याय अधिनियम 2000 जैसे कानून इस अपराध से निपटने के लिए पर्याप्त प्रावधान करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हालिया फैसलों में पीड़ितों की गवाही के संवेदनशील मूल्यांकन के स्पष्ट दिशानिर्देश दिए हैं। वर्ष 2025 में पॉक्सो मामलों के निपटान में उल्लेखनीय सुधार दिखा-87,754 मामलों का निस्तारण हुआ, जबकि 80,320 नए मामले दर्ज हुए-फिर भी लंबित प्रकरण और कम दोषसिद्धि दर बड़ी चुनौती बने हुए हैं।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# सपा का एआईआर चर्चा बूथ प्रभारी-बीएलओ सम्मेलन आयोजित, चुनावी रणनीति पर हुआ जोर

- कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ उनके बिना किसी भी चुनाव में सफलता संभव नहीं: दिव्या गंगवार
- सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि वीरपाल सिंह यादव ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



समाजवादी पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को दृष्टिगत रखते हुए, एआईआर चर्चा बूथ प्रभारी-बीएलओ सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि वीरपाल सिंह यादव ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पार्टी की रणनीति और संगठन को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। सम्मेलन में बोलते हुए वीरपाल सिंह यादव ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 'अबकी बार 400 पार' का नारा दिया था, लेकिन पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) ने उनके मंसूबों को असफल कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा को जोड़-तोड़ की सरकार बनाने पर मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा अपने इरादों में सफल हो जाता तो संविधान खतरे में पड़ जाता और मनुस्मृति आधारित व्यवस्था लागू हो जाती। वीरपाल सिंह यादव ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा समाप्त की गई छुआछूत को पुनः लागू करने का आरोप भाजपा पर लगाया। उन्होंने बीएलओ से अपील की कि वे ईमानदारी से अपने दायित्व निभाएं, ताकि असली वोट सुरक्षित रहें और फर्जी वोट न बनें। उनका कहना था कि इस प्रकार ही लोकतंत्र मजबूत रह सकता है। सम्मेलन की आयोजिका और महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव, दिव्या गंगवार ने कहा कि भाजपा ने एआईआर प्रणाली की शुरुआत बिहार से की थी, लेकिन उत्तर प्रदेश में बीएलओ की सक्रियता और सख्ती से भाजपा के हौसले पस्त हो गए हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आधी लड़ाई पहले ही जीत ली है। अब जनता खुलकर कहने लगी है कि भाजपा को केवल समाजवादी पार्टी ही हरा सकती है। दिव्या गंगवार ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीढ़ बताया और कहा कि उनके बिना किसी भी चुनाव में सफलता संभव नहीं है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि पार्टी को मजबूत बनाने के लिए हर बूथ पर सक्रिय रहना जरूरी है। वहीं जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा' ने कहा कि भाजपा जाति-पात में बांटकर चुनाव जीतने का काम करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में गरीब, पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न हो रहा है। किसानों की समस्या पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि किसानों ने छह माह की मेहनत से धान की फसल तैयार की, लेकिन उन्हें केवल 1600 रुपये प्रति क्विंटल के आसपास धान बेचने को मजबूर होना पड़ा, जबकि बिचौलिये धान क्रय केंद्रों पर खरीदारी कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा सरकार को पूंजीपतियों की सरकार बताया और कहा कि किसानों व व्यापारियों का शोषण हो रहा है। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि अब चूक का समय नहीं है। आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देने का समय आ गया है।

### कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहें

इस अवसर पर चौधरी प्रदीप सिंह पटेल, फैजान खां, रामचंद्र पटवा, सालिकराम गंगवार, रूपलाल महातिया, अभी गंगवार, भूदेव गंगवार, वालीउल्लाह, रुक्मिणी देवी, तोताराम सागर, राम बहादुर, बीडी प्रजापति, डॉ. यासीन अंसारी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मलखान सिंह, रामपाल पटेल, अनिल गंगवार, डॉ. रवि गंगवार, दिलबाग सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सम्मेलन में पार्टी के स्थानीय और जिला स्तरीय नेताओं ने आगामी चुनाव की तैयारी, बूथ प्रबंधन और संगठन को मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा की। यह आयोजन सपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा और पार्टी की आगामी चुनावी रणनीति को स्पष्ट करने वाला मंच साबित हुआ।

# रोटरी क्लब पीलीभीत ने मनाया सड़क सुरक्षा यातायात दिवस, नियमों के पालन का दिया संदेश

- आरटीओ वीरेंद्र सिंह ने आयोजित सड़क सुरक्षा कार्यक्रम की सराहना की और जागरूकता बढ़ाने का दिया संदेश

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**




रोटरी क्लब पीलीभीत की ओर से सड़क सुरक्षा यातायात दिवस के अवसर पर स्थानीय स्प्रिंगडेल कॉलेज गेट पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) वीरेंद्र सिंह मुख्य अतिथि रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत कार्यक्रम संयोजक रोटेरियन हेमंत जागोता ने पटका पहनाकर तथा क्लब अध्यक्ष डॉ. अनिल सक्सेना ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना रहा। सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत शुगर फैक्ट्री की ओर जाने वाले गन्ना लदे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया। वापसी के दौरान इन वाहनों के आगे और पीछे रिफ्लेक्टर लगाए गए ताकि रात्रि के समय दुर्घटनाओं से बचाव हो सके। इसके साथ ही लोगों को जागरूक करने के लिए पंपलेट वितरित किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आगामी एक माह तक सड़क सुरक्षा कार्यक्रम चलाया जाएगा। उन्होंने रोटरी क्लब पीलीभीत को इस अभियान में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया और आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। साथ ही अन्य सामाजिक संस्थाओं से भी सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया।इसके उपरांत रोटरी क्लब के सदस्यों ने गोहनिया रेल फाटक पर आने-जाने वाले वाहनों को सड़क सुरक्षा संबंधी पत्रक वितरित किए और व्यक्तिगत रूप से सभी से हेलमेट पहनने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। कार्यक्रम में यातायात पुलिस का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम के समापन पर क्लब सचिव रोटेरियन कपिश अग्रवाल ने सभी अतिथियों, सहयोगी संस्थाओं और सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर रोटेरियन एस.पी.एस. संधू, डॉ. अनुरिता सक्सेना, श्रीमती प्रिया जागोता, आर्किटेक्ट रोटेरियन गौरव अग्रवाल, विकास अग्रवाल, जी.एस. खेड़ा, रितेश अग्रवाल, डॉ. एस.के. मित्रा सहित बड़ी संख्या में रोटेरियन उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### केन्द्रीय राज्यमंत्री ने किया सांसद खेल महोत्सव का उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत।** गांधी स्टेडियम में रविवार को सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन केन्द्रीय राज्यमंत्री (वाणिज्य एवं उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी) जितिन प्रसाद ने किया। इस अवसर पर आयोजकों की ओर से पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया।केन्द्रीय राज्यमंत्री ने झंडा फहराकर तथा गुब्बारे उड़ाकर सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। उद्घाटन अवसर पर जनपद की चारों विधानसभा क्षेत्रों के स्कूली बच्चों द्वारा मार्चपास्ट किया गया, जिसने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।कार्यक्रम के दौरान 100 मीटर दौड़ की सीनियर बालक वर्ग प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की दौड़ प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले सिमरन सिंह को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, डॉ. आस्था अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरुभाग सिंह, पूर्व राज्यमंत्री हेमराज वर्मा, जिला क्रीड़ा अधिकारी, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं पत्रकार मौजूद रहे। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने और प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का संदेश दिया गया।



### संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से झोपडी जली

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में झोपड़ी में आग लग गई। जब तक आग पर काबू पाया। तब तक हजारों का सामान जलकर राख हो गया। सूचना तहसील प्रशासन को दी गई है। तहसील क्षेत्र के गांव जितौरिया टांडा निवासी हरिओम गौतम ने बताया कि गांव के बाहर उसकी झोपड़ी पडी हुई है।जिसमें मवेशियों के लिए भूसा,गेहूं आदि रखे हुए थे। शनिवार की देर शाम करीब सात बजे संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। रास्ते से गुजर रहे कुछ लोगों ने सूचना पीडित को दी। जिससे खलबली मच गई। वह परिवार सहित मौके पर पहुंचा। आस पड़ोस के कई लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने निजी संसाधनों से जैसे तैसे आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक झोपड़ी में रखा भूसा गेहूं चारपाई सहित हजारों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित के अनुसार उसका करीब झोपड़ी सहित करीब 40 हजार रुपए का नुकसान हो गया है। पीड़ित ने मामले की सूचना हल्का लेखपाल को देखकर हुए नुकसान का आकलन कर मुआवजा दिलाने की मांग की है।

### गन्ना क्रय केंद्रो पर ठिठुर रहे किसान, अव्यवस्थाए हावी

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** ठंड के साथ कोहरे का प्रकोप गन्ना किसानों पर भारी पड़ रहा है। ठंड के बावजूद घुंघचाई क्षेत्र में लगे गन्ना क्रय केंद्रों पर किसानों के बैठने व अलाव इत्यादि की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में तौल कराने के लिए आने वाले किसानों को ठंड से बचने के लिए सूखी पत्तियां जलानी पड़ रही है। तहसील क्षेत्र में पीलीभीत,पूरनपुर,मकसूदापुर,गुलरिया चीनी मिलों के गन्ना क्रय केंद्र स्थापित है। सरकार की ओर से गन्ना क्रय केंद्रो पर किसानों को बैठने,पेयजल और ठंड पडने पर अलाव की व्यवस्था करने के आदेश हैं। लेकिन तहसील क्षेत्र में लगे गन्ना क्रय केंद्रो पर कोई व्यवस्था नही दिख रही है। लगातार पड रही कडाके की ठंड के वावजूद केंद्रो पर अलाव की कोई व्यवस्था नही दिख रही है। तौल कराने के इंतजार में मौजूद किसान सुबह के समय ठंड व कोहरे में ठिठुरते नजर आ रहे है। परेशान किसानों ने बताया कि ठंड बढ़ने के बावजूद गन्ना तौल कराने के लिए मौजूद किसानों के लिए अलाव जलवाने तक का कोई इंतजाम नहीं है। न ही उनके बैठने के लिए शेड अथवा छाया स्थल का कोई इंतजाम है। जिससे किसान सूखी पडी पत्तियों को जलाकर ठंड से वचाव कर रहे है। बैठने की व्यवस्था न होने पर किसान जमीन पर ही बैठने को मजबूर है। जिससे किसान परेशान है।

### शिक्षक की भूमिका निभाई शिक्षा मित्र सतीश कुमार ने

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर-खीरी।** शिक्षा विभाग में ब्याप्त भ्रष्टाचार की एक और अनूठी मिशाल आईं सामने ब्लॉक फूलबेहड़ के अगरा के रहने वाले सतीश कुमार शिक्षामित्र के पद पर प्राथमिक विद्यालय भीखना पुर में शिक्षामित्र की नियुक्ति 2001 में हुई थी तथा नियुक्ति के दौरान शिक्षामित्र स्कूल में छात्रों को पढ़ता भी रहा और बीना अवकाश के शिक्षा विभाग को गुमराह करते हुए युवराज दत्त महाविद्यालय में रेगुलर छात्र के रूप में शिक्षा ग्रहण करता रहा एक साथ पढ़ना और पढ़ाना का काम कर रहा था मजे की बात शिक्षामित्र के से मामले की खंड शिक्षा अधिकारी को पूरी जानकारी थी उसके बाद न कोई जांच न कराई जिससे शिक्षामित्र का मनोबल इतना बढ़ गया कि वह कभी-कभी स्कूल जाता है उनके परिवार के एक सदस्य एनपीआरसी के पद पर तैनात थे इस बात का दबाव या शिक्षा मित्र बनाता रहता है और मौज काट रहा है।

### विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** क्षेत्र के गांव रधोला में एक नव विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर बरामदे में छत के कुंडे में साड़ी के फंदे से लटकते हुए मिलने से सनसनी फैल गई सूचना पर मायके विवाहिता के भाई ने अतिरिक्त दहेज न देने पर मार कर शव लटका देने का आरोप लगाते पुलिस को जानकारी दी थी पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।गांव देवरी थाना मैगलगंज निवासी शोभित ने बताया उसने अपनी बहन कीर्ति 25 वर्षीय की शादी लगभग 4 वर्ष पूर्व गांव रधोला निवासी अरुण के साथ की थी। लंबे अंतराल तक कोई बच्चा न होने पर ससुराल के लोग ताने देकर मायके वालों पर अतिरिक्त धन की मांग करते थे। असमर्थता जताने पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना देते हुए रविवार को सुबह 9 बजे करीब उसकी बहन की गला दबाकर हत्या कर साक्ष्य मिटाने को लेकर शव लटका दिए जाने का आरोप लगाया है।सीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया प्रथम दृष्टया आत्महत्या लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलते ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सनातन धर्म से जुड़े संतों को संगठित होकर कार्य करने का अवसर मिला: प्रिया शरण महाराज

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



वृंदावन की प्रख्यात रासलीला मंडली के संस्थापक एवं संचालक प्रिया शरण जी महाराज ने कहा कि वेद, पुराण, शास्त्र और संत परंपराओं के अनुसार व्यास पीठ पर बैठकर नारी वेद पाठ की अधिकारी नहीं है। यह विचार उन्होंने अग्रवाल सभा भवन में श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल के तत्वावधान में आयोजित भागवत कथा एवं रासलीला महोत्सव के दौरान आयोजित पत्रकार वार्ता में व्यक्त किए। उन्होंने पीलीभीत को 'छोटा वृंदावन' बताते हुए कहा कि राधा माधव संकीर्तन मंडल द्वारा सनातन धर्म और भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा जी की लीलाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। प्रिया शरण जी महाराज ने बताया कि रासलीला बच्चों में संस्कार विकसित करने का कार्य करती है। बाल लीलाओं के माध्यम से बच्चे भगवान श्रीकृष्ण की बाल्यकालीन लीलाओं से शिक्षा ग्रहण करते हैं और सनातन धर्म से जुड़ते हैं। उन्होंने कहा कि रासलीला के माध्यम से ईश्वर की दिव्य लीलाओं की झांकियां देखकर व्यक्ति ईश्वर से जुड़ता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे किसी भी धर्म, मजहब या संप्रदाय से द्वेष नहीं रखते। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सनातन धर्म से जुड़े संतों को संगठित होकर कार्य करने का अवसर मिला है।धार्मिक आयोजनों में कथा वाचकों द्वारा लिए जाने वाले पारिश्रमिक के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि यह आवश्यक नहीं कि केवल बड़े और प्रसिद्ध कथा वाचकों से ही कथा कराई जाए। साधारण और आकिंचन कथावाचक भी श्रेष्ठ कथाएं प्रस्तुत कर सकते हैं, जबकि बड़े नामों के साथ खर्च अधिक होता है। कथा और लीलाएं लोगों को भगवान से जोड़ने का माध्यम हैं। रामचरितमानस में तुलसीदास जी द्वारा कलयुग में धर्म के बिकने संबंधी कथन पर उन्होंने कहा कि धर्म को बेचने की बात गलत है। उनका कहना था 'जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी।' संत और कथावाचक धर्म के लिए कार्य करते हैं, जबकि रासलीला मंडलियां अपने कार्यक्रमों के लिए पारिश्रमिक अवश्य लेती हैं। इस अवसर पर राधा माधव संकीर्तन मंडल के संरक्षक प्रमोद पंत ने मंडल के 31 वर्षों के इतिहास की जानकारी दी। पत्रकार वार्ता का संचालन अधिवक्ता शिवम कश्यप ने किया। कार्यक्रम में मंडल के अध्यक्ष विश्वनाथ चंद्र, नीरज रस्तोगी, दीपक अग्रवाल, पंकज रस्तोगी सहित मंडल के अनेक सदस्य और पत्रकार भी उपस्थित रहें।

# जब वन्यजीव संरक्षण बना मानवीय संवेदना का उदाहरण

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



बिजनौर में जन्म के कुछ ही समय बाद मां द्वारा छोड़े गए नन्हे हाथी को पीलीभीत टाइगर रिजर्व में नई 'मां' और सुरक्षित आश्रय मिलना न केवल वन विभाग की तत्परता का प्रमाण है, बल्कि यह घटना मानवीय संवेदना और वैज्ञानिक वन्यजीव संरक्षण के सफल समन्वय का भी उदाहरण है। आमतौर पर जंगल का नियम कठोर होता हैं। कमजोर शावक अक्सर प्राकृतिक चयन की भेंट चढ़ जाते हैं। लेकिन जब बात संरक्षित वन क्षेत्रों और मानवीय हस्तक्षेप की आती है, तो जिम्मेदारी और संवेदना दोनों की कसौटी होती है। बिजनौर में कमजोर काया के कारण हथिनी द्वारा छोड़े गए शिशु हाथी को पीटीआर लाकर उसका संरक्षण करना यही दर्शाता है कि वन्यजीव प्रबंधन अब केवल निगरानी नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का दायित्व भी निभा रहा है। पीटीआर की माला रेंज में जिस प्रकार नन्हे हाथी के लिए अलग सुरक्षित वातावरण तैयार किया गया, पोषण, गर्माहट और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, वह वन विभाग की पेशेवर सोच को दर्शाता है। हथिनी निसर्गा द्वारा मां की भूमिका निभाना और कर्नाटक से लाए गए प्रशिक्षित हाथियों की उपस्थिति यह संकेत देती है कि संरक्षण अब प्राकृतिक व्यवहार को केंद्र में रखकर किया जा रहा है, न कि केवल कैद या अस्थायी बचाव के रूप में।यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पहली बार किसी नन्हे हाथी के सर्वाइवल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह जिम्मेदारी जितनी चुनौतीपूर्ण है, उतनी ही प्रेरणादायक भी। यदि यह प्रयोग सफल होता है, तो भविष्य में ऐसे मामलों के लिए पीटीआर एक मॉडल संरक्षण केंद्र के रूप में उभर सकता है।आज जब विकास और वन्यजीव संघर्ष की खबरें लगातार सुर्खियों में रहती हैं, ऐसे समय में यह घटना यह भरोसा दिलाती है कि संरक्षण केवल कानून से नहीं, संवेदना से भी संभव है। नन्हे हाथी को मिली नई 'मां' दरअसल उस उम्मीद का प्रतीक है, जहां मनुष्य और प्रकृति के बीच संतुलन अभी भी कायम किया जा सकता है।

# दो ट्रकों की भिड़ंत में चालक की मौके पर मौत, दूसरा ड्राइवर हुआ फरार

**जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी**



बरवर जहानीखेड़ा मार्ग पर रविवार सुबह घने कोहरा में दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में एक ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा रविवार सुबह करीब पांच बजे हुआ है।रविवार सुबह डीसीएम श्रीराम शुगर यूनिट अजबापुर से गन्ना तौल कराकर ट्रक चालक क्रय केंद्र चोरहा खुर्रमनगर जा रहा था। ट्रक के चंदिला चौराहा के पास पहुंचते ही सामने से तेज रफ्तार में आ रहे धान भरे ट्रक से आमने सामने टक्कर हो गई।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गन्ना उतारकर वापस लौट रहे ट्रक का केबिन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।इससे ट्रक चालक 24 वर्षीय अमित तिवारी पुत्र छोटे पंडित निवासी कस्बा मैगलगंज की मौके पर ही मौत हो गई।ट्रकों की टक्कर का शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण एकत्रित हो गए। इसके बाद सड़क हादसे की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को किनारे कराकर यातायात सुचारू कराया। ट्रक मैगलगंज के रवि गुप्ता का है जो संजय पांडे ट्रांसपोर्ट के माध्यम से अजबापुर चीनी मिल में क्रय केंद्र से गन्ना आपूर्ति में लगा है।मृतक अमित तिवारी अविवाहित था।धान भरे दूसरे ट्रक के चालक व परिचालक कोहरा का फायदा उठाकर घटनास्थल से फरार हो गए। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि बरवर-जहानीखेड़ा मार्ग पर रेडियम संकेतकों की कमी है।कई मोड़ होने के बाद भी सड़क सुरक्षा के मानकों को जिम्मेदार पूरा नहीं कर रहे हैं। चपरतला में नेशनल हाइवे 30 पर बने टोल गेट से बचने के लिए अधिकांश वाहन चालक इस मार्ग से गुजरते है।ऐसे में सड़क पर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।एसएचओ जितेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कोहरा के कारण हादसा हुआ है।वाहनों को किनारे कराकर यातायात व्यवस्था शुरू करा दी गई है।

# पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय पचपेड़ी में वार्षिकोत्सव, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी**



ब्लॉक क्षेत्र के पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय पचपेड़ी में शनिवार को वार्षिकोत्सव, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया।

खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि अमनदीप सिंह द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रूप सिंह यादव ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय में चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान का भी शुभारंभ किया गया, जिसमें अमनदीप सिंह ने बोर्ड पर हस्ताक्षर कर अभियान की शुरुआत की। प्रधानाचार्य रूप सिंह यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वार्षिकोत्सव में भाग लेने वाले सभी बच्चे बधाई के पात्र हैं और उन्हें मोबाइल से दूर रहकर किताबों व अध्ययन पर ध्यान देना चाहिए। मुख्य अतिथि अमनदीप सिंह ने कहा कि शिक्षा वह अमूल्य धन है, जिसे कभी बांटा नहीं जा सकता। बालिका वर्ग 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में रॉयल भारती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में हिमांशी प्रथम रहीं। बालक वर्ग 200 मीटर दौड़ में प्रियांशु ने बाजी मारी, जबकि 100 मीटर दौड़ में संतोष प्रथम रहे। कबड्डी प्रतियोगिता में कक्षा 8 की टीम विजेता बनी, वहीं खो-खो में कक्षा 7 की टीम प्रथम स्थान पर रही। नृत्य प्रतियोगिता में कक्षा 8 के छात्र मंजेश ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में मनोज कुमार, निर्मल चतुर्वेदी, वैभव पांडेय, अभिषेक बाजपेई, मनीष वर्मा, प्रदीप कुमार, विजय सिंह, हिमांशु, वेदप्रकाश एवं ममता शुक्ला सहित शिक्षकगण, अभिभावक और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# विद्या निकेतन की छात्रा निबन्ध प्रतियोगिता में अव्वल

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**



स्थानीय विद्यालय विद्या कुँवरि स्मारक सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज की छात्रा नैन्सी वर्मा कक्षा 12 ने सुशासन दिवस के अवसर पर 'भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी एवं सुशासन' विषय पर आयोजित तहसील स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 20 दिसम्बर 2025 को किया गया था जिसमे गोला गोकर्णनाथ तहसील के विद्यालयों के कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमे प्रतिभागियों को पूर्व प्रधानमंत्री के जीवनकाल और उनकी उपलब्धियों को अधिकतम एक हजार शब्दों में निबंध के रूप में प्रस्तुत करना था। विद्यालय के प्राचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं बालिका विभाग की प्राचार्या मधु त्रिपाठी ने इस गौरवशाली उपलब्धि पर छात्रा को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी।

# युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित विधायक खेल स्पर्धा का भव्य एवं गरिमामय आयोजन

**जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी**

युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित विधायक खेल स्पर्धा का भव्य एवं गरिमामय आयोजन कस्बे के जिलापंचायत इंटर कॉलेज के प्रागंण मे उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ क्षेत्रीय विधायक शंशाक वर्मा ने फीता काटकर किया।समारोह के आरम्भ में जीआईसी इंटर कॉलेज ,एस एमडी गायत्री इंटर कालेज निघासन के छात्र-छात्राओं द्वारा अनुशासित एवं आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह को अत्यंत प्रभावित किया। इसके पश्चात स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन को उल्लास,ऊर्जा एवं जीवंतता से भर दिया।खेल स्पर्धाओं के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न खेल विधाओं में पूरे जोश, उत्साह एवं खेल भावना के साथ प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विजयी प्रतिभागियों को विधायक शंशाक वर्मा ने मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं विधायक ने जानकारी देते हुए कहा कि खेल स्पर्धाएँ युवाओं में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास का विकास करती हैं।प्रदेश सरकार युवाओं को खेलों के माध्यम से आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है, ताकि प्रतिभावान खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जनपद व प्रदेश का नाम गौरवान्वित कर सकें। खेल गतिविधियाँ शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं। प्रशासन द्वारा खेलों को प्रोत्साहित करने हेतु आवश्यक अधोसंरचना एवं सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# पुलिस टीम ने दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया

**जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी**



जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत कोतवाली निघासन पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देश पर वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी निघासन शिवम कुमार के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली निघासन महेश चन्द्र के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार थाना निघासन पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 0372/2025 धारा 308(5), 318(4), 351(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत वांछित चल रहे अभियुक्त जैनुद्दीन पुत्र वसीर अली निवासी सिंगहा थाना सिंगाही जिला खीरी तथा रिजवान पुत्र अग्गा खां निवासी पठाननपुरवा थाना पढुआ जिला खीरी को रविवार को बिरजापुरवा जाने वाले रास्ते पर नहर की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस को लंबे समय से इन अभियुक्तों की तलाश थी।गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने अभियुक्तों के पास से बड़ी मात्रा में नेपाली मुद्रा, एक मोटर साइकिल तथा पीली धातु का नकली सोने की ईंट का टुकड़ा बरामद किया है। पुलिस की माने तो अभियुक्त जैनुद्दीन के कब्जे से 88 हजार रुपये नेपाली मुद्रा तथा अभियुक्त रिजवान के पास से 37 हजार रुपये नेपाली मुद्रा बरामद की गई। इसके अलावा एक अदद डिस्कवर मोटर साइकिल संख्या यूपी 31 एक्स 3096 तथा 322 ग्राम वजन की पीली धातु की नकली सोने की ईंट का टुकड़ा भी पुलिस ने जब्त किया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों से गहन पूछताछ की जा रही है, जिससे अन्य आपराधिक गतिविधियों से जुड़े अहम सुराग मिलने की संभावना है। प्रारंभिक पूछताछ में यह भी सामने आया है कि अभियुक्त सीमावर्ती क्षेत्र में सक्रिय रहकर संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं।गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक आदित्य कुमार यादव, कांस्टेबल राजकुमार, कांस्टेबल राहुल कुमार, कांस्टेबल गौरव कुमार तथा कांस्टेबल लवकुश शामिल रहे।पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अपराध व अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह सख्ती से जारी रहेगा, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके।

# प्रदेश में महराजगंज अव्वल : मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को किया सम्मानित

■ अभियान में जनपद के सर्वाधिक संख्या में किसान बने है एम-पैक्स के सदस्य

जन एक्सप्रेस । महराजगंज




एम-पैक्स सदस्यता महाअभियान 2025 में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए महराजगंज जनपद ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित सहकारिता विभाग के युवा सहकार सम्मेलन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद की इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एआर कोऑपरेटिव को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

जनपद ने अभियान के तहत 1.22 लाख नए एम-पैक्स सदस्य बनाकर प्रदेश में सर्वाधिक सदस्यता का रिकॉर्ड कायम किया। साथ ही 28 हजार किसानों को ऑनलाइन सदस्य बनाकर डिजिटल सदस्यता में भी नया कीर्तिमान स्थापित किया। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि को सहकारिता आंदोलन के लिए मील का पत्थर बताते हुए जिले की टीम को बधाई दी।

सहकारिता विभाग द्वारा बी-पैक्स सदस्यता महाअभियान 2025 का शुभारंभ 12 सितंबर 2025 को किया गया था, जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों को बहु-उद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितियों से जोड़ना था। इस अभियान का प्रमुख आकर्षण किसानों को कृषक पंजिका प्रदान करना रहा। जिलाधिकारी की पहल पर महराजगंज में उर्वरक वितरण को शत-प्रतिशत कृषक पंजिका से जोड़ दिया गया, जिससे वितरण व्यवस्था पारदर्शी और सुगम बनी तथा किसानों की सदस्यता में तेजी आई।

पूर्व में वर्ष 2023 के सदस्यता अभियान में जिले को 30 हजार का लक्ष्य मिला था, जिसके सापेक्ष लगभग 36 हजार सदस्य बनाए गए थे। जबकि वर्ष 2025 में पुनः 30 हजार का लक्ष्य मिलने के बावजूद जनपद ने 1.27 लाख से अधिक सदस्य बनाकर लक्ष्य से चार गुना अधिक उपलब्धि हासिल की। प्रति पैक्स औसतन 1300 से अधिक नए सदस्य जोड़ना भी एक रिकॉर्ड रहा।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने इस सफलता का श्रेय सहकारिता विभाग की पूरी टीम को देते हुए कहा कि एम-पैक्स सदस्यता महाअभियान 2025 जिला सहकारिता आंदोलन के सुदृढ़ीकरण का एक प्रभावी मॉडल बनकर उभरा है।

इसका सीधा लाभ किसानों को रबी सीजन में खाद वितरण के दौरान मिला। जनपद में 96 सहकारी समितियां हैं जो कि सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। इन समितियों के माध्यम से किसानों को संगठित कर उन्हें सहकारिता की मुख्यधारा से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया था। एआर कोऑपरेटिव सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि समिति के सदस्य बनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य किसानों को संस्थागत ऋण, खाद-बीज, उर्वरक, कृषि यंत्र, विपणन तथा विभाग संबंधी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। सदस्यता के माध्यम से किसानों को उर्वरक प्राप्त करने भी सहूलियत प्राप्त हुई। ऑनलाइन सदस्यता सुविधा ने अभियान को अधिक सरल और सुविधाजनक बनाया, जिससे सदस्यता अभियान में युवा किसानों की भागीदारी भी बढ़ी। अभियान के दौरान ग्राम स्तर पर जागरूकता, शिविरों का आयोजन, डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग और समितियों की क्षमता वृद्धि पर विशेष ध्यान दिया गया। डीएम के पहल पर विशेष शिविर लगाए गए। इसके चलते जिले में लक्ष्य से अधिक सदस्य समितियों से जुड़े। वैसे सदस्यता अभियान में मंडल में गोरखपुर आठवें, कुशीनगर इक्कीसवें और देवरिया चौंतीसवें स्थान पर रहा। जबकि शाहजहांपुर 108788 सदस्यों के साथ दूसरे, उन्नाव 103272 सदस्य संख्य के साथ तीसरे, खीरी 82824 कृषक सदस्यों के साथ चौथे और बुलंदशहर 81355 सदस्यों के साथ पांचवे स्थान पर रहा।

# चौक नगर पंचायत के स्थापना दिवस पर विकास यात्रा का उत्सव

**स्वच्छता, डिजिटल सेवाओं और बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय प्रगति, भविष्य की योजनाओं का रोडमैप प्रस्तुत**



जन एक्सप्रेस । महराजगंज

जनपद नगर पंचायत चौक का पांचवां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत कार्यालय परिसर को भव्य रूप से सजाया गया और विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष संगीता देवी ने की। उन्होंने कहा कि गठन के बाद बीते पांच वर्षों में नगर पंचायत ने विकास की नई दिशा पकड़ी है। स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, नाली-नालों की सफाई, सड़क निर्माण और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया गया है। अधिशासी अधिकारी ओमप्रकाश यादव ने बताया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शिता के साथ लागू करना प्राथमिकता है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई व्यवस्था को मजबूत किया गया है, वहीं नागरिक सेवाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय कुमार मद्धेशिया ने कहा कि ऑनलाइन शिकायत निवारण, कर भुगतान और सूचना प्रणाली से आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है। स्थापना दिवस के मंच से सड़क विस्तार, सौंदर्यीकरण, जल निकासी, हरित क्षेत्र विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार जैसी भविष्य की योजनाओं का रोडमैप भी साझा किया गया। कार्यक्रम का समापन नगर के सर्वांगीण विकास के संकल्प के साथ हुआ।

# चार देशी बम के साथ अन्तर्जनपदीय अभियुक्त गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले की हथिगवां थाने की पुलिस ने रविवार को एक शातिर बदमाश को चार देशी बम के साथ गिरफ्तार किया है। अन्तर्जनपदीय अभियुक्त कासिम अली के खिलाफ कौशाम्बी, प्रतापगढ़ व फतेहपुर जिले के विभिन्न थानों में चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट, विस्फोटक अधिनियम जैसे गंभीर अपराध के मुकदमे दर्ज हैं।

एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एसआई दिलीप कुमार वर्मा व उनकी पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कोतवाली कुण्डा थाना इलाके के समसपुर हाइवे अन्डरपास के पास से अभियुक्त कासिम अली को चार देशी बम के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त फतेहपुर जिले के खागा थाना इलाके के करसुआ गांव का रहने वाला है। पुलिस ने बरामदगी के संबंध में आरोपी के विरुद्ध विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

# भव्य कलश यात्रा के साथ महायज्ञ शुरू

जन एक्सप्रेस ।
बरगदवा/महराजगंज



विश्व शांति जन कल्याण की कामना को लेकर ग्रामसभा राजाबारी में नौ दिवसीय श्री श्री शतचंडी महायज्ञ भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ है। रविवार की दोपहर आकर्षक झांकी और गाजे-बाजे के साथ यज्ञस्थल से ठूठीबारी कस्बे तक कलश यात्रा भी निकाली गई।

रविवार को यज्ञाचार्य के मंत्रोच्चारण के साथ भव्य कलश यात्रा आकर्षक झांकी व देवी देवताओं के जयघोष और गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। इसमें 251 कन्याएं व महिलाए पीताम्बर वत्र धारण कर माथे पर कलश लेकर जयकारा लगाते हुए राजाबारी स्थित यज्ञ स्थल टढाहवा, पजरफोड़वा, राजाबारी से ठूठीबारी बाईपास सड़क होते हुए दुर्गा मंदिर से कस्बा भ्रमण कर चंदन नदी घाट पर जलभकर वापस यज्ञ स्थल पर लाया गया। जहां वैदिक मंत्रों के साथ कलश की स्थापना की गई। यात्रा में शामिल भक्तों के जयकारे से गांव का वातावरण भक्तिमय हो गया। इसी के साथ ही यज्ञाचार्यो की उपस्थिति में नौ दिवसीय महायज्ञ की शुरुआत की गई। वही सुरक्षा के दृष्टिकोण से कोतवाली के पुलिस प्रशासन जगह जगत तैनात रहे है। समिति के अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने बताया की नौ दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया गया है। यज्ञ 21 दिसंबर से शुरु होकर 29 दिसंबर को समापन व 30 दिसंबर को विशाल भंडारा होना है। प्रत्येक दिन के रात्रिकालीन में कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन भी होगा। इस दौरान समिति के उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, जयराम रौनियार, शेषमणि, सुभाष पाण्डेय, बलराम सोनकर, गुड्डु विश्वकर्मा, ओम मणि त्रिपाठी, रवि गुप्ता, संतोष मद्धेशिया, उदयभान तिवारी, बाबू नन्दन गिरी, मुन्ना गोस्वामी सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे है।

# अलर्टः यातायात पुलिस ने वाहनों में चिपकाये रिफ्लेक्टर

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले में रविवार को एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा जिले में एक विशेष रिफ्लेक्टिव (रिफ्लेक्टर) चस्पा अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत जिले के प्रमुख मार्गों, चौराहों, हाईवे एवं दुर्घटना संभावित स्थलों पर वाहनों, ठेलों, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, बैलगाड़ियों, ई-रिक्शा, लोडिंग वाहनों समेत सड़क किनारे स्थित अवरोधक स्थानों पर रिफ्लेक्टर चिपकाये गए। इससे रात्रि एवं कम रोशनी की स्थिति में वाहनों की दृश्यता बढ़ेगी और संभावित सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सकेगी। यातायात पुलिस द्वारा इस दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, रात्रि के समय रिफ्लेक्टर एवं लाइट का प्रयोग करने, ओवरस्पीडिंग न करने तथा सुरक्षित ड्राइविंग अपनाने के लिए भी जागरूक किया गया। साथ ही आमजन को यह संदेश दिया गया कि छोटी-सी सावधानी जीवन की बड़ी सुरक्षा बन सकती है। पुलिस द्वारा चलाये गये अभियान का उद्देश्य जिले में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, दुर्घटनाओं की संख्या को कम करना तथा आम नागरिकों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

# पति समेत छः के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले के महेशगंज थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का एक मामला सामने आया है। जहां एक महिला ने अपने पति, सास-ससुर और जेठ पर दहेज के लिए मारपीट करने व पति द्वारा अश्लील वीडियो बनाने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। महेशगंज पुलिस एसपी के आदेश पर पति, जेठ, सास व ससुर समेत छः आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार महेशगंज थाना इलाके के एक गांव की युवती की शादी तीन वर्ष पूर्व कोहड़ौर थाना इलाके के एक गांव में हुई थी। आरोप है कि विवाह के दौरान ससुराल वालों ने दहेज में चारपहिया वाहन ( कार ) की मांग की जिसे देने में असमर्थता जताने पर बारात लेकर लौटने लगे। जिस पर युवती के परिजनों के द्वारा मिन्नतें करने पर शादी को तैयार हुए और बोले कि भविष्य में दहेज की मांग पूरी कर दें नहीं तो अंजाम बुरा होगा। युवती का आरोप है कि शादी के कुछ दिनों के बाद से ही ससुराल वाले उसे मारने पीटने के साथ ही तमाम प्रकार से प्रताड़ित करना शुरू कर दिए। युवती ने पति पर आरोप लगाते हुए तहरीर में कहा है कि पति द्वारा उसका अश्लील वीडियो व रील बनाया गया है। इतना ही नहीं ससुराल वालों ने अपनी इच्छानुसार बातें युवती से कहलवा कर उसका वीडियो बनाने के साथ ही सादे कागज पर दस्तखत भी करवाया है। पीड़िता के अनुसार शादी से पहले उसे बताया गया था कि उसका पति लुधियाना में अच्छी प्राइवेट नौकरी करता है जबकि वह जादू-टोना करता है। टोना टोटका करने के लिए उसकी अंगुलियों से खून निकालकर उसे मारता पीटता है और कहता है कि तुम पर जिन्न है। पीड़िता द्वारा शिकायत करने पर हर बार समझौते के बाद उसे ससुराल वापस भेज दिया जाता था। बीते सितम्बर माह में पीड़िता ने कोहड़ौर थाने पर शिकायत की थी जिसके बाद भी ससुराल वाले बिना दहेज कब मुझे रखने को तैयार नहीं हैं। पीड़िता अपनी ग्यारह माह की बच्ची के साथ मायके में रह रही है। ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता ने मामले की शिकायत एसपी दीपक भूकर से की। एसपी के आदेश पर महेशगंज पुलिस ने महिला के पति, ससुर, सास और जेठ समेत छः लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# ऑपरेशन प्रहार : सवा किलो गांजे के साथ युवक धराया, जेल

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले की बाघराय थाने की पुलिस ने रविवार को थाना इलाके के चरही नहर पुलिया तिराहे के समीप एक युवक को लगभग एक किलो दो सौ चालीस ग्राम गांजा व नकदी के साथ गिरफ्तार किया। पकड़ा गया युवक थाना इलाके के सराय बबुझन गांव का निवासी है। एसपी दीपक भूकर के द्वारा नशे के खिलाफ चलाये जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत एएसपी पश्चिमी व सीओ सदर के पर्यवेक्षण व थाना प्रभारी श्रवण कुमार के नेतृत्व में एसआई अवधेश कुमार सिंह व उनकी पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने एक किलो दो सौ चालीस ग्राम गांजा व गांजा बिक्री के एक सौ चालीस रुपये नकद बरामद किया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज करते हुए रविवार को जेल भेज दिया। एसपी दीपक भूकर द्वारा जिले भर में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं प्रसार की रोकथाम हेतु पुलिस द्वारा निरंतर विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद को नशामुक्त वातावरण प्रदान करना तथा समाज, विशेषकर युवाओं, को इस गंभीर बुराई से सुरक्षित रखना है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध रूप से मादक पदार्थों का निर्माण, क्रय-विक्रय या तस्करी होती दिखाई दे, तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें जिससे प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# खराब नेटवर्क से कैसे हो पायेगा 'डिजिटल इंडिया' का सपना साकार

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले के नगर पंचायत कोहड़ौर समेत आसपास के क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से मोबाइल नेटवर्क की गंभीर समस्या बनी हुई है। महंगे रिचार्ज कराने के बावजूद उपभोक्ताओं को जियो, एयरटेल और बीएसएनएल सहित किसी भी प्रमुख दूरसंचार कंपनी का सही सिग्नल नहीं मिल पा रहा है।

हालांकि ज्यादातर समस्या जिओ नेटवर्क वालों को हो रही है। उपभोक्ताओं के अनुसार कॉल ड्रॉप, आवाज टूटना और स्लो इंटरनेट की समस्या आम बात हो गई है। एक ओर जहां सरकार **डिजिटल इंडिया** के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं कोहड़ौर समेत आसपास के क्षेत्रों में टेलीकॉम कंपनियों के नेटवर्क की खराब स्थिति इन दावों की पोल खोल रही है। देखा जाय तो नगर पंचायत में कई टेलीकॉम कम्पनियों के टावर लगे हुए हैं लेकिन नेटवर्क के नाम पर सब शून्य है। बिजली गुल होते ही नेटवर्क और ज्यादा खराब हो जाता है। लोगों का कहना है कि जब फोन पर बात की जाती है तो आवाज ही नहीं आती जो बात एक मिनट में होनी चाहिए उसके लिए चार से पांच बार फोन करना पड़ता है। नेटवर्क खराब होने के कारण ऑनलाइन पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोबाइल नेटवर्क की खराब क्वालिटी (कॉल ड्रॉप, वॉइस ब्रेकअप, स्लो इंटरनेट) से लोग बहुत परेशान हैं। घटिया नेटवर्क बैंकिंग, डिजिटल पेमेंट और अपनों से जुड़ने में दिक्कत पैदा कर रहा है। उपभोक्ता कभी अपने फोन को रीस्टार्ट करते हैं तो कभी सिम बदलकर नेटवर्क सुधारने का प्रयास करते अक्सर देखे जा रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या उपभोक्ताओं को ये है कि आखिर इस समस्या की शिकायत किससे की जाय। सत्यप्रकाश पाठक, सन्तोष दूबे, किशन सोनी, सुरेश दूबे, श्रीप्रकाश दूबे, देवानंद पाठक, सूरेश पाठक, राजेन्द्र शुक्ला, गुड्डु दूबे, बृजेश शुक्ल, श्रीधर समेत काफी संख्या में लोगों ने इस समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है।

## हिंसा के विरुद्ध हुंकार : बांग्लादेश की घटना पर सोनौली में उठा आक्रोश

जन एक्सप्रेस/सोनौली/महराजगंज। बांग्लादेश में एक हिंदू युवक की निर्मम हत्या के विरोध में रविवार को सोनौली के रामजानकी मंदिर परिसर में भारी आक्रोश देखा गया। हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर इस घटना को मानवता पर गहरा आघात बताया और बांग्लादेश सरकार से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। एकत्र हुए लोगों में आक्रोश और जुबां पर न्याय की गुहार थी।

प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए कहा, धर्म नहीं, इंसान मरा है। उन्होंने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को लेकर चिंता जताई और कहा कि यह घटनाएं वहां की कानून-व्यवस्था और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती हैं। महंत बाबा शिव नारायण दास ने कहा कि बांग्लादेश सरकार को अपने देश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए और किसी भी सभ्य समाज में इस तरह की हिंसा के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। प्रदर्शनकारियों ने भारत सरकार से भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस मुद्दे को उठाने की अपील की, ताकि पीड़ितों को न्याय और अल्पसंख्यकों को सुरक्षा मिल सके।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले के महेशगंज थाना इलाके में एसपी दीपक भूकर के निर्देशन महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा के उद्देश्य से रविवार को मिशन शक्ति टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा के मद्देनजर जागरूक किया गया। इस दौरान सुरक्षा से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गई। टीम द्वारा सरकार द्वारा संचालित महिला एवं जनसामान्य से जुड़ी हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। जिसमें वूमेन पावर लाइन, महिला हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, पुलिस हेल्पलाइन समेत विभिन्न महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही बालिकाओं एवं महिलाओं को नवीन आपराधिक कानूनों के संबंध में भी अवगत कराया गया तथा उनकी व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के बारे में संवाद कर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। टीम द्वारा थाने पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क एवं मिशन शक्ति के सीयूजी नंबर की जानकारी भी साझा की गई, ताकि आवश्यकता पड़ने पर महिलाएं निर्भीक होकर सहायता प्राप्त कर सकें। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, आत्मविश्वास एवं जागरूकता को बढ़ावा देना रहा।

# विराट हिन्दू सम्मेलन का भूमि पूजन संपन्न

जन एक्सप्रेस । पनियरा/महराजगंज



नगर पंचायत पनियरा स्थित बाबा रहसुगुरु धाम परिसर में रविवार को प्रस्तावित विराट हिन्दू सम्मेलन के उपलक्ष्य में भूमि पूजन एवं विशाल जागरूकता बाइक रैली का आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान से भूमि पूजन के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने सनातन संस्कृति की रक्षा और समाज की एकता का संकल्प लिया। भूमि पूजन के पश्चात हजारों युवाओं एवं सनातन प्रेमियों ने भगवा ध्वजों से सजी मोटरसाइकिल रैली निकाली। जय श्रीराम और भारत माता की जय के नारों से पनियरा की सड़कें गूंज उठीं। रैली नगर व आसपास के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जहाँ स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। रैली का उद्देश्य आगामी 28 दिसंबर को होने वाले सम्मेलन के लिए जन-जागरूकता और आमंत्रण देना रहा।

आयोजन समिति के अध्यक्ष गिरधारी जी महाराज ने कहा कि संगठित हिन्दू समाज ही समर्थ राष्ट्र की नींव है। उन्होंने अधिकाधिक संख्या में सम्मेलन में सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम में समिति पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर भोला, दिलीप, विनय, रामचन्द्र, जीवेश, दीपक, योगेन्द्र, अरविंद, संदीप, अनूप, अशोक, सुनील, हेमन्त, अमृत, अर्जुन, उमाशंकर पांडेय, दुर्गेश, शैलेश, विजय, निर्भय, उमेश, वेद प्रकाश और राजेश सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सोनौली बॉर्डर पर श्रीलंकाई नागरिक गिरफ्तार

■ सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता से पकड़ा गया विदेशी नागरिक, विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज

जन एक्सप्रेस । सोनौली/महराजगंज



भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित सोनौली इमिग्रेशन कार्यालय में शनिवार को नियमित जांच के दौरान एक श्रीलंकाई नागरिक को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में हिरासत में लिया है। पकड़े गए विदेशी व्यक्ति की पहचान केनाडी राजेन्द्रम, पुत्र नेगोम्बो, निवासी श्रीलंका, के रूप में हुई है।


आव्रजन अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान उसकी गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। पूछताछ में सामने आया कि पासपोर्ट और वीजा वैध होने के बावजूद उसने समुद्री मार्ग से अनाधिकृत तरीके से भारत में प्रवेश किया, जो भारतीय कानूनों का उल्लंघन है। बताया जा रहा है कि भारत-नेपाल सीमा पर बढ़ रही संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए सुरक्षा एजेंसिया पूरी तरह सतर्क हैं। सीमा क्षेत्र में निगरानी और जांच अभियान को और सख्त करने की योजना बना रही हैं, ताकि अवैध प्रवेश एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

इस संबंध में सोनौली कोतवाली प्रभारी महेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 12(3)/23 एवं 14 विदेशी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया और उसे जेल भेज दिया गया।

# चिरपुरा खंड संचालक नदी की जलधारा को कर रहा प्रभावित, जिम्मेदार मौन

## लोकेशन माफियाओं के सहारे चल रहा चिरपुरा घाट, सरकार के राजस्व को पहुंचाई जा रही हानि

जन एक्सप्रेस । उरई



जालौन के कालपी तहसील के चिरपुरा मौरंग खंड संख्या 2 इस समय चर्चा का विषय बनी हुई है, क्योंकि ठेकेदार द्वारा किराए के ठेकेदार तैयार किए गए जो मौरंग खंड को संचालित करते दिख रहे है। इनके सामने सरकार द्वारा निर्धारित नियमों को तोड़ना बाएं हाथ का खेल है। ठेकेदार के गुर्गों ने वेतवा नदी को एक जिले से दूसरे जिले को जोड़ने तथा नदी के बीच से किनारे निकलने के लिए कच्चे पुल का निर्माण किया गया, इसकी अनुमति वैधानिक तरीके से नहीं ली गई, यह पुल जानलेवा भी होता है मालूम नहीं कब कौन सा मौरंग से भरा हुआ ट्रक काल के गाल में समा जाय। इसके अलावा जिस अवैध पुल का निर्माण ठेकेदार द्वारा करवाया जाता है, इससे नदी की धारा प्रभावित होती है नियमानुसार नदी की धारा को प्रभावित नहीं किया जा सकता। इसी प्रकार ठेकेदार के द्वारा जिन भाड़े के ठेकेदारों को रखा जाता है, उनके द्वारा सभी गलत कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है, यही नहीं चिरपुरा मौरंग खंड से लोकेशन माफियाओं का संजाल तैयार किया जा रहा है, जो जिले के सभी मौरंग खंडों से ओवरलोड ट्रक निकालने का ठेका लेता है, जिससे सरकार को भारी राजस्व की क्षति होती है। अभी हाल ही में बगल के जिले हमीरपुर में पुलिस अधीक्षक द्वारा व्हाट्सअप चैट के जरिए लोकेशन माफियाओं की धरपकड़ की थी। जिससे कुछ दिनों के लिए शांत व्यवस्था चली लेकिन जालौन के लोकेशन माफिया सक्रिय हुए फिर हमीरपुर को भी अपनी जद में ले लिया। कुछ लोगों का कहना है कि चिरपुरा मौरंग खंड संख्या 2 को अवैध तरीके से संचालित करने बालों में से ही लोकेशन माफिया सरगना है जो जालौन और हमीरपुर में लोकेशन के कार्य को संचालित कर रहा है।चिरपुरा मौरंग खंड संख्या 2 के संचालक अजय पाल सिंह परमार को असल बात की जानकारी है या नहीं इस बारे में उक्त संवाददाता को जानकारी नहीं हो सकी। वहीं दूसरी ओर खनिज विभाग ने भी इस मौरंग खंड में अभी तक कोई जानकारी हासिल कि या नहीं यह बात करने पर मालूम होगा। भाड़े के ठेकेदारों की बात करें तो ज्यादातर मौरंग खंडों में यही चल रहा है मालिक अवैध कार्य से दूर रहता है किराए के कुछ गुर्गों से मौरंग खंड के सारे गलत कार्यों को कराने की जिम्मेदारी दे देता है। यही नहीं कुछ विशेषज्ञों की माने तो अत्यधिक खनन पानी में पनपने वाले मित्र जीवाणुओं को नष्ट कर देते है लेकिन हैवी मशीनों के सहारे सब कुछ वेतवा नदी से छीना जा रहा है। समाज का प्रत्येक वर्ग तमाशबीन बना हुआ है। खनिज विभाग की बात करें तो निरीक्षण कब होता है किस खंड में क्या गलत पाया क्या जुर्माना लगा, कौन से मौरंग खंड में अनैतिक तरीके से खनन किया जा रहा है इसकी सूचना पत्रकारों को नहीं दी जाती न ही सार्वजनिक पटल पर चस्पा होती है ये सभी कार्य विभाग कब करता है किसी को इसके बारे में कोई जानकारी नहीं होती। इस संबंध में जब जिला खनिज अधिकारी शनि कौशल के मोबाइल नंबर 8887534825 पर संपर्क करना चाहा तो उन्होंने फोन नहीं उठाया और मेरी बात उनसे नहीं हो सकी है।

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान, मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

उरई। कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम धुरट में मामूली कहासुनी के बाद महिला ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने उसकी हत्याकर शव लटकाने का आरोप लगाया है। कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम धुरट निवासी रामशंकर मजदूरी करता है। बताया गया कि उसकी पहली पत्नी की मौत के बाद दूसरी शादी झांसी जिला के ग्राम कुरैठा थाना गुरसरांय निवासी जयंती के साथ हुई थी। उसका एक पुत्र निपुश व दो पुत्रियां भूमि व काव्या हैं। शनिवार की शाम को पति पत्नी में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई तो पत्नी जयंती ने घर के कमरे में साड़ी से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। जब कुछ देर बाद पति ने उसे फंदे पर लटका देखा तो उसके होश उड़ गए। इसके बाद उसने तुरंत स्वजन व पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विमलेश कुमार मौके पर पहुंचे और फोरेंसिक टीम के साथ जांच कर मायके पक्ष को भी इसकी जानकारी दी। मायके पक्ष से मृतका के पिता गोविंद पाल व भाई सुनील मौके पर आए और उन्होंने हत्याकर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। मामले में थाना प्रभारी विमलेश कुमार ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है है।

# महिलाओं के उत्पीड़न से परेशान पुरुषों की राष्ट्रीय ब्राह्मण एकता संघ करेगा मदद : अभिषेक

## राष्ट्रीय ब्राह्मण एकता संघ ने पुरुष आयोग बनाने की उठाई मांग

जन एक्सप्रेस । उरई



देश में लगातार हो रही ब्राह्मणों की हत्याओं व कुछ महिलाओं द्वारा पुरुषों किया जा रहा उत्पीडन अब कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय ब्राह्मण एकता संघ अब महिलाओं से पीडित पुरुष की लड़ाई लडेगा। जल्द से जल्द पुरुष आयोग बनाने की मांग उठाई जाएगी। आज के परिवेश में महिलाओं से पीडित होकर नवयुवक आत्महत्या जैसे कदम उठा रहे यह बहुत ही सोचनीय विषय है। यह बात राष्ट्रीय ब्राह्मण एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक दीक्षित ने रविवार को कालपी रोड स्थित एक होटल में आयोजित संगठन की बैठक में कही। उन्होंने वायुसेना में तैनात रहे राधेश्याम तिवारी का मामला उठाते हुए कहा कि आज उनकी बहु द्वारा उन्हें परेशान किया जा रह है। मारपीट के साक्ष्य पुलिस को दिखाए जाने के बाद भी प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा है। अगर राधेश्याम तिवारी को न्याय नहीं दिया जाता तो राष्ट्रीय ब्राह्मण एकता संघ प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करेगा। उन्होंने राजकीय मेडिकल कॉलेज की लचर व्यवस्था मरीजो के लिए चिंताजनक बनी हुई है, डॉक्टरों द्वारा मेडिकल कॉलेज में न बैठकर अपने अपने प्राइवेट संस्थानों को चलाया जा रहा है। मरीज परेशान होकर यह वहा भटकता रहता है। अगर मेडिकल प्रशासन नहीं जागा तो राष्ट्रीय ब्राह्मण एकता संघ मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य के आवास के बाहर धरना प्रदर्शन करेगा। जिलाध्यक्ष पवन त्रिपाठी रुरा ने कहा कि आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों के विरुद्ध की गई अपमानजनक और अमर्यादित टिप्पणी न केवल नारी सम्मान पर हमला है, बल्कि पूरे देश में जातीय वैमनस्य फैलाने का प्रयास है। इसी तरह घंटाघर के पास स्थित प्राचीन लक्ष्मी नारायण मन्दिर अराजक तत्वों के द्वारा तोड़ा जा रहा है जिसको लेकर कई बार प्रशासन को सूचना दी गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। इन घटनाओं को प्रशासन द्वारा अगर जल्द से जल्द निष्पक्ष कार्यवाही करके निस्तारण नहीं किया गया तो राष्ट्रीय ब्राहमण एकता संघ प्रशासन के खिलाफ आन्दोलन खड़ा करेगा। इस मौके पर अनुरुद्ध द्विवेदी इटौरा, विजय वाजपेयी, उपेंद्र तिवारी, आकाश तिवारी मीडिया प्रभारी, दिनेश तिवारी, विनय तिवारी, निधि द्विवेदी महिला जिलाध्यक्ष, अभि पंडित, मृदुल दीक्षित कुकरगांव आदि प्रमुख रुप से मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

जन एक्सप्रेस । शाहाबाद



शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर नरकतरा गांव में एक युवक का संदिग्ध अवस्था में पेड़ पर लटका हुआ शव मिला है। जिससे गांव में सनसनी फ़ैल गई । सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह फोर्सबल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतरवाया। परिजन गांव के ही दो भाइयों पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित किये हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर नरकतरा निवासी कल्लू के 25 वर्षीय पुत्र राजू का गांव के बाहर पेड़ से लटकता हुआ शव पाया गया। सुबह खेत विवाद को लेकर गांव के तेजराम और विश्वनाथ से उसका विवाद हुआ। आरोप है राजू को पीटा गया। इसके थोड़ी देर बाद राजू पेड़ पर लटका हुआ मिला। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और सहायक पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण ने भी मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया। मृतक के पिता कल्लू ने गांव के ही विश्वनाथ और उसके भाई तेजराम पर बेटे की हत्या करने और उसके बाद लटका देने का आरोप लगाया है। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर साक्ष्य संकलित किये हैं। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक कोतवाली में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई। सहायक पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण ने बताया फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए हैं । तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### युवक ने खेत पर महिला के साथ किया दुष्कर्म करने का प्रयास

जन एक्सप्रेस । उरई

कैलिया थाना क्षेत्र के एक गांव में खेत पर काम करते समय गांव के ही निवासी युवक ने छेड़छाड़ कर दी। महिला ने दुष्कर्म करने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

कैलिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला अपने मटर के खेत पर रखवाली करने के लिए गई थी।जब वह खेत पर थी, तभी आरोपित बबलू राठौर खेत पर पहुंचा और महिला के साथ छेड़खानी करते हुए दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। इस दौरान उसके चिल्लाने पर आसपास के खे?तो में काम कर रहे किसान वहां पहुंचे। इससे पहले ही आरोपित वहां से भाग गया। मामले में थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर पर छेड़ छाड व एससी-एसटी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, और उसकी तलाश शुरु कर दी है।

# सुरेंद्र वो दीपक था जो दूसरों को रोशनी के लिए जला, दूसरों से जलने के लिए नहीं : कशफ़ी

जन एक्सप्रेस । उरई



शहर के राठ रोड स्थित विजय विक्रम रिसोर्ट पर एक कवि सम्मेलन मुशायरा सुरेंद्र मौखरी की याद में यगदत्त त्रिपाठी की अध्यक्षता और मशहूर शायर शफ़ीकुर्रहमान कशफ़ी के संचालन में हुआ। जिसकी शुरुआत प्रिया श्रीवास्तव दिव्यम की सरस्वती वंदना और बुन्देलखण्ड के रफी मिर्ज़ा साबिर बेग की नाते पाक से हुआ।

सैकड़ों लोगों की भीड़ की मौजूदगी देर रात तक चला। जिसमें सभी कलमकारों ने अपनी शाब्दिक श्रद्धांजली दी। गज़लों गीतों मुक्त कों से भीड़ को बांधे रक्खा सिद्धार्थ त्रिपाठी ने पढा, प्रिय सुरेंद्र तुम गए नहीं हो हम सबके दिल में रहते हो, चित्र तुम्हारा जब भी देखें लगता है तुम कुछ कहते हो, प्रिया श्रीवास्तव दिव्यम ने पढ़ा भले ही राह पर दिल की मुहब्ब्त के तराने हैं, मगर कुछ और भी हैं फ़र्ज़ जो हमको निभाने हैं। हास्य व्यंग्य के शायर असरार अहमद मुक़री ने ये पढ़कर हंसाया या रब हमारे फन का कोई कद्रदान मिले, चेले बहुत मिले हैं चेली नहीं मिली, संचालन कर रहे शफ़ीकुर्रहमान कशफ़ी ने सुरेंद्र को याद करते हुए पढा होशो हवास ताबो तबां जानो दिल नज़र, आजा की कर रहे हैं तेरा इंतज़ार सब, हास्यव्यंग के कवि किरपाराम किरपालु ने पढ़ा, समय से बहुत पहले छोड़ा सभी को सुरेंद्र तेरी स्मृतियां रुलाती बहुत हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि यज्ञदत्त त्रिपाठी जी ने अपने उद्बोधन में कहा सुरेंद्र एक ऐसा नाम था जो कम उम्र में चाहे राजनीत हो या समाजिक क्षेत्र हो बिना भेदभाव के सबके साथ डट कर खड़ा होता था ऐसी ही तमाम खूबियों ने सुरेंद्र हर किसी के दिलों में जिंदा है। इसके बाद कार्यक्रम में मिर्जा साबिर वेग को नेता जी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सुरेंद्र मौखरी के बड़े भाई चंद्रशेखर मौखरी, रिंकू मौखरी, पुत्र सूर्यांश, सनी मौखरी ने सभी कलमकारों को स्मृति चिन्ह और शाल उढाकर सम्मानित किया। पत्नी संध्या मौखरी ने सभी कवियत्रियों को सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री हरिओम उपाध्याय, राघवेंद्र भदौरिया, डॉक्टर स्वदेश गुर्जर, रामसहोदर चाचा, आनंद परिहार, राहुल पिरौना, अजीत गुड्डु, विक्की पटेल, हिमांशु ठाकुर, महेश शिरोमणि, लल्लन यादव, बीनू ठाकुर, जीवन बाल्मीक, फरहत उल्ला, अनुज दाऊ, राहुल मौखरी, प्रमोद श्रीवास, समर क़ाज़ी आमिर फरीदी पवन पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति टीम ने सुरक्षा व साइबर क्राइम के बारे में लोगों को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । हरदोई




रविवार को मिशन शक्ति टीम ने हरपालपुर थाना क्षेत्र के भुसेहरा गांव में लोगो को साइबर अपराध और महिला सुरक्षा से जुड़ी जानकारियां देते हुए जागरूक किया।

मिशन शक्ति टीम ने हरपालपुर क्षेत्र के भुसेहरा गांव पहुंचकर महिलाओं व आमजन को रविवार की दोपहर लोगो मे जागरूकता लाने के लिए महिला उप निरीक्षक अंजना सचान ने पम्पलेट वितरित कर जागरूकता अभियान चलाया।

उन्होंने महिलाओं को बताया कि किसी भी अपराध या उत्पीड़न की स्थिति में वे कैसे और कहां शिकायत दर्ज करा सकती हैं। महिलाओं को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत जारी हेल्पलाइन नंबरों में 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस, 101 अग्निशमन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन और 1930 साइबर हेल्पलाइन की जानकारी दी गई। महिला उप निरीक्षक ने कहा कि इन नंबरों पर त्वरित मदद उपलब्ध कराई जाती है।उन्होंने यह भी बताया कि नई साइबर सुरक्षा नीतियों और कानूनों के तहत ऑनलाइन ठगी, फेक प्रोफाइल और डिजिटल उत्पीड़न जैसे अपराधों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।जागरूकता कर्यक्रम में महिला आरक्षी आशा,आरक्षी मोहित कुमार मौजूद रहे।

### टैंकर ने बाइक में मारी टक्कर, युवक घायल

जन एक्सप्रेस । उरई

डकोर कोतवाली क्षेत्र के बंधोली मार्ग पर रविवार को एक तेज़ रफ़्तार टैंकर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया।

डकोर के कस्बा मुहम्मदाबाद निवासी हर्ष 20 वर्ष पुत्र पुष्पेंद्र रविवार को बाइक से अपने खेत पर जा रहा था। बताया गया कि तभी बधोली की ओर से आ रहे तेज गति वाले टैंकर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह बाइक सहित गिरकर घायल हो गया और उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना देखकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तुरंत इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। जहां उसका उपचार जारी है। वहीं पुलिस ने टैंकर को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## जिला अस्पताल में पर्चा बनवाते कैबिनेट मंत्री के भाई की मौत, सीने में था दर्द, हार्टअटैक से गई जान

जन एक्सप्रेस । आगरा



उत्तर प्रदेश के आगरा जिला अस्पताल में पर्चा बनवाते समय कैबिनेट मंत्री के भाई की हार्टअटैक से मौत हो गई। वह सीने में दर्द की शिकायत पर इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचे थे। कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य के छोटे भाई की जिला अस्पताल में पर्चा बनवाते समय हार्टअटैक से मौत हो गई। वह सीने में दर्द की परेशानी पर इलाज कराने गए थे। उन्हें तत्काल इमरजेंसी में भर्ती कराया गया, जहां बचाया नहीं जा सका।

केंद्रीय हिंदी संस्थान रोड खंदारी निवासी उमेश कुमार (61) सीने में दर्द की परेशानी पर दोपहर में जिला अस्पताल में इलाज कराने के लिए गए थे। पर्चा बनवाते वक्त वह गिर गए। इस पर स्टाफ ने सीपीआर दिया और तत्काल इमरजेंसी में भर्ती कराया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार अरोड़ा ने बताया कि पर्चा बनवाते वक्त वह काउंटर पर ही गिर गए थे। कार्डियक अरेस्ट के कारण स्टाफ ने सीपीआर भी दी। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराते हुए हृदय रोग विशेषज्ञों ने भी देखा, लेकिन बचा नहीं सके। कैबिनेट मंत्री के बेटे अभिनव मौर्य ने बताया कि जिला अस्पताल में इलाज के लिए गए थे। शनिवार शाम को उनका ताजगंज मोक्षधाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### कालेज गयी युवती प्रेमी के साथ फरार, नामजद रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/शाहाबाद।हरदोई।** कॉलेज गई एक विवाहित युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। पिता ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पिहानी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली विवाहित युवती को 19 दिसंबर को उसके पिता स्कूल लेकर गए थे।

पिता ने स्कूल के गेट पर युवती को छोड़ दिया और पिता घर चला आया, लेकिन युवती देर शाम तक जब वापस नहीं आई तो उसे सभी नाते रिश्तेदारों के यहां तलाश किया गया, परंतु उसका कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित पिता ने बताया कि उसके दामाद की बुआ का लड़का रोहित पुत्र रामविलास निवासी ग्राम दौलतपुर थाना कमालगंज फर्रुखाबाद उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। प्रभारी निरीक्षक पिहानी ने रविवार को बताया आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश की जा रही है।

## समाजसेविका ने जरूरतमंदों को वितरित किये कम्बल





जन एक्सप्रेस । हरपालपुर

एक सप्ताह से कोहरे व शीत लहर के चलते आमजन ठंड से ठिठुरते हुए नजर आ रहा है।ऐसे मौसम में गरीब व बेसहारा लोगो की मुसीबतें सबसे ज्यादा बढ़ी हुई है। रविवार को समाजसेविका शालिनी सिंह द्वारा अपने पैतृक गांव बरनई में जरूरत मंद लोगो को सर्दी से बचाव के लिए कम्बलों का वितरण किया इस मौके पर विधायक भी मौजूद रहे।

रविवार को सांडी विकास खण्ड की बरनई ग्राम पंचायत में समाजसेविका शालिनी सिंह ने लगभग 60 जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किये। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य है कि सरकार की सभी योजनाओं लाभ गांव के हर घर, परिवार की चौखट तक पहुंचे।परीक्षा में अच्छे अंक पाने बाले मेधावी छात्र हिमांशु, अभिषेक, अभय को विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह ने सम्मानित किया। इस मौके पर समाजसेविका शालिनी सिंह, संचालक संजीव श्रीवास्तव, पदाधिकारी डॉ रजनीश त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष आदि पदाधिकारी मौजूद रहे। संस्था के सदस्य सवेंद्र, पुष्पेंद्र, जितेंद्र, राजू, हिमांशु एवं भीम, आदेश, रामगुड्डा, मदनपाल, सर्वेश, पप्पू, भूरे व अनेक सम्मानित ग्रामवासी मौजूद रहे।

# पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, गिरोह के 5 सदस्य गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । हरदोई



जनपद में अपराध नियंत्रण की दिशा में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सवायजपुर और लोनार थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने दुकानों के शटर व ताले काटकर चोरी करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार 20/21 दिसंबर की रात थाना लोनार पुलिस को क्षेत्र में सक्रिय चोर गिरोह की सूचना मिली थी। घेराबंदी कर पुलिस ने दो संदिग्धों बिजेंद्र और नेत्रपाल उर्फ बाबा को हिरासत में ले लिया, जबकि उनके तीन साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।फरार बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए एसपी के निर्देश पर सवायजपुर थाना पुलिस द्वारा मत्तीपुर पुलिया के पास सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान तीन संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रोकने पर बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में की गई जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लग गई, जबकि तीसरे को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

मुठभेड़ में घायल अभियुक्तों की पहचान देवी पुत्र लालता निवासी शाहजहांपुर और भूपराम पुत्र बिजेंद्र निवासी लखीमपुर खीरी के रूप में हुई है। मौके से गिरफ्तार किए गए तीसरे अभियुक्त का नाम हरिराम पुत्र माधव निवासी शाहजहांपुर बताया गया है। इससे पहले लोनार पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में बिजेंद्र निवासी लखीमपुर खीरी और नेत्रपाल उर्फ बाबा निवासी शाहजहांपुर शामिल हैं। सभी आरोपी लखीमपुर खीरी और शाहजहांपुर जनपद के निवासी बताए गए हैं।पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 56 हजार रुपये नकद, तीन अवैध तमंचे 315 बोर, तीन जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस तथा शटर काटने में प्रयुक्त औजार जैसे बोल्ट कटर, पिलास, पेंचकस और बेलचा बरामद किए हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया है कि वे दिन के समय दुकानों की रेकी करते थे और रात में शटर व ताले काटकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। आरोपियों ने सवायजपुर, लोनार और बेहटा गोकुल थाना क्षेत्रों में कई चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात कबूली है, जिनसे जुड़े मुकदमों का अनावरण किया गया है।घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# गरीबो के आशियानों पर दहाड़ता बुल्डोजर रसूकदारों के सामने लगता मिमियाने



■ सबसे बड़े कब्जेदार व्यापारी उनके रिश्तेदार सियासतदानों ने करीबी

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

अतिक्रमण और अवैध कब्जेदारी हटाने के नाम पर केवल गरीबों को ही बेघर किया जा रहा है। प्रशासन के पीले पंजो को सही गलत तो दिखाई नही दे रहा है और तो और गरीबों की आंख से निकल रहे आसुंओं पर रहम खाकर भी वह न्यायिक कार्यवाही नही कर पा रहा है। सोचने वाली बात है कि जब गरीबो के आशियाने अवैध कब्जेदारी और अतिक्रमण के नाम पर उजाड़े जा रहे है और उन्ही गरीबो के सामने बड़े कब्जेदार व्यापारियों को छोड़ा जा रहा है तो ऐसे में गरीबो के दिल से हाय तो निकलेगी ही। अगर कार्यवाही करनी है तो ईमानदारी के साथ हो जो भी अवैध कब्जेदार हो उसकी कब्जेदारी पर हर हाल में पीला पंजे का झपट्टा होना चाहिए। गरीबो पर कार्यवाही के दावे और खैराबाद में अवैध रूप से हो रही प्लाटिंग को गिराने अफसरों के साथ पीला पंजा गया लेकिन वह बेरंग वापस लौट आया। क्या पीले पंजे पर रसूकदारों और सियासतदानों की सियासत भारी पड़ गई थी। अगर सियासतदानों और रसूकदारों के कहने पर पीला पंजा चलाया जायेगा तो स्थित बिगड़ सकती है। जब जनता के बीच से आवाजे आने लगी है कि प्रशासन का पला पंजा बड़े कब्जेदारों और अवैध रूप प्लाटिंग कर रहे रसूकदारों के अवैध कब्जे पर क्यो नही चल रही है। खैराबाद ब्लाक की ग्रामसभा मुलाहिमपुर में मांप बांट विभाग के सामने प्लाटिंग की जा रही है। जबकि बिना नक्शा पास और कई खामियों के बीच प्लाटिंग हो रही है जो पूरी तरह से अवैध है। इसको रोकने के लिये राजस्व विभाग की टीम गई साथ में बुलडोजर भी था लेकिन रसूकदारों के दबाव पड़ने पर टीम लौट आई भले ही जिम्मेदार समझते हो कि उकने इस खेल की जानकारी किसी को नही है बल्कि जानकारी से साथ साथ जनता भी सवाल करने लगी है कि खैराबाद की अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही क्यो नही गई रसूकदारों और सियासतदानों की सियासत है या फिर जिम्मेदार अफसरों का पहरा गद्दारी है।

### केशवग्रीन सीटी के एक सवाल पर दो जवाब

केशव ग्रीन सीटी वैद्य है अथवा अवैध इस सवाल पर दो अलग अलल विभागों से अलग अलग जवाब दिये जा रहे है। अब हर व्यक्ति संशय में फंस रहा है कि सही कौन है और झूठ कौन सा जवाब है। अभी नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय से नोटिस जारी की गई थी जिसमें कहा गया था कि चंन्द्र और वृन्दावन कालोनी को छोड़कर शेष सभी कालोनी अवैध है इन पर कार्यवाही की जायेगी और नोटिस भेजने की प्रक्रिया जारी की जा चुकी है। नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय से उठे इस मामले पर कालोनी बनवाने वालों में तहलका मच गया था लेकिन फिर किसी तरह से मामला शांत हुए । उसके बाद दूसरे मामले में मांगी गई जानकारी के तहत दूसरे अफसर ने जवाब दाखिल किया गया है कि केशवी सिटी नम्बर एक में मानको में सही है। अब पचड़ा यह फंसा पड़ा है कि आखिर हकीकत क्या है? केशवग्रीन सिटी वैध है अथवा अवैध।

## ट्रैक और पिकअप की हुई जोरदार टक्कर दोनों वाहन हाईवे किनारे खंती में पलटे

**जन एक्सप्रेस । नवाबगंज**

कानपुर-लखनऊ हाईवे पर रविवार तड़के एक दर्दनाक हादसा होते-होते बचा। अजगैन बाजार मोड़ के पास सुबह एक मौरंग लदे ट्रक और मटर से भरी पिकअप के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे खंती में जा पलटे। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई और चालकों को केवल मामूली चोटें आई। जालौन निवासी पिकअप चालक महेंद्र के अनुसार, वह करीब 12 क्विंटल हरा मटर लेकर लखनऊ की दुबग्गा मंडी जा रहा था। अजगैन मोड़ से मोहान रोड पर मुड़ते समय उसने पीछे देखा था, लेकिन घने कोहरे के कारण उसे पीछे से आ रहे ट्रक की दूरी और गति का अंदाजा नहीं मिल सका। जैसे ही पिकअप मुड़ी, पीछे से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। वहीं, हमीरपुर से मौरंग लादकर लखनऊ जा रहे ट्रक चालक घाटमपुर के नारायन खेड़ा गांव निवासी विनोद ने बताया कि पिकअप के अचानक लिंक मार्ग पर मुड़ने के कारण वह संतुलन खो बैठा। ट्रक सीधे पिकअप से जा टकराया और दोनों वाहन हाइवे किनारे पलट गए।

## जौनपुर में इन्फर्टिलिटी उपचार की नई दिशा डॉ अंजू कन्नौजिया एवं डॉ श्रीकांत ओहरी के नेतृत्व में लाइव हिस्टेरोस्कोपी वर्कशॉप का ऐतिहासिक आयोजन

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर में निःसंतानता (इन्फर्टिलिटी) के आधुनिक उपचार को लेकर पहली बार एक दिवसीय हिस्टेरोस्कोपी वर्कशॉप का सफल और ऐतिहासिक आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप का उद्देश्य न केवल निःसंतान दंपत्तियों को उन्नत एवं सटीक उपचार उपलब्ध कराना था, बल्कि क्षेत्र के स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों को हिस्टेरोस्कोपी तकनीक, उसकी उपयोगिता और नवीनतम प्रगति से व्यावहारिक रूप से अवगत कराना भी था। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई *मुख्य अतिथि डॉ. श्रीकांत ओहरी ने,* जिन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हिस्टेरोस्कोपी जैसी आधुनिक और मिनिमली इनवेसिव तकनीकें इन्फर्टिलिटी उपचार में क्रांतिकारी बदलाव ला रही हैं। उन्होंने जौनपुर जैसे शहर में इस स्तर के शैक्षणिक और तकनीकी कार्यक्रम के आयोजन की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। कार्यक्रम में प्रमुख भूमिका में रहीं *डॉ. अंजू कन्नौजिया,* जिनके नेतृत्व में इस वर्कशॉप का आयोजन किया गया। डॉ. कन्नौजिया ने आईवीएफ और हिस्टेरोस्कोपी का लाइव प्रदर्शन करते हुए गर्भाशय की आंतरिक समस्याओं जैसे पॉलिप, सेप्टम, फाइब्रॉइड और एंडोमेट्रियल असामान्यताओं के निदान एवं उपचार की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि हिस्टेरोस्कोपी एक सुरक्षित, प्रभावी और मिनिमली इनवेसिव तकनीक है, जिसके माध्यम से इन्फर्टिलिटी के कारणों का समय रहते सटीक निदान कर सफल उपचार संभव है। इससे आईवीएफ एवं प्राकृतिक गर्भधारण की सफलता दर में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। वर्कशॉप में *सह-आयोजक डॉ. अम्बर खान एवं डॉ. मधु शारदा डॉ.आर के गुप्ता* के मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता *डॉ. सुभा सिंह एवं डॉ. शैली निगम ने* की, जिन्होंने इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजनों को चिकित्सा क्षेत्र के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर *डॉ. विनोद कुमार ने* प्रभावशाली शब्दों में सभी अतिथियों, विशेषज्ञों एवं प्रतिभागी चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की वर्कशॉप्स न केवल चिकित्सकों के कौशल को बढ़ाती हैं, बल्कि निःसंतान दंपत्तियों के जीवन में आशा की नई किरण भी जगाती हैं। उन्होंने भविष्य में भी जौनपुर में ऐसे उन्नत चिकित्सा एवं शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की प्रतिबद्धता जताई। विशेषज्ञों ने एक स्वर में आशा व्यक्त की कि इस प्रकार के प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रमों से क्षेत्र में इन्फर्टिलिटी उपचार की गुणवत्ता में निरंतर सुधार होगा और अधिक से अधिक दंपत्तियों को माता-पिता बनने का सुख प्राप्त होगा। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित चिकित्सकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में *डॉ. अविरल, डॉ. शिल्पी सिंह, डॉ. शकुंतला यादव, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. उर्मिला गुप्ता, डॉ. शिखा शुक्ला, डॉ. पूनम सिंह, डॉ. रेनू, डॉ. लता सिंह, डॉ. पूजा यादव* सहित कई स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों ने सक्रिय सहभागिता की। इसके साथ ही *अशोक कुमार, डॉ. सुरेश कुमार, आर. डी. चौधरी एवं डॉ. पंकज कन्नौजिया* की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गरिमामयी बनाया। सभी उपस्थित चिकित्सकों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने वर्कशॉप के शैक्षणिक स्तर, लाइव डेमोंस्ट्रेशन तथा तकनीकी प्रस्तुति की सराहना करते हुए इसे जौनपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

## रजिस्ट्रेशन के लिये नगर पंचायत ने स्थापित किये दो केन्द्र

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

नगर क्षेत्र में यातायात को सुचारु बनाने, यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और अवैध वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से नगर पंचायत द्वारा ई-रिक्शा पंजीकरण एवं संचालन नियम लागू किए जा रहे हैं। इस जनहितकारी पहल के तहत नगर पंचायत कार्यालय सहित दो केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां अब तक (1143) ई-रिक्शा स्वामी व चालक आधार कार्ड, वैध ड्राइविंग लाइसेंस, स्वामित्व प्रमाण, बीमा (यदि उपलब्ध), फोटो व मोबाइल नंबर प्रस्तुत कर पंजीकरण करा चुके हैं।अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत रेणुका यादव ने बताया कि शीघ्र ही संचालन संबंधी नियमों को प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा।

## धर्मकांटे पर खरीदी जाती लकड़ी सड़क के किनारे किया जाता स्टोर

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

मछरेहटा-खैराबाद मार्ग पर स्थित भाराशेनी चैराहा के निकट रोड के करीब करीब किनारे बना भार्गव धर्मकांटा इस समय चर्चाओं के दायरे में आ रहा है। सूत्रो की माने तो भार्गव धर्मकांटा के संचालक ने लकड़ी माफियाओं से मेल बना लिया है और वह हर रोज लकड़ी माफियाओं से लकड़ी खरीदकर सड़क किनारे डाल देता है और उसके बाद लकड़ी माफियाओं को बुलाकर उस लकड़ी को बेंच देता है। धर्मकांटा संचालक के इस तरह के खेल को अवैध बताया जा रहा है। बताते है कि यह कार्य वन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहा है। धर्मकांटा संचालक द्वारा सीधे तौर पर लकड़ी तौलकर उनकी खरीददारी कर उनको सड़क के किनारे नही लगाया जा सकता है। भार्गव धर्म कांटा संचालक के इस कार्य से आवागमन प्रभावित होता है और सड़क के किनारे लकड़ी के गट लगे होने के कारण सड़क हादसों का खतरा बना रहता है। चर्चा यह भी है कि भार्गव धर्मकांटा संचालक धर्मकांटे की आंड में लकड़ी का कारोबार कर रहा है जिसे गलत कहा जा रहा है।

### या बोले फारेस्टर अक्षय पाण्डेय

इस सम्बन्ध में जब फारेस्टर अक्षय पाण्डेय से बात की गई तो उन्होने बताया कि यह भार्गव धर्मकांटा नया खुला हुआ है। हम इसको समझा चुके है। जब पूछा गया कि धर्मकांटा संचालक को लकड़ी खरीदकर उसको सड़क के किनारे डालकर आवागमन बाधित करके उसको बेचने का अधिकार है। इस पर श्री पाण्डेय ने कहा कि हम कल जाकर धर्मकांटा संचालक को समझा देगे। इस सम्बन्ध में जब फारेस्टर अक्षय पाण्डेय से बात की गई तो उन्होने कल मामले को देखने की बात कहीं और जैसे ही संवाददाता ने फोन काटा श्री पाण्डेय ने धर्मकांटा संचालक को अवगत करा दिया। उसके चन्द मिनटो बाद भार्गव धर्मकाण्टा के संचालक के करीबियों ने फोन करना शुरू कर दिया और संवाददाता पर समाचार के प्रकाशन न करने का दबाव बनाने लगे।

## सधीरा गांव में जय ब्रह्मदेव बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



नवाबगंज ब्लाक के सधीरा गांव में आयोजित जय ब्रह्मदेव बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता अभेंद्र सिंह प्रधान ने फीता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। भाजपा नेता अभ्येंद्र हमेशा यूवाओ को नई ऊर्जा देते हैं और युवाओं का हौसला बढ़ाने का हर संभव प्रयास करते हैं।उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला।इस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हेमेंद्र सिंह द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। उद्घाटन मैच से पहले अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर गोलू, धीरज सिंह, अभय सिंह, पवन सिंह, राघवेन्द्र सिंह, संकठा सिंह बीडीसी, संदीप सिंह, अर्पित मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय युवाओं का विशेष योगदान रहा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### मार्ग दुर्घटना में घायल सर्राफा व्यवसायी की मौत

**जन एक्सप्रेस। बस्ती।** परशुरामपुर थाना क्षेत्र के गौरा पांडेय निवासी एवं जगन्नाथपुर बाजार के प्रतिष्ठित सर्राफा व्यवसायी रामशंकर सोनी (42) पुत्र शिवनारायण सोनी की शनिवार को हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रामशंकर सोनी शनिवार को किसी निजी कार्य से अपनी कार द्वारा मनकापुर गए थे। वाहन वह स्वयं चला रहे थे और कार में अकेले सवार थे। दोपहर लगभग तीन बजे जब वह गडरही के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक वाहन को बचाने के प्रयास में उनकी कार अनियंत्रित हो गई और सड़क से नीचे उतरकर एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और शीशा टूटने से रामशंकर को गंभीर चोटें आईं। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। लेकिन लखनऊ ले जाते समय रास्ते में बाराबंकी के पास उनकी मौत हो गई। रामशंकर सोनी की असामयिक मृत्यु से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनके निधन से दो बेटियों और एक बेटे के सिर से पिता का साया उठ गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर रहे हैं।

### कप्तानगंज पुलिस ने चोरी की घटना का किया खुलासा

**जन एक्सप्रेस। बस्ती।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र में घर का ताला तोड़कर चोरी करने वाले शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी गया पूरा माल बरामद कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण हो गया है। पुलिस अधीक्षक बस्ती के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कलवारी के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कप्तानगंज आलोक श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह सफलता हासिल की। पुलिस के अनुसार 20 दिसंबर 2025 को थाना कप्तानगंज में दर्ज मुकदमा संख्या 234/2025 धारा 331(4), 305( ) बीएनएस के तहत अज्ञात चोर द्वारा महुलानी बुजुर्ग निवासी सुनीता पत्नी भरथराम के घर का ताला तोड़कर आभूषण, मोबाइल फोन और नकदी चोरी कर ली गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 21 दिसंबर को सुबह करीब 3:45 बजे रखिया मोड़ के पास से वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी किए गए 8 अदद पीली व सफेद धातु के जेवरात, एक मोबाइल फोन, 9500 रुपये नकद तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने चोरी की घटना को स्वीकार किया, जिसके आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेजा जा रहा है।



### पत्रकारों के लिए मेदांता का निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के चिकित्सकों द्वारा जौनपुर पत्रकार संघ के सभागार में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जफराबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. हरेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर जौनपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष शशि मोहन सिंह क्षेम एवं महामंत्री डॉ. मधुकर तिवारी ने मेदांता के चिकित्सक डॉ. हिमांशु पांडे, डॉ. नम्रता शुक्ला एवं डॉ. आर.एन. वर्मा को माल्यार्पण कर बुके व यथार्थ गीता की पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। चिकित्सकों की टीम ने शिविर में पत्रकारों का रक्तचाप, मधुमेह एवं श्वास संबंधी रोगों का परीक्षण किया और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। स्वास्थ्य जांच को लेकर पत्रकारों में खासा उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में रामदयाल द्विवेदी, अखिलेश तिवारी 'अकेला', प्रदीप सिंह सफायर, डॉ. भारदेंदु मिश्रा, लोलारख दुबे, राजीव पाठक, राजेश उपाध्याय, वीरेंद्र कुमार पांडेय, राजेश मिश्र, राजेश मौर्य, शशिराज सिन्हा सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे। इसके अलावा जौनपुर पत्रकार संघ की विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारी भी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जौनपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष शशि मोहन सिंह क्षेम ने की, जबकि संचालन महामंत्री डॉ. मधुकर तिवारी ने किया।

## सनातन मूल्यों और गीता के संदेश से समाज को दिशा जौनपुर में दो स्थानों पर बौद्धिक संवाद कार्यक्रम




**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जनपद में सनातन धर्म पर आधारित बौद्धिक संवाद एवं श्रीमद्भगवद्गीता कार्यक्रम का आयोजन दो अलग-अलग स्थानों पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का पहला आयोजन ग्राम अमारी में हुआ, जबकि दूसरा आयोजन सामर्थ राजाराम दिव्यांग बालिका विद्यालय, घनश्यामपुर (बदलापुर) में विद्यालय के वार्षिकोत्सव के अवसर पर किया गया। दोनों आयोजनों का उद्देश्य सनातन संस्कृति के मूल्यों का प्रसार, नैतिक संस्कारों की स्थापना और सामाजिक सेवा को प्रोत्साहन देना रहा। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से अवधेश सिंह, आर.पी. सिंह, ज्ञान प्रकाश सिंह, विनय कुमार शाही, अजय सिंह, अशोक सिंह और अरुण कुमार सिंह की सहभागिता रही। अपने संबोधन में धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि सनातन धर्म सेवा, संस्कार और राष्ट्रहित का मार्ग दिखाता है। उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता के उपदेशों को जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि गीता कर्तव्य, कर्म और नैतिकता का मार्गदर्शन करती है, जो समाज को सकारात्मक दिशा देती है। घनश्यामपुर स्थित सामर्थ राजाराम दिव्यांग बालिका विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग बच्चों को वस्त्र और पुस्तकें वितरित की गईं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक अजय सिंह ने सभी अतिथियों को श्रीमद्भगवद्गीता भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिससे आयोजन को व्यापक समर्थन मिला।

## सांसद-विधायक पर अभद्र टिप्पणी मामले में कार्रवाई की मांग, पुलिस पर आरोप

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**



रविवार को सरदार सेना के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य चौधरी बृजेश पटेल ने खौरहवा स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनके विरुद्ध जानबूझकर सुनियोजित षड्यंत्र किया जा रहा है और सीओ सिटी किसी राजनीतिक दबाव में उन्हें जेल भेजने का प्रयास कर रहे हैं। चौधरी बृजेश पटेल ने कहा कि सोशल मीडिया पर की गई साधारण टिप्पणी को आधार बनाकर पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर मानसिक उत्पीड़न किया, जबकि जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध अभद्र टिप्पणियां करने वालों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पुलिस का रवैया नहीं बदला तो वे इस पूरे प्रकरण को न्यायालय तक ले जाएंगे। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने बताया कि सरदार सेना के जिलाध्यक्ष विनय चौधरी द्वारा कोतवाली थाने में तहरीर दी गई है, जिसमें सांसद रामप्रसाद चौधरी और विधायक राजेन्द्र प्रसाद चौधरी के विरुद्ध सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाले ओम सिंह, दिव्य शंकर सिंह एवं डॉ. अभिषेक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। बृजेश पटेल ने कहा कि यदि पुलिस समानता के आधार पर कार्रवाई करे तो ऐसे मामलों में कोई विवाद ही न हो। उन्होंने यह भी कहा कि विशाल चौधरी के पोस्ट पर उनकी टिप्पणी को अभद्र बताकर कार्रवाई की गई, जबकि इससे कहीं अधिक आपत्तिजनक टिप्पणियां जनप्रतिनिधियों के खिलाफ की जा रही हैं, जिस पर पुलिस मौन है। उन्होंने पुलिस से दोहरे रवैये को तत्काल समाप्त करने की मांग की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि मामले को जातीय रंग न दिया जाए और न्याय की लड़ाई शांतिपूर्ण तरीके से लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि अन्याय, जुल्म और अत्याचार के विरुद्ध उनका संघर्ष जारी रहेगा, चाहे इसके लिए कोई भी कीमत चुकानी पड़े। बताया गया कि जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी तथा सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव भी कोतवाली पहुंचे थे, जहां हजारों की संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। प्रेस वार्ता के दौरान सरदार सेना के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

## जौनपुर पुलिस में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 13 निरीक्षक व उपनिरीक्षकों के तबादले

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जौनपुर पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। एसपी के आदेश पर 13 निरीक्षक व उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में तत्काल प्रभाव से बदलाव किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, प्रभारी निरीक्षक मुंगराबादशाहपुर रहे निरीक्षक जय प्रकाश यादव को बरसठी का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है, जबकि पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात जनसंपर्क अधिकारी उपनिरीक्षक मिथिलेश कुमार तिवारी को मुंगराबादशाहपुर का थानाध्यक्ष बनाया गया है। इसी क्रम में स्वाट टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक रामाश्रय राय को खुटहन का थानाध्यक्ष तथा गामा टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक तरुण श्रीवास्तव को महराजगंज का थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं बरसठी के प्रभारी निरीक्षक रहे निरीक्षक देवानंद रजक को अपराध शाखा का प्रभारी बनाया गया है। प्रभारी स्वाट टीम रहे उपनिरीक्षक प्रशांत कुमार सिंह को मीरगंज का थानाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि महराजगंज के थानाध्यक्ष रहे उपनिरीक्षक अमित कुमार पांडेय को स्वाट टीम की कमान सौंपी गई है। इसके अलावा पवारा के थानाध्यक्ष रहे उपनिरीक्षक दिव्य प्रकाश सिंह को गामा टीम का प्रभारी नियुक्त किया गया है। एसओजी में तैनात उपनिरीक्षक अनिल कुमार को पवारा थाना अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं मीरगंज के थानाध्यक्ष विनोद कुमार अंचल और चंदन कुमार राय का बाह्य जनपद स्थानांतरण किया गया है। इसके अतिरिक्त चंदवक थाना क्षेत्र की बरामनपुर चौकी के प्रभारी विनोद कुमार चतुर्वेदी को मछलीशहर थाना क्षेत्र के कस्बा चौकी का प्रभारी बनाया गया है, जबकि मछलीशहर की करबा चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक होरिल यादव को चंदवक के बरामनपुर चौकी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने एवं अनुपालन आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस प्रशासन के इस कदम को जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है

## वालीबाल प्रतियोगिता के पहले दिन का बादशाह बनी रसूलपुर की टीम

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर खुटहन गजराज सिंह इंटर कालेज जमुनिया में शनिवार से आयोजित दो दिवसीय डे- नाइट वालीबाल प्रतियोगिता में पहले दिवस पर राम आधार इंटर कालेज रसूलपुर की टीम ने गैरवाह को दो एक से शिकस्त देकर फाइनल का मुकाबला अपने नाम कर लिया। आयोजक उदयभान मौर्य युबी भैया ने विजेता और उपविजेता दोनों टीमों को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में उक्त दोनों टीमों के अलावा जौनपुर जिले की टीडी कालेज,डेहरी, केराकत, चोरसंड, तिसौली, गंगापुर, शाहगंज, पिलकिछा और बबुरा तथा आजमगढ़ जिले की बीनापारा,कटौली की टीमों ने हिस्सा लिया। बेस्ट ऑफ थ्री के मुकाबले पर आयोजित प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में गैरवाह की टीम ने बीनापारा आजमगढ़ को तथा रसूलपुर की टीम ने दनियाल क्लब आजमगढ़ को पराजित कर फाइनल में जगह पक्की कर लिया। देर रात हो जाने के साथ साथ हाड़ कंपाती ठंड की वजह से आधी रात बाद खेल रोक दिया गया। दूसरे? दिन रविवार को पहले दिवस के फाइनल का पहला मुकाबला रसूलपुर और गैरवाह के बीच खेला गया। दोनों के बीच हुए कांटे की टक्कर में पहला और तीसरा मैच दो- दो प्वाइंट से जीतकर रसूलपुर विजेता बन गई। गैरवाह के खिलाड़ी मोहम्मद फहाद को मैन ऑफ द सीरीज तथा रसूलपुर की टीम में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले गौरव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रबंधक संजय सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह बढ़ाया। विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्यमंत्री शैलेन्द्र यादव ललई ने कहा कि खेल से जहां शरीर स्वस्थ और मन प्रसन्न रहता है, वहीं आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा भी मिलता है। प्रतियोगिता के निर्णायक अंशुमान सिंह,लालप्रताप यादव, बाबूलाल और दानिश खां तथा कमेंट्री विकास सिंह, धर्मेन्द्र यादव, सुभाष चन्द्र यादव ने किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि उमेश चन्द्र तिवारी, उमेश सिंह, प्रधान संतलाल सोनी, महेंद्र मौर्य, बसन्त लाल मौर्य,फुर्सत राम , विजय बहादुर यादव, इमरान, ठाकुर प्रसाद तिवारी, दिनेश कुमार सिंह,रवि यादव, राजेश मौर्य,राम मिलन तिवारी,सुन्दरम सोनी, तारेष सोनी,विनय यादव,जोरी यादव, शिवराज, रवी यादव आदि मौजूद रहे।

## श्री बालाजी महोत्सव समापन पर विशाल भण्डारे का आयोजन

■ देर रात्रि तक सैकड़ों श्रृद्धालुओं ने ग्रहण किया महाप्रसाद

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



बर्रा आठ एफ ब्लॉक स्थित बालाजी पार्क में आयोजित श्री बालाजी महोत्सव के अन्तर्गत रविवार को श्री बालाजी की महाआरती, सवामनी हवन, कन्या पूजन के साथ विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ जो देर रात्रि तक चलता रहा। सैकड़ों श्रृद्धालुओं ने पाण्डाल में बैठकर महाप्रसाद ग्रहण किया। श्री बालाजी सेवा समिति (रजि) द्वारा आयोजित दो दिवसीय श्री बालाजी महोत्सव के तहत रविवार प्रातः सवा नौ बजे बालाजी पार्क में बाबा की आरती के पश्चात् सवामनी हवन का आयोजन किया गया। विशाल हवनकुंड में मुख्य यजमान पंकज चौहान व ज्योति चौहान के साथ बालाजी के भक्तगणों ने आहुतियाँ दी। सवामनी हवन सामग्री में समिधा के साथ अनेक जड़ी-बूटियाँ शामिल थी जिससे वातावरण शुद्ध हो सके। आचार्यगण विनय तिवारी, अवधेशानन्द, उमाशंकर, नरेन्द्र तिवारी ने श्री बालाजी महाराज के 1008 मंत्रों का उच्चारण किया, उनके स्वाहा के उच्चारण करने के साथ हवनकुंड में सैकड़ों लोगों ने आहुतियों दी। हवन के पश्चात् कन्यापूजन का आयोजन हुआ। जिसमें क्षेत्र की लगभग तीन सौ कन्याओं का समिति अध्यक्ष सुशील चंद्र श्रीवास्तव एवं उनकी पत्नी पुनीता श्रीवास्तव, श्रृद्धा होमनाथ श्रीवास्तव, गीता उमाशंकर त्रिपाठी ने पूजन कर दक्षिणा प्रदान की। कन्या भोज पश्चात् विशाल भण्डारा प्रारम्भ हुआ, जिसमें लगभग दस हजार श्रृद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह विभाग कार्यवाह अकुर दीक्षित, विभाग प्रचारक बैरिस्टर, सत्येन्द्र कुमार, योगेन्द्र सचान, पंकज शर्मा, आर्यन श्रीवास्तव, संस्कार शुक्ला, सुमित पटेल, अवनीश कुमार, सौरभ वर्मा, ललित सिंह, गोविंद यादव, नन्द कुमार आदि मौजूद रहे।

## विजय हजारे ट्रॉफी: पहले दो मैचों के लिए मुंबई टीम में शामिल हुए रोहित शर्मा, शार्दुल ठाकुर करेंगे कप्तानी

एजेंसी

**मुंबई।** पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को विजय हजारे ट्रॉफी के पहले दो मुकाबलों के लिए मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। टीम की कमान ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को सौंपी गई है। मुंबई की इस टीम में सरफराज़ खान, मुशीर खान और युवा बल्लेबाज़ अंगकृष रघुवंशी भी शामिल हैं। हालांकि, इस स्क्वॉड में अजिंक्य रहाणे, यशस्वी जायसवाल और आयुष म्हात्रे जैसे नाम नजर नहीं आए। इसके बावजूद चयनकर्ताओं ने कई नए चेहरों को मौका दिया है।चिन्मय सुतार, जो 2019 में इंडिया इमर्जिंग टीम के लिए चार लिस्ट-ए मुकाबले खेल चुके हैं, को टीम में जगह दी गई है। इसके अलावा युवा बल्लेबाज़ ईशान मुलचंदानी और तेज़ गेंदबाज़ ओंकार तरमाले को भी शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि ओंकार तरमाले को हाल ही में आईपीएल नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद ने खरीदा था। टीम में अनुभवी बल्लेबाज़ सिद्धेश लाड, विकेटकीपर हार्दिक तामोरे और स्पिन जोड़ी शम्स मुलानी व तनुष कोटियन भी मौजूद हैं, जो मुंबई के संतुलन को मजबूती देते हैं। मुंबई को ग्रुप-सी में रखा गया है। टीम अपने अभियान की शुरुआत 24 दिसंबर को जयपुर में सिक्किम के खिलाफ करेगी। इसके दो दिन बाद 26 दिसंबर को मुंबई का सामना उत्तराखंड से होगा।

## विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 के लिए बंगाल की टीम घोषित, ईश्वरन कप्तान

**कोलकाता।** विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 एकदिवसीय टूर्नामेंट के लिए बंगाल की टीम का ऐलान कर दिया गया है। सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को टीम की कमान सौंपी गई है, जबकि अनुभवी भारतीय गेंदबाज मोहम्मद शमी तेज आक्रमण की अगुवाई करेंगे। भारतीय टीम से कुछ समय से बाहर चल रहे मोहम्मद शमी को घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। शमी ने हालिया घरेलू सत्र में सभी प्रारूपों में कुल 36 विकेट चटकाए हैं और लंबी चोट से वापसी के बाद बंगाल के लिए लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। हाल के महीनों में शमी की फिटनेस को लेकर सवाल उठते रहे हैं और उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालिया सीरीज के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली थी। हालांकि, राष्ट्रीय टीम में चयन न होने के बावजूद शमी घरेलू क्रिकेट में बंगाल के लिए सबसे भरोसेमंद गेंदबाज बनकर उभरे हैं। रेड-बॉल सीजन की शुरुआत में शमी ने चार रणजी ट्रॉफी मैचों में 18.60 की औसत से 20 विकेट लिए, जिसमें 38 रन पर पांच विकेट का प्रदर्शन भी शामिल रहा। उनके दम पर बंगाल ने अब तक खेले गए पांच मुकाबलों में तीन मैच सीधे जीतते हुए ग्रुप-सी में शीर्ष स्थान हासिल किया।

## टीम से गिल के बाहर होने पर अजीत अगरकर बोले- यह फॉर्म नहीं, बल्कि कॉम्बिनेशन का मामला है

**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भारतीय टीम का ऐलान शनिवार को कर दिया गया, जिसमें सबसे बड़ा झटका शुभमन गिल के बाहर होने के रूप में लगा। चयनकर्ताओं ने अक्षर पटेल को उपकप्तान बनाया है, जबकि ईशान किशन ने शानदार वापसी करते हुए टीम में जगह पाई है। टीम में एक और बड़ा बदलाव देखने को मिला, जहां जितेश शर्मा को बाहर कर रिंकू सिंह को शामिल किया गया। गिल के बाहर होने के बाद संजू सैमसन के भारत के लिए पारी की शुरुआत करने की संभावना है और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में खेले गए पांचवें टी20 मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद वह विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी भी संभाल सकते हैं। बीसीसीआई मुख्यालय में आयोजित संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोर्ड सचिव देवजीत सैकिया, भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने टीम चयन को लेकर मीडिया से बातचीत की। गिल को बाहर करने के फैसले पर मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा, 'हम निरंतरता को देख रहे हैं और चाहते हैं कि टॉप ऑर्डर में एक विकेटकीपर बल्लेबाज हो। शुभमन गिल एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं, भले ही हाल के समय में उनके रन न आए हों। यह फैसला फॉर्म से ज्यादा टीम कॉम्बिनेशन को ध्यान में रखकर लिया गया है। हर खिलाड़ी हर फॉर्मेट में नहीं खेल सकता, इसलिए कुछ लोगों को बाहर बैठना पड़ता है।

## बे ओवल टेस्ट में कावेम होज के नाबाद शतक से वेस्टइंडीज की जोरदार वापसी

**माउंट माउंगानुई।** कावेम होज की शानदार नाबाद शतकीय पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड की पहली पारी के स्कोर के जवाब में जोरदार वापसी की है। अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को बे ओवल में दिन का खेल समाप्त होने तक वेस्टइंडीज ने 6 विकेट पर 381 रन बना लिए। हालांकि मेहमान टीम अब भी न्यूजीलैंड से 194 रन पीछे है। होज ने अपना दूसरा टेस्ट शतक पूरा किया और 109 रन बनाकर नाबाद लौटे। उनकी इस पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने फॉलोऑन से बचते हुए टेस्ट मैच को बचाने की उम्मीद कायम रखी है। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 8 विकेट पर 575 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज ने तीसरे दिन बिना विकेट गंवाए 110 रन से आगे खेलना शुरू किया, लेकिन जैकब डफी ने जॉन कैंपबेल को आउट कर अच्छी शुरुआत पर ब्रेक लगा दिया। कैंपबेल अपने ओवरनाइट स्कोर में कोई इजाफा नहीं कर सके।

# भरतपुर के आकाश सिंह का विजय हज़ारे ट्रॉफी के लिए राजस्थान की क्रिकेट टीम में चयन

एजेंसी

**भरतपुर।** बीसीसीआई द्वारा 24 दिसंबर से गुजरात राज्य के अहमदाबाद में आयोजित की जा रही विजय हज़ारे ट्रॉफी के लिए भरतपुर जिले के लेफ्ट आर्म फास्ट बॉलर आकाश सिंह का राजस्थान की 15 सदस्यीय सीनियर क्रिकेट टीम में चयन हुआ है।जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुधन तिवारी ने बताया कि यह प्रतियोगिता 24 दिसंबर से 8 जनवरी तक गुजरात प्रदेश के अहमदाबाद मे आयोजित की जाएगी एव इस प्रतियोगिता में राजस्थान के अलावा मध्य प्रदेश, झारखंड, त्रिपुरा, तमिलनाडु, केरला, कर्नाटिका और पुडुचेरी की टीमे होंगी पिछले दिनों बीसीसीआई द्वारा आयोजित की गई रणजी ट्रॉफी व ञ्ज-20 सैयद मुश्ताक अली क्रिकेट प्रतियोगिता एवं राज्य की घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिताओं में आकाश के द्वारा किए गए बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर राजस्थान की टीम में



चयन किया गया है तथा आकाश पूर्व में रणजी ट्रॉफी एवं सैयद मुश्ताक अली ञ्ज-20 ट्रॉफी भी खेल चुके हैं तथा पिछले 4 वर्षो से आईपीएल की विभिन्न-विभिन्न टीमों के हिस्सा भी रहे चुके है। एवं वर्तमान में लखनऊ जॉइंट्स के टीम आईपीएल के सदस्य हैं इनको लखनऊ जॉइंट्स ने बेस प्राइस 30 लाख में खरीदा है आकाश के चयन पर जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के कार्यालय पर मिठाई बांटी गई और एक दूसरे पदाधिकारियों को माला पहनाकर हर्ष व्यक्त किया व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई इस मौके पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष विष्णु प्रकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजकुमार जैन व अजय कुमार शर्मा संयुक्त सचिव अरुण कुमार गुप्ता व भारत कुमार और कोषाध्यक्ष मुनेन्द्र तिवारी सदस्यगण नाहर सिंह, वीनू सिंह, त्रिलोकनाथ शर्मा, डॉ वीरेंद्र पचौरी, पावन कौनते, उत्तम शर्मा, अमित सिंह, गिरीश शर्मा, विशाल तिवारी वकील, प्रेम गुर्जर वकील, अवदेश खटाना, देवेंद्र सिंह कालू, रूपेन्द्र मोहन, गौरव फ़ौज़दार, रविन्द्र कैमारिया, राहुल लोहिया, विनोद शर्मा, जितेंद्र गुर्जर वकील, टीटू वकील, ज्ञानू जधीना, कप्तान मीना योगेन्द्र सिंह एव चयनकर्ता सूरज शर्मा, नरेश खत्री, लंकेश सियाराम, प्रेम सिंह, पंकज गोयल तथा वरिष्ठ खेल पत्रकार संजीव चीनिया व भारी संख्या में साथी खिलाड़ी और खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## हिमांशु जांगड़ा ने सबसे तेज़ संतोष ट्रॉफी गोल कर रचा इतिहास, पंजाब ने हिमाचल को 6-0 से हराया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पंजाब ने 71वीं संतोष ट्रॉफी अभियान की शुरुआत बेहद शानदार अंदाज़ में करते हुए हिमाचल प्रदेश को 6-0 से करारी शिकस्त दी। हालांकि इस मुकाबले के असली हीरो मिनर्वा अकादमी के उत्पाद हिमांशु जांगड़ा रहे, जिन्होंने भारतीय फुटबॉल इतिहास में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा लिया।

तेज़तर्रार फॉरवर्ड हिमांशु जांगड़ा ने मैच शुरु होने के महज 35 सेकंड बाद गोल दागकर संतोष ट्रॉफी के इतिहास का सबसे तेज़ गोल करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। इस शुरुआती गोल ने मैच की दिशा तय कर दी और पंजाब ने शुरुआत से ही मुकाबले पर पूरी तरह कब्जा जमा लिया। हिमांशु यहीं नहीं रुके। उन्होंने मैच में एक और गोल दागकर अपना व्यक्तिगत स्कोर दोहरा किया और ब्रेस पूरी की। उनकी शानदार मूवमेंट, संयम और क्लिनिकल फिनिशिंग ने पूरे मुकाबले में हिमाचल प्रदेश की रक्षा पंक्ति को परेशान किए रखा।पंजाब की टीम ने इसके बाद भी आक्रमण जारी रखा और चार और गोल दागते हुए मैच पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा। टीम की हाई-प्रेसिंग, तेज़ ट्रांजिशन और आपसी तालमेल ने उनकी बेहतरीन तैयारी और टूर्नामेंट में मजबूत इरादों को साफ तौर पर दर्शाया।यह बड़ी जीत न केवल संतोष ट्रॉफी में पंजाब को एक आदर्श शुरुआत दिलाने वाली रही, बल्कि मिनर्वा अकादमी की टैलेंट पाइपलाइन के प्रभाव को भी उजागर करती है, जहां हिमांशु जांगड़ा ने देश के सबसे प्रतिष्ठित घरेलू फुटबॉल टूर्नामेंट में आगे बढ़कर नेतृत्व किया।

## रोड साइक्लिंग रेस बजाज पुणे ग्रैंड टूर 2026 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का जयपुर में भव्य अनावरण

एजेंसी

**जयपुर।** भारत में पेशेवर साइक्लिंग के इतिहास में एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया, जब देश की पहली अंतरराष्ट्रीय स्तर की रोड साइक्लिंग रेस बजाज पुणे ग्रैंड टूर 2026 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का जयपुर में भव्य अनावरण किया गया। यह आयोजन टूर डी फ्रांस से प्रेरित भारत की पहली यूसीआई 2.2 श्रेणी की साइक्लिंग रोड रेस की औपचारिक शुरुआत का प्रतीक है। महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से पुणे जिला प्रशासन द्वारा आयोजित बजाज पुणे ग्रैंड टूर 2026, भारत की पहली यूसीआई-मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय रोड रेस होगी, जिसमें विश्वभर के शीर्ष साइक्लिस्ट भाग लेंगे। चार चरणों में आयोजित 437 किलोमीटर लंबी यह रेस पुणे जिले के किलों, पहाड़ियों और ग्रामीण परिदृश्य से गुजरते हुए भारत की सांस्कृतिक समृद्धि और खेल क्षमता को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करेगी। राष्ट्रीय ट्रॉफी टूर के अंतर्गत जयपुर में ट्रॉफी का आगमन, भारत की खेल संस्कृति और विरासत के सशक्त संगम को दर्शाता है। पुणे की प्रसिद्ध 'तांबट आळी' कारीगर परंपरा द्वारा निर्मित




यह ट्रॉफी, क्षेत्र के आठ ऐतिहासिक किलों और छत्रपति शिवाजी महाराज की गौरवशाली विरासत से प्रेरित हैइस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेज़बानी की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और पुणे ग्रैंड टूर देश में पेशेवर साइक्लिंग को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। वहीं जितेंद्र डूडी ने इसे छह माह की सतत और लक्ष्य-आधारित मेहनत का परिणाम बताते हुए भविष्य में भारत को यूसीआई प्रो-लेवल रेस की मेज़बानी करने वाला देश बनाने की प्रतिबद्धता जताई। पूरी तरह तांबे से निर्मित, 480 मिमी ऊंची यह ट्रॉफी केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प, निरंतरता और भारतीय खेल भविष्य की प्रेरक प्रतीक है।

इस समारोह में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, पुणे जिला कलेक्टर एवं रेस इंचार्ज जितेंद्र डूडी (आईएएस), सांसद मदन राठौड़, राजस्थान के खेल सचिव डॉ. नीरज के. पवन (आईएएस), साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन ओंकार सिंह तथा राजस्थान साइक्लिंग एसोसिएशन की सेलेक्शन कमेटी की चेयरपर्सन सरिका चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## बरेली में 10वीं यूपी स्टेट पैरा पावरलिफ्टिंग व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का शुभारम्भ

एजेंसी

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में पैरा स्पोर्ट्स को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 10वीं यूपी स्टेट पैरा पावरलिफ्टिंग और पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025-26 का भव्य शुभारम्भ बीएल एग्रो स्टेडियम में हुआ। उद्घाटन बरेली के मेयर उमेश गौतम ने किया। इस अवसर पर बीएल एग्रो के चेयरमैन घनश्याम खंडेलवाल, यूपी पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संरक्षक व बीएल एग्रो के एमडी आशीष खंडेलवाल तथा पैरालम्पिक कमेटी ऑफ इंडिया में पैरा पावरलिफ्टिंग के चेयरमैन जे.पी. सिंह मौजूद रहे। चैम्पियनशिप में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पैरा एथलीट्स पावरलिफ्टिंग और एथलेटिक्स की प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। कार्यक्रम में कई अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी मौजूद रहे, जिन्होंने युवा खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। इनमें ओलम्पियन साक्षी कसाना, पैरालम्पिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट प्रीति पाल और सिमरन शर्मा, वर्ल्ड चैम्पियन विनय, पैरा पावरलिफ्टिंग की मेडलिस्ट सुवर्णा राज और ज़ैनब खातून शामिल रहीं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के प्रयासों का भी उल्लेख किया। इस दौरान बीएल एग्रो के एमडी आशीष खंडेलवाल को यूपी



मेयर उमेश गौतम ने कहा कि पैरा एथलीट्स का जज्बा और संघर्ष प्रेरणादायक है। उन्होंने बीएल एग्रो ग्रुप द्वारा पैरा स्पोर्ट्स के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सीएसआर के माध्यम से खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग दिया जा रहा है। पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम में बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज की ओर से वर्ल्ड चैम्पियन विनय को 10 लाख रुपये और अरुणमोली अरुणागिरी को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# ऑस्ट्रेलिया ने जीती एशेज सीरीज, एडिलेड टेस्ट में इंग्लैंड को 82 रन से हराया

एजेंसी

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया ने एशेज 2025-26 जीत ली है। एडिलेड में खेले गए तीसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को पांचवें दिन दूसरे सेशन में 82 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 की अपराजेय बढ़त हासिल कर ली है। इंग्लैंड का एशेज जीतने का इंतजार कम-से-कम दो साल के लिए और बढ़ गया है। इंग्लैंड को टेस्ट जीतने के लिए 435 रन का लक्ष्य मिला था। इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही थी और टीम ने 31 रन पर ही 2 विकेट गंवा दिए थे। कप्तान बेन स्टोक्स सिर्फ 5 रन बनाकर आउट हुए। जो रूट 39 और हैरी ब्रूक 30 अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में सफल नहीं रहे। आखिर में जेमी स्मिथ 60, विल जैक्स 47, और ब्रायडन कार्स नाबाद 39 ने संघर्ष करने की कोशिश की, जो सफल नहीं रही। इंग्लैंड की पारी



352 रन पर सिमट गई। टीम को 82 रन से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टार्क, कप्तान पैट कमिंस और नाथन लायन ने 3-3 विकेट लिए। स्कॉट बोलैंड ने 1 विकेट लिया। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 371 रन बनाए थे। इंग्लैंड की पहली पारी 286 रन पर सिमट गई थी। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में ट्रेविस हेड के 170 रन की बदौलत 349 रन बनाए थे और पहली पारी में मिले 85 रन की बढ़त के आधार पर इंग्लैंड को जीत के लिए 435 रन का लक्ष्य दिया था। पहली पारी में 106 और दूसरी पारी में 72 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ में खेला गया पहला टेस्ट 8 विकेट से जीता था। वहीं ब्रिसबेन में खेले गए दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया 8 विकेट से विजयी रही थी। एडिलेड टेस्ट 82 रन से जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 की अपराजेय बढ़त बना ली है। सीरीज का चौथा टेस्ट मेलबर्न में 26 दिसंबर से और पांचवां टेस्ट 4 जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा।

## एचपीसीए चुनाव : विजय कुमार उपाध्यक्ष और मनुज बने सचिव

एजेंसी

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) के चुनावों में सर्वसम्मति से विजय कुमार को उपाध्यक्ष चुना गया है जबकि सचिव पद पर मनुज की ताजपोशी हुई है। हालांकि अभी तक एसोसिएशन के अध्यक्ष को लेकर किसी का नाम सामने नहीं लाया गया है। इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद पर विक्रम ठाकुर और संयुक्त सचिव के पद पर विशाल शर्मा को जिम्मेदारी मिली है। वहीं अपैक्स सदस्य के लिए शिवेंद्र सिंह, डॉ आरएस राणा और शालेन्द्र सिंह के नाम पर मुहर लगी है। इन सभी के नामों की सर्वसम्मति से घोषणा क्रिकेट स्टेडियम में एचपीसीए की आयोजित 20वीं आम वार्षिक सभा (एजीएम) में कई गई जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अमिताभ शर्मा ने की। बैठक में क्रिकेट और वित्तीय बजट पर विस्तृत चर्चा हुई और आने वाले वर्ष में क्रिकेट का हिमाचल में विस्तार हो और राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल टीम का प्रदर्शन उत्तम बने उसके लिए भी मंथन हुआ। बैठक में आगामी तीन वर्ष के लिए सर्वसम्मत से चुनी गई नई टीम की घोषणा की गई। इस दौरान बैठक में पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष अनुराग ठाकुर के नेतृत्व में एचपीसीए के गौरवमयी 25 वर्ष की यात्रा को एक समारोह के रूप में आयोजित करने का निर्णय किया गया। बैठक में भारत और दक्षिण-अफ्रीका के मैच का सफल आयोजन करने के लिए आयोजक टीम और बीसीसीआई को भी इस स्टेडियम में मैच देने के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान वीमेन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में हिमाचल से दो खिलाड़ियों के चयन पर बधाई दी गई। बैठक में निवर्तमान सचिव अवनीश परमार, पूर्व सचिव सुमीत शर्मा, निदेशक सुरिंदर ठाकुर, दानवेंदर, प्रेम ठाकुर, अरविन्द, संजय शर्मा, सदस्यों में कृपाल परमार, युधिष्ठर कटोच, सुरिंदर शर्मा, असीम अग्रवाल सहित मोहित सूद और अन्य सदस्यों ने हिस्सा लिया।

# ईस्ट बंगाल एफसी ने सैफ महिला क्लब चैंपियनशिप जीतकर रचा इतिहास

एजेंसी

**काठमांडू।** ईस्ट बंगाल एफसी ने पहली सैफ महिला क्लब चैंपियनशिप का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। इस टीम ने काठमांडू के दशरथ स्टेडियम में आयोजित फाइनल में नेपाल एपीएफ (आर्म्ड पुलिस फोर्सेज) को 3-0 से मात दी। इंडियन विमेंस लीग (आईडब्ल्यूएल) की चैंपियन टीम ने एक अजेय सीजन खत्म किया, जिसमें एक भी गोल नहीं खाया। युगांडा की स्ट्राइकर फजिला इक्वापुट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 गोल दागे। उन्होंने फाइनल मुकाबले के 21वें और 46वें मिनट में गोल किए। इसी के साथ टूर्नामेंट में उनके गोलों की संख्या 9 हो गई है। उनके अलावा, सिल्की देवी हेमम ने मैच के 35वें मिनट में गोल किया। इन तीन गोल के साथ ईस्ट बंगाल ने फाइनल मैच को पूरी तरह से नियंत्रित कर लिया। यहां



से नेपाल एपीएफ की टीम मुकाबले में वापसी नहीं कर सकी। दोनों टीमों ने सावधानी से शुरुआत की, लेकिन कुछ देर बाद ईस्ट बंगाल ने मजबूती दिखाते हुए मैच पर नियंत्रण कर लिया। फजिला इक्वापुट ने 21वें मिनट में टीम के लिए पहला गोल किया, इसके बाद हाफटाइम से ठीक पहले सिल्की देवी (35वें मिनट) ने ईस्ट बंगाल के लिए एक गोल किया, जिससे टीम के पास ब्रेक तक 2-0 की शानदार बढ़त हो गई। हाफटाइम के बाद, इक्वापुट ने फिर से गोल (46वें मिनट) किया और मैच अपने नाम कर लिया। तीन गोल की बढ़त बनाने के बाद ईस्ट बंगाल ने प्रोफेशनल तरीके से गेम को मैनेज किया और आखिरकार चैंपियनशिप जीत ली।

एंथोनी एंड्रयूज की कोचिंग में भारतीय टीम ग्रुप में पहले स्थान पर रहने के बाद फाइनल में पहुंची थी। ईस्ट बंगाल ने ग्रुप स्टेज की शुरुआत शानदार तरीके से की। इस टीम ने भूटान की ट्रांसपोर्ट यूनाइटेड को 4-0 से शिकस्त दी। अगले मैच में ईस्ट बंगाल ने पाकिस्तान की डिफेंडिंग चैंपियन कराची सिटी पर 2-0 से जीत हासिल की। ईस्ट बंगाल ने बांग्लादेश की नसरीन को 7-0 से मात दी, जिसमें फजिला इक्वापुट ने एक ही मैच में 5 दागे थे।

## बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स 2025 : सेमीफाइनल में थमे सत्विक-चिराग, चीनी जोड़ी से मिली हार

एजेंसी

**हांगझोउ।** एशियन गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता भारतीय पुरुष युगल बैडिंटन जोड़ी सत्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स 2025 के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। खेले गए मुकाबले में उन्हें चीन की मजबूत जोड़ी लियांग वेई केंग और वांग चांग ने तीन गेम तक चले संघर्षपूर्ण मैच में बाहर कर दिया।

भारतीय जोड़ी ने मुकाबले की शानदार शुरुआत की और पहला गेम आसानी से अपने नाम किया। हालांकि इसके बाद चीनी खिलाड़ियों ने लय हासिल करते हुए वापसी की और निर्णायक गेम में दबदबा बनाते हुए मैच जीत लिया। सत्विक-चिराग को अंततः 21-10, 17-21, 13-21 से पराजय झेलनी पड़ी, जिससे उनका फाइनल में पहुंचने का सपना अधूरा रह गया।

टूर्नामेंट में तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने ग्रुप चरण में दमदार



प्रदर्शन करते हुए ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल किया था। अपने पहले मुकाबले में उन्होंने इसी चीनी जोड़ी को हराया था, जबकि दूसरे मैच में इंडोनेशिया की जोड़ी पर जीत दर्ज की। ग्रुप स्टेज के आखिरी मुकाबले में भी सत्विक और चिराग ने मलेशियाई जोड़ी को मात देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

हालांकि सेमीफाइनल में वे उस प्रदर्शन को दोहरा नहीं सके और मजबूत संघर्ष के बावजूद खिताबी मुकाबले तक पहुंचने से चूक गए। इसके बावजूद, पूरे टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन भारत के लिए उत्साहजनक रहा।

## श्रीलंका के खिलाफ टी20आई सीरीज से पहले जेमिमाह रोड्रिग्स बोली : बढ़ी जिम्मेदारी, बढ़ीं उम्मीदें

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम विश्व कप जीतने के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय मैदान पर उतरने जा रही है और इससे पहले बल्लेबाज़ जेमिमाह रोड्रिग्स ने टीम की मानसिकता को लेकर अहम बात कही है। श्रीलंका के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की ञ्20द्ब सीरीज़ को लेकर जेमिमाह का मानना है कि खिताबी जीत के बाद टीम पर जिम्मेदारी कहीं ज्यादा बढ़ गई है। उन्होंने साफ कहा कि अब सिर्फ जीत का जश्न नहीं, बल्कि भविष्य की चुनौतियों के लिए खुद को लगातार बेहतर बनाना ही असली लक्ष्य है। जेमिमाह रोड्रिग्स के अनुसार, महिला विश्व कप जीत का असर सिर्फ मैदान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज और फैंस के बीच भी साफ दिख रहा है। उन्होंने कहा कि अब ज्यादा लोग महिला क्रिकेट को पहचान रहे हैं और इस खेल में दिलचस्पी ले रहे हैं। जेमिमाह ने इसे विश्व कप की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक बताया, क्योंकि इससे आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलेगी और महिला क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने का मौका मिलेगा। हालांकि टीम विश्व कप जीत पर गर्व महसूस कर रही है, लेकिन जेमिमाह ने साफ किया कि यह सफर की सिर्फ शुरुआत है। उन्होंने कहा कि अब टीम का फोकस आगे आने वाले बड़े टूर्नामेंट्स पर है, खासकर टी20 वर्ल्ड कप पर।

# चंडीगढ़ यूथ फुटबॉल लीग: दिवयुग की हैट्रिक ने दिलाई संधू एफसी को दिन की सबसे बड़ी जीत

एजेंसी

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ यूथ फुटबॉल लीग का स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स-46 में शानदार आगाज हो गया। अंडर-13 और अंडर-15 दो कैटेगरी में यहां फुटबॉलर खेल रहे हैं। 300 से ज्यादा युवा खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन 4 फुटबॉल पिचों पर जारी है। पहले दिन की सबसे बड़ी जीत संधू एफसी के नाम रही। बॉयज अंडर-13 में उन्होंने साईं बाबा एफसी को 10-0 से हराया। इस जीत के स्टार दिवयुग रहे, जिन्होंने हैट्रिक दागी। उन्होंने पहले मिनट में गोल करने के बाद 21वें, 29वें, 30वें मिनट में गोल किए। इसके अलावा संतोष, ओलिवर और अभिदास ने भी 2-2 करके टीम की जीत में योगदान दिया। हिमालयन एफसी ने भी लीग मैच में जीत दर्ज की और यूनाइटेड एफसी को 5-1 से हराया। जसकंवल, अंश, अर्जुन, तरन और प्रिंस ने विजेता टीम के लिए गोल किए। विपक्षी टीम की ओर से विवान ने एकमात्र गोल दागा।

अंडर-13 के अन्य मुकाबलों में ट्रिब्यून एफसी ने बनयन ट्री को



9-0 से हराया। रियांश ने 6 गोल इस जीत में किए, जबकि अक्षित ने 2 और अमृत ने 1 गोल किया। सैफ्रन एरो एफसी ने बुरैल एफसी को 4-0 से मात दी। किंडी, वैभव, हर्ष और दक्ष ने गोल कर जीत सुनिश्चित की। वहीं, रॉयल ग्रेटर एफसी को 3बीआरडी एफसी के हाथों 3-0 से हार मिली। आयुष ने हैट्रिक दागी। राजेश्वर एफसी को भी मैच गंवाना पड़ा और सेंट जॉन्स एफसी ने 3-1 से जीत दर्ज की। वीर और रोशन ने टीम के लिए गोल किए। विवेक एफसी ने ब्लू स्टार एफसी को 6-1 से हराया। हरशान ने हैट्रिक समेत 5 गोल किए। सेंट स्टीफन्स एफसी को वर्टेक्स एफसी के खिलाफ 2-0 से जीत मिली। इरांश और सिजॉयवंश ने गोल किए।

वहीं, अंडर-15 में हिमालयन एफसी बनाम बनयन ट्री एफसी मैच 1-1 से ड्रॉ रहा। अभय ने पहला गोल किया औरफिर अहम गिल ने स्कोर बराबर किया। बुरैल एफसी ने विवेक एफसी को 5-2 से मात दी। युगराज और आर्यमान ने दो-दो गोल दागे। तीसरे मैच में टीम उत्तराखंड एफसी को सेंट स्टीफन्स एफसी के हाथों 5-0 से हार का सामना करना पड़ा। बीर प्रताप ने दो गोल दागे, जबकि विहान, आरगुन और अंकेश ने 1-1 गोल किया।

सेंट जॉन्स एफसी ने पहले मैच में वेलोसिटी एफसी को 5-3 से मात दी। ये दिन का सबसे रोमांचक मैच रहा। सेंट जॉन्स के लिए लिंगुन, गणेश, सुवीर, हिमांशु और आर्यन ने गोल किए, जबकि वेलोसिटी एफसी के लिए अंश और हार्दिक ने संघर्षपूर्ण खेल दिखाया।

# विकसित 'भारत-जी राम जी' विधेयक बना कानून, राष्ट्रपति मुर्मू ने दी मंजूरी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति ने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी है। इस स्वीकृति के साथ यह विधेयक अब कानून बन गया है। इस कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को मिलने वाली वैधानिक मजदूरी रोजगार की गारंटी को बढ़ाकर अब एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 125 दिन कर दिया गया है। सरकार इसे ग्रामीण जीवन को मजबूत आधार देने वाला ऐतिहासिक कदम बता रही है। सरकार का कहना है कि वीबी-जी राम जी कानून लागू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की कानूनी गारंटी पहले से ज्यादा मजबूत हो जाएगी। बता दें, इस बिल पर देत रात तक संसद में चर्चा चली थी। इस मामले में विपक्ष का कहना था कि सरकार जानबूझकर मनरेगा का नाम बदल रही है, मनरेगा में महात्मा गांधी का भी नाम आता था, इसीलिए भाजपा इस नाम को हटाने के लिए सरकार ये बिल लाई। वहीं, सरकार का कहना था कि पहले की योजना में लोगों को 100 दिन का काम दिया जाता था। लेकिन अब इस कानून के तहत अब कम से कम 125 दिन काम देना आनिवार्य है। इस बहस के दौरान ही कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने भाजपा पर जमकर हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि जब भी कांग्रेस सत्ता में आएगी, तो वो इसका फिर नाम बदलेंगे। इन सब हंगामों के बीच इस बिल को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया था। हालांकि संसद में विपक्ष ने इस बिल का पुरजोर विरोध किया था। इतना ही नहीं, इसके बाद विपक्ष ने संविधान सदन के बाहर पूरी रात धरना भी दिया था। इस कानूनर के मुताबिक अब पात्र ग्रामीण परिवारों को साल में 125 दिन तक मजदूरी आधारित काम उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी होगी। इसका सीधा उद्देश्य गांवों में रहने वाले श्रमिकों, किसानों और भूमिहीन परिवारों की आय बढ़ाना और उन्हें आर्थिक सुरक्षा देना है। सरकार का कहना है कि इससे गांवों में गरीबी कम होगी और लोगों को अपने ही क्षेत्र में काम मिलेगा।



### सशक्तिकरण और समावेशी विकास पर जोर

सरकार का कहना है कि नए कानून का मकसद केवल रोजगार देना नहीं है, बल्कि ग्रामीण समाज का समग्र सशक्तिकरण करना भी है। वीबी-जी राम जी के तहत समावेशी विकास को प्राथमिकता दी गई है, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। सरकार का दावा है कि यह कानून महिलाओं, कमजोर वर्गों और जरूरतमंद परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायी मजबूती मिलेगी।

### विकास योजनाओं का होगा बेहतर समन्वय

इस कानून के जरिए अलग-अलग विकास योजनाओं के बीच बेहतर तालमेल बनाने पर जोर दिया गया है। सरकार चाहती है कि ग्रामीण इलाकों में चल रही योजनाएं एक-दूसरे से जुड़कर ज्यादा प्रभावी परिणाम दें। सड़कों, जल संरक्षण, सिंचाई, आवास और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कामों को रोजगार से जोड़कर गांवों की तस्वीर बदलने की योजना है। इससे विकास कार्यों में पारदर्शिता और गति दोनों बढ़ेंगी।


### कोई भी लाभ से न छूटे

वीबी-जी राम जी कानून में संतृप्ति आधारित डिलीवरी को खास महत्व दिया गया है। इसका मतलब यह है कि कोई भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे। सरकार का कहना है कि अंतिम व्यक्ति तक रोजगार और आजीविका का लाभ पहुंचाना इस कानून का मूल उद्देश्य है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में असमानता कम होगी और विकास का लाभ सभी तक पहुंचेगा। सरकार का मानना है कि यह कानून समृद्ध, मजबूत और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की नींव को और पुख्ता करेगा। रोजगार बढ़ने से गांवों में आय के साधन मजबूत होंगे और शहरों की ओर पलायन पर भी रोक लगेगी। वीबी-जी राम जी को ग्रामीण भारत के भविष्य के लिए निर्णायक कदम माना जा रहा है, जो लंबे समय तक देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा।

# 'सुरक्षित रहने के लिए एकजुट रहना होगा'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत इन दिनों पश्चिम बंगाल के चार दिवसीय दौरे पर हैं। रविवार को उत्तर बंगाल के कोलकाता पहुंचे भागवत ने साइंस सिटी सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने दुनियाभर में हिंदुओं के हालात खासकर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे आत्याचार को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक हैं और वहां हालात काफी कठिन हैं। ऐसे में अपनी सुरक्षा के लिए वहां के हिंदुओं को एकजुट रहना होगा। मोहन भागवत ने कहा कि सिर्फ बांग्लादेश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के हिंदुओं को उनकी मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम अपनी सीमाओं के भीतर रहकर जितनी मदद कर सकते हैं, उतनी करनी चाहिए और हम कर भी रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदुओं के लिए एकमात्र देश भारत है, इसलिए भारत सरकार को इस मुद्दे पर ध्यान देना चाहिए।



### संघ और भाजपा को लेकर क्या बोले आरएसएस प्रमुख?

भागवत ने आगे कहा कि अगर आप संघ को समझना चाहते हैं, तो तुलना करने से गलतफहमियां पैदा होंगी। अगर आप संघ को केवल एक अन्य सेवा संगठन मानते हैं, तो आप गलत होंगे। आरसएस प्रमुख ने कहा कि कई लोगों में 'संघ' को भाजपा के नजरिए से समझने की प्रवृत्ति होती है, जो एक बहुत बड़ी गलती है। संघ की स्थापना का सार एक ही वाक्य में है 'भारत माता की जय'। उन्होंने कहा कि भारत केवल एक देश नहीं, बल्कि अपनी खास संस्कृति, परंपरा और स्वभाव का नाम है। संघ का लक्ष्य इन मूल्यों को बनाए रखते हुए भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने के लिए समाज को तैयार करना है।

### हमें अपने समाज को मजबूत करना है: आरएसएस प्रमुख

अपने संबोधन में आरएसएस प्रमुख ने समाज को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि भारत एक महान विरासत वाला देश है और उसे वैश्विक नेतृत्व के लिए खुद को तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि अतीत में हम अंग्रेजों से युद्ध हार गए थे, लेकिन अब वक्त है कि हम अपने समाज को संगठित और सशक्त बनाएं। उनका पूरा भाषण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा, 'व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण' की सोच और एकजुट हिंदू समाज के साथ समृद्ध भारत के लक्ष्य पर केंद्रित रहा।

### 'संघ को समझाने के लिए इतिहास उदाहरण'

भागवत ने साफ किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का जन्म किसी राजनीतिक मकसद, प्रतिस्पर्धा या विरोध के लिए नहीं हुआ। उनका कहना था कि संघ पूरी तरह हिंदू समाज के संगठन, उन्नति और संरक्षण के लिए समर्पित है। संघ की भूमिका समझाने के लिए भागवत ने इतिहास का उदाहरण भी दिया। उन्होंने कहा कि सुभाष चंद्र बोस के निधन के बाद अंग्रेजों के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष भले ही थम गया, लेकिन राजा राम मोहन राय के समय से शुरू हुई समाज सुधार की प्रक्रिया लगातार चलती रही। उन्होंने इसे समुद्र के बीच एक ऐसे द्वीप की तरह बताया, जो समय के साथ मजबूती से कायम रहा।

# महंगा होगा रेल का सफर, 26 दिसंबर से बढ़ेगा किराया




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने रेल यात्रियों के लिए बड़ा एलान किया है। 26 दिसंबर 2025 से ट्रेनों के किराए में संशोधन लागू होने जा रहा है। इस फैसले का असर देशभर के करोड़ों यात्रियों पर पड़ेगा, हालांकि रेलवे ने छोटी दूरी की यात्रा करने वालों को राहत देते हुए 215 किलोमीटर तक के सफर पर किराया न बढ़ाने का फैसला किया है। दैनिक यात्रियों के हित में उपनगरीय ट्रेनों और मासिक सीजन टिकटों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। रेलवे का अनुमान है कि इस किराया समायोजन से उसे करीब 600 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होगी। रेलवे के मुताबिक, इस राशि का उपयोग परिचालन लागत को संभालने और यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने में किया जाएगा, जैसे स्टेशन सुविधाएं, कोचों का रखरखाव और सुरक्षा व्यवस्था। पिछले दस वर्षों में, रेलवे ने अपने नेटवर्क और ऑपरेशन को काफी बढ़ाया है और देश के दूर-दराज के कोनों तक भी पहुंच गया है।

### 215 किलोमीटर तक यात्रा पर कोई बढ़ोतरी नहीं

रेलवे के अनुसार, साधारण श्रेणी में 215 किलोमीटर तक की यात्रा पर कोई अतिरिक्त किराया नहीं लिया जाएगा। इससे रोजाना सफर करने वाले यात्रियों और छोटी दूरी के यात्रियों की जेब पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा। रेलवे का कहना है कि यह फैसला आम यात्रियों को ध्यान में रखकर लिया गया है।

### लंबी दूरी पर कितना बढ़ेगा किराया?

रेलवे ने स्पष्ट किया है कि 215 किलोमीटर से अधिक दूरी की यात्रा पर साधारण श्रेणी में 1 पैसा प्रति किलोमीटर, जबकि मेल/एक्सप्रेस और एसी श्रेणियों में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी। उदाहरण के तौर पर करीब 1000 किलोमीटर की दूरी में जन साधारण एक्सप्रेस (नॉन-एसी) से यात्रा करने पर करीब 10 रुपये अतिरिक्त देने होंगे। जबकि संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस, वंदे भारत और राजधानी जैसी प्रीमियम ट्रेनों में सफर करने पर यात्रियों को 20 रुपये अधिक चुकाने होंगे।

### इन ट्रेनों पर भी लागू होगा किराया

रेल मंत्रालय के मुताबिक, नया किराया संशोधन राजधानी, शताब्दी, दुरंतो, वंदे भारत, तेजस, हमसफर, अमृत भारत, महामना, गतिमान, अंत्योदय, जन शताब्दी, युवा एक्सप्रेस, एसी विस्टाडोम कोच, अनुभूति कोच और साधारण गैर-उपनगरीय सेवाओं जैसी प्रीमियर व विशेष ट्रेन सेवाओं पर भी लागू होगा।

### इस साल ये दूसरी बढ़ोतरी

भारतीय रेलवे की ओर से ट्रेन टिकट के दाम में ये इस साल की दूसरी बढ़ोतरी की गई है। इससे पहले जुलाई महीने की पहली तारीख को रेल किराया बढ़ाया गया था। 1 जुलाई से भारतीय रेलवे की ओर से रेल किराये में की गई बढ़ोतरी भी इतनी ही थी। मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के किराये में 1 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी, जबकि एसी ट्रेन से यात्रा करने पर 2 पैसे प्रति किलोमीटर के हिसाब से इजाफा किया गया था।

# यात्री से मारपीट का मामला: एअर इंडिया एक्सप्रेस का पायलट तत्काल प्रभाव से निलंबित, कारण बताओ नोटिस भी जारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एअर इंडिया एक्सप्रेस के एक ऑफ-ड्यूटी पायलट द्वारा यात्री के साथ मारपीट किए जाने के मामले ने नागरिक उड्डयन क्षेत्र को हिला दिया है। इस घटना के बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस ने पायलट के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह घटना शुक्रवार को दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर हुई। आरोपी पायलट वीरेंद्र सेजवाल उस समय किसी दूसरी एयरलाइन से यात्री के रूप में यात्रा कर रहा था। इसी दौरान उसका यात्री अंकित दीवान से विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। अंकित दीवान ने सोशल मीडिया पर अपनी आपबीती साझा करते हुए चेहरे पर खून के निशान वाली तस्वीर भी पोस्ट की। एअर इंडिया एक्सप्रेस ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए पायलट को तुरंत ड्यूटी से हटा दिया। एयरलाइन ने साफ कहा कि इस तरह के व्यवहार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पायलट को कारण बताओ नोटिस जारी कर उससे स्पष्टीकरण मांगा गया है। श्रम कानूनों के तहत कार्रवाई की जा रही है क्योंकि पायलट 'वर्कमैन' श्रेणी में आता है।



### बाहरी जांच समिति बनेगी

मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एअर इंडिया एक्सप्रेस अगले सप्ताह एक बाहरी जांच समिति गठित करेगी। यह समिति घटना के हर पहलू की जांच करेगी और उसी के आधार पर आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई तय की जाएगी। एयरलाइन अधिकारियों ने पीड़ित यात्री से भी संपर्क किया है और सहयोग का आश्वासन दिया है।

### सरकार ने भी लिया संज्ञान

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने भी इस घटना पर सख्त रुख अपनाया है। मंत्रालय ने पायलट को तत्काल ग्राउंड करने का निर्देश दिया और औपचारिक जांच के आदेश दिए हैं। बीसीएएस और सीआईएसएफ से विस्तृत रिपोर्ट तलब की गई है। मंत्रालय ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा और सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।


# सेक्युलर शब्द से नफरत करती है भाजपा संविधान से हटाने के लिए उतावली: स्टालिन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने आरोप लगाया है कि भाजपा सेक्युलर शब्द से नफरत करती है और इस शब्द को संविधान से हटाने के लिए उतावली है। स्टालिन ने ये आरोप लगाया कि भाजपा देश की विविधता को तबाह करना चाहती है। तिरुनेलवेली में एक क्रिसमस कार्यक्रम के दौरान सीएम स्टालिन ने 19वीं सदी में भारत आई एक ईसाई मिशनरी साराह टकर की तारीफ की। सीएम ने कहा कि साराह टकर ने दक्षिणी तमिलनाडु में महिलाओं की शिक्षा के लिए बहुत काम किया।

### अल्पसंख्यकों के लिए कई योजनाओं की दी जानकारी

सीएम स्टालिन ने कहा, साराह टकर कॉलेज जैसे संस्थानों ने दक्षिणी तमिलनाडु में महिलाओं को शिक्षित बनाने में अहम योगदान दिया। सीएम ने कहा कि सभी धर्म के लोगों को साथ मिलकर रहना चाहिए। उन्होंने कहा डीएमके की सरकार में अल्पसंख्यकों के कल्याण पर बहुत ध्यान दिया जाता है। डीएमके सरकार में अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिसमें उन्होंने ईसाई समुदाय के लिए किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी, जिसमें चर्चों के निर्माण और पुनर्उद्धार जैसे काम गिनाए। सीएम ने कहा कि उनकी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के हर धर्म के विकास के लिए काम किया।



# 'चौधरी चरण सिंह से प्रेरणा लेकर दिया गया 125 दिनों का रोजगार', जी राम जी बिल पर बोले शिवराज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

जी राम जी योजना पर केंद्र सरकार और विपक्ष के बीच रार गहराती हुई दिखाई दे रही है। कांग्रेस ने इसके विरोध में पूरे देश में आंदोलन और धरना-प्रदर्शन के माध्यम से लोगों के बीच जाने की तैयारी कर ली है। वहीं, केंद्र सरकार भी अपने मंत्रियों और भाजपा संगठन के माध्यम से जनता को इसकी खूबियां बताने की योजना बना रही है। इस बीच केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जी राम जी योजना के अंतर्गत किसानों-श्रमिकों को सौ से बढ़ाकर 125 दिनों का रोजगार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर करने में मदद मिलेगी। भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की स्मृति में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज जो एनडीए सरकार केंद्र में शासन कर रही है, उसके विचारों की नींव चौधरी चरण सिंह ने ही रखी थी।



उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह के आदर्शों को ध्यान में रखते हुए ही श्रमिकों की कार्य योजना को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन किया गया है जिससे उनका कल्याण हो सके।

### किसानों-श्रमिकों का जीवन बदलेगा ये बिल

शिवराज सिंह ने कहा कि इससे किसानों-श्रमिकों का जीवन बदलेगा और इससे इससे गाँव की तस्वीर बदलने वाले काम होंगे। हमने किसानों की आवाज सुनकर ही खेती के सीजन में इस योजना को बंद रखने का निर्णय लिया है और अब जाकर ये योजना मजदूरों एवं किसान दोनों के कल्याण के लायक बनी है।

# पीएम मोदी के घुसपैठिए वाले बयान पर कांग्रेस का पलटवार, कहा, नाकामी छिपाने के लिए विपक्ष पर मढ़ रहे दोष

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने घुसपैठियों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर पलटवार किया है। खरगे ने कहा कि केंद्र और असम दोनों जगह भाजपा की सरकारें हैं, जिसे वे खुद डबल इंजन सरकार कहते हैं। ऐसे में यदि सुरक्षा व्यवस्था में विफलता है तो उसकी जिम्मेदारी विपक्ष पर कैसे डाली जा सकती है? दरअसल पीएम मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा था कि कांग्रेस राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में लिप्त है। वह अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को असम में बसाने की कोशिश कर रही है। असम दौरे पर पीएम मोदी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, केंद्र में उनकी सरकार है और असम में भी उनकी सरकार है, जिसे वे डबल-इंजन सरकार कहते हैं। अगर वे सुरक्षा देने में असफल हो जाते हैं, तो वे विपक्षी पार्टियों पर आरोप कैसे लगा सकते हैं? जब सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाने में असफल रहती है, तो सारा दोष विपक्ष पर मढ़ देती है। मैं ऐसे बयान की कड़ी निंदा करता हूं।

# महाराष्ट्र निकाय चुनाव: लातूर की सभी सीटों पर महायुति का कब्जा, चार पर भाजपा का कब्जा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र के लातूर जिले में नगर परिषद और नगर पंचायत चुनावों के नतीजों में भाजपा का दबदबा देखने को मिला है। जिले की पांच स्थानीय निकायों में से चार में भाजपा ने अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की है, जबकि एक सीट पर उसकी महायुति सहयोगी एनसीपी को सफलता मिली है। अधिकारियों के अनुसार, भाजपा ने उदगीर, अहमदपुर, निलंगा और रेणापुर नगर निकायों में अध्यक्ष पद जीता है। वहीं, उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने औसा नगर परिषद में अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया।

### नगर परिषद में कौन जीता?

उदगीर नगर परिषद में भाजपा की स्वाति सचिन हुडे ने कांग्रेस प्रत्याशी खादरी अंजुम फातिमा सैयद अब्दुल्ला को हराया। अहमदपुर में भाजपा के स्वप्निल महारुद्र व्हाट्टे ने एनसीपी के अभय बलवंत मिरकले को पराजित किया। निलंगा में भाजपा के प्रमोद संजयराज हलगरकर विजयी रहे, जबकि कांग्रेस के शेख हामिद इब्राहिम दूसरे स्थान पर रहे। इसी तरह रेणापुर में भाजपा की शोभा श्यामराव अकांगिरे ने कांग्रेस की अर्चना प्रदीप माने को हराकर अध्यक्ष पद जीता। औसा में एनसीपी की शेख परवीन नवाबोद्दीन ने जीत दर्ज कर भाजपा के एकाधिकार को चुनौती दी।

### बीड की सभी सीटों पर एनसीपी का कब्जा

बीड नगर परिषद में पार्टी की प्रेमलता परवे की जीत के साथ एनसीपी ने बीड में अपना गढ़ बरकरार रखा। बीड नगर पालिका में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा है।

### मालेगांव नगर पंचायत चुनाव में शिवसेना ने मारी बाजी

महाराष्ट्र के वाशिम जिले में मालेगांव नगर पंचायत चुनाव में शिवसेना को अहम सफलता मिली है। शिवसेना उम्मीदवार ओम प्रकाश खुर्सडे ने चुनाव जीतकर नगर पंचायत पर कब्जा जमाया। जीत के बाद खुर्सडे ने इसे पूरी तरह जनता की जीत बताते हुए कहा कि लोगों के आशीर्वाद और समर्थन के बिना यह संभव नहीं था। ओम प्रकाश खुर्सडे ने कहा कि चुनाव से पहले पार्टी प्रमुख और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मालेगांव आए थे और उन्होंने यहां बैठक कर कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया था। उनका दौरा इस जीत में बेहद अहम साबित हुआ। खुर्सडे ने कहा कि यह जीत नेताओं से ज्यादा आम जनता की है, जिन्होंने भरोसा जताया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी और जनता से किए गए सभी वादों को पूरा करने की पूरी कोशिश की जाएगी। शिवसेना की इस जीत से क्षेत्र में पार्टी का राजनीतिक आधार और मजबूत हुआ है।

### दौंड नगर परिषद चुनाव में एनसीपी की दुर्गादेवी जगदाले की बड़ी जीत

अजित पवार की एनसीपी की उम्मीदवार दुर्गादेवी इंद्रजीत जगदाले ने दौंड नगर परिषद के महापौर चुनाव में बड़ी जीत दर्ज की है। उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी मोनाली वीर को 4,891 मतों के अंतर से हराया। इस जीत के साथ दौंड नगर परिषद में एनसीपी का दबदबा और मजबूत हुआ है। चुनाव नतीजों के बाद दुर्गादेवी जगदाले ने कहा कि यह जीत उन सभी लोगों की है, जिन्होंने उन पर भरोसा जताया और सेवा करने का मौका दिया। उन्होंने कहा कि वह जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने और चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगी। जगदाले की जीत को स्थानीय राजनीति में अहम माना जा रहा है। समर्थकों ने परिणाम आते ही जश्न मनाया। पार्टी नेताओं ने इसे विकास और जनहित की राजनीति की जीत बताया।

# रक्षा सौदों में रिश्वतखोरी का खुलासा, सेना के अधिकारी समेत दो गिरफ्तार, करोड़ों की नकदी भी बरामद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षा सौदों में भ्रष्टाचार के एक गंभीर मामले में रक्षा मंत्रालय ने एक बड़ी कार्रवाई की है। इसके तहत में सेना के एक अधिकारी और एक निजी व्यक्ति की गिरफ्तारी किया गया है। इस कार्रवाई के बाद रक्षा मंत्रालय ने भ्रष्टाचार के खिलाफ केंद्र सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति पर जोर दिया। मंत्रालय ने बयान जारी कर बताया कि सरकार की नीति भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की है। जांच में करोड़ों रुपये नकद बरामद हुए हैं और मामले में कई अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच चल रही है। शनिवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा और एक निजी व्यक्ति विनोद कुमार को गिरफ्तार किया। लेफ्टिनेंट कर्नल शर्मा उस समय रक्षा मंत्रालय के डिफेंस प्रोडक्शन विभाग में डिप्टी प्लानिंग ऑफिसर के पद पर तैनात थे।



### समझिए क्या है पूरा मामला?

मामले में सीबीआई के अनुसार, यह मामला रिश्वत लेने और आपराधिक साजिश से जुड़ा है। आरोप है कि लेफ्टिनेंट कर्नल शर्मा निजी रक्षा कंपनियों से रिश्वत लेकर उन्हें सरकारी मंजूरियों और अन्य फायदे दिलाने में मदद कर रहे थे। सीबीआई ने बताया कि शर्मा का संपर्क एक दुबई की रक्षा कंपनी से था। इस कंपनी के भारतीय कामकाज को संभाल रहे राजीव यादव और रवजीत सिंह से उनकी लगातार बातचीत होती थी। ये दोनों बंगलूरू में रहते हैं।

### पत्नी का नाम भी एफआईआर में

इस मामले में लेफ्टिनेंट कर्नल शर्मा की पत्नी कर्नल काजल बाली का नाम भी एफआईआर में दर्ज किया गया है। वह इस समय राजस्थान के श्रीगंगानगर में 16 इन्फैंट्री डिवीजन ऑर्डनेंस यूनिट की कमांडिंग ऑफिसर के पद पर तैनात हैं। इसके अलावा कुछ अन्य अज्ञात लोगों और एक दुबई की कंपनी को भी आरोपी बनाया गया है।

### रिश्वत की रकम और बरामदगी

सीबीआई के अनुसार, 18 दिसंबर 2025 को विनोद कुमार ने कंपनी की ओर से 3 लाख रुपये की रिश्वत लेफ्टिनेंट कर्नल शर्मा को दी। जांच के दौरान दिल्ली में शर्मा के घर से 2.23 करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए। उनकी पत्नी के श्रीगंगानगर स्थित घर से 10 लाख रुपये नकद मिले।

### कई जगहों पर मारी थी छापेमारी

गौरतलब है कि सीबीआई ने इस मामले में दिल्ली, श्रीगंगानगर, बंगलूरू और जम्मू में कई जगहों पर छापे मारे। नई दिल्ली में शर्मा के दफ्तर की तलाशी अभी जारी है। दोनों आरोपियों को शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 23 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। सीबीआई ने कहा है कि मामले की जांच अभी जारी है और आगे और भी अहम खुलासे हो सकते हैं।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों को लेकर भारत ने जताई चिंता

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत में बांग्लादेश उच्चायोग के सामने कथित प्रदर्शन को लेकर विदेश मंत्रालय ने स्थिति स्पष्ट की है। मंत्रालय ने बांग्लादेश के कुछ मीडिया संस्थानों पर भ्रामक प्रचार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि 20 दिसंबर को नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर कोई सुरक्षा संकट नहीं पैदा हुआ था। जायसवाल ने मीडिया के सवालों के जवाब में बताया कि 20 दिसंबर 2025 को करीब 20-25 युवाओं का एक छोटा समूह बांग्लादेश हाई कमीशन के सामने एकत्र हुआ था। ये लोग बांग्लादेश के मयमनसिंह में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की नृशंस हत्या के विरोध में नारेबाजी कर रहे थे और साथ ही बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की मांग उठा रहे थे। रणधीर जायसवाल ने कहा इस दौरान न तो किसी तरह की बैरिकेड तोड़ने की कोशिश हुई और न ही कोई सुरक्षा स्थिति बनी।